

दिनहाटा और शीतलकुची के लोगों की बढ़ने लगीं धड़कनें - 12



विपक्ष का उद्योगों को राहत देने का आरोप सरकार बोली- हमें आम लोगों की चिंता - 12



रैपर से नेता बने 'बालेन' ने नेपाल के 47वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली - 13



आरसीबी की नजर खिताब बचाने पर सीएसके, केकेआर व मुंबई भी दावेदार - 14


आज का मौसम

33.0° अधिकतम तापमान

21.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06.04 सूर्यास्त 06.24


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| कानपुर |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र शुक्ल पक्ष दशमी 08:46 उपरांत एकादशी विक्रम संवत 2083

शनिवार, 28 मार्च 2026, वर्ष 4, अंक 216, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 5 रुपये


सूर्यतिलक




**अयोध्या :** राममंदिर में शुक्रवार दोपहर 12 बजे रामलला के ललाट (मस्तक) पर तिलक करतीं भगवान सूर्य की किरणें और प्राकट्य आरती करते पुजारी। लाइव प्रसारण के माध्यम से राम लला का प्राकट्य और दर्शन के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत देश, विदेश में बैठे करोड़ों लोग भी साक्षी बने। ● अमृत विचार

## सरकार ने पेट्रोल-डीजल पर उत्पाद शुल्क 10-10 रुपये घटाया

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने पेट्रोल, डीजल पर उत्पाद शुल्क में 10-10 रुपये प्रति लीटर की कटौती की है। इस कदम से पश्चिम एशिया संकट के कारण कच्चे तेल की बढ़ी वैश्विक कीमतों से घरेलू उपभोक्ताओं को राहत दी गई है।

साथ ही सरकार ने डीजल और विमान ईंधन (एटीएफ) के निर्यात पर शुल्क लगा दिया है। सरकार ने डीजल के निर्यात पर 21.5 रुपये प्रति लीटर और विमान ईंधन पर 29.5 रुपये प्रति लीटर का निर्यात शुल्क लगाया है। पेट्रोल पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क 13 रुपये प्रति लीटर से घटाकर तीन रुपये कर दिया गया है, जबकि डीजल पर इसे 10 रुपये से घटाकर शून्य कर दिया गया है। इससे सरकारी खजाने पर सालाना 1.75 लाख करोड़ रुपये का राजस्व बोझ पड़ने का अनुमान है। रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद रिफाइनरी कंपनियों के अप्रत्याशित लाभ (विंडफॉल टैक्स) पर लगाम लगाने के लिए जुलाई 2022 में पहली बार यह कर लगाया गया था। अप्रत्याशित मुनाफा उस अतिरिक्त लाभ को कहते हैं जो कंपनियों को बिना किसी निवेश या प्रयास के केवल वैश्विक परिस्थितियों के कारण अचानक मिलता है। इस कर को दिसंबर 2024 में हटा लिया गया था, जिसे अब दोबारा लागू किया गया है। हालांकि, पिछली बार के विपरीत ओएनजीसी जैसी घरेलू कच्चा तेल उत्पादक कंपनियों पर कोई अप्रत्याशित लाभ कर नहीं लगाया गया है।




- पेट्रोल 13 रुपये से घटाकर तीन और डीजल पर इसे 10 रुपये से घटाकर शून्य किया
- प. एशिया संकट के कारण कच्चे तेल की बढ़ी वैश्विक कीमतों से घरेलू उपभोक्ताओं को दी राहत
- सरकारी खजाने पर सालाना 1.75 लाख करोड़ रुपये का राजस्व बोझ पड़ने का अनुमान
- डीजल के निर्यात पर 21.5 रुपये और विमान ईंधन पर 29.5 रुपये प्रति लीटर का निर्यात शुल्क लगाया

### पेट्रोल पर 26, डीजल पर 81.90 रुपये प्रति लीटर का घाटा

बाजार के 90 प्रतिशत हिस्से पर नियंत्रण रखने वाली सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों ने अभी कीमतों को स्थिर रखा है। दिल्ली में पेट्रोल 94.77 रुपये और डीजल 87.67 रुपये प्रति लीटर पर बना हुआ है। पेट्रोलियम मंत्रालय के अनुसार, अंतर्राष्ट्रीय कच्चे तेल की मौजूदा कीमतों पर तेल विपणन कंपनियों को पेट्रोल पर लगभग 26 रुपये प्रति लीटर और डीजल पर 81.90 रुपये प्रति लीटर का घाटा हो रहा है। कंपनियों का कुल दैनिक घाटा लगभग 2,400 करोड़ रुपये है। पेट्रोलियम मंत्री ने कहा कि दक्षिण-पूर्वी एशियाई देशों में कीमतों में लगभग 30 से 50% तक की वृद्धि हुई है।

### जरूरत का 88 प्रतिशत आयात करता करता है भारत

भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरतों का 88 प्रतिशत आयात करता है, जिसकी अधिकांश आपूर्ति होर्मुज के रास्ते होती है, जो वर्तमान में बाधित है। तनाव का पहला संकेत तब मिला जब देश के सबसे बड़े निजी खुदरा ईंधन विक्रेता नायरा एनर्जी पेट्रोल की कीमतों में 5 और डीजल में 3 रुपये प्रति लीटर की वृद्धि कर दी। नायरा के पंप पर अब पेट्रोल 100.71 और डीजल 91.31 रुपये लीटर है।

ब्रीफ न्यूज

### हवाई अड्डे पर आठ करोड़ से अधिक का मादक पदार्थ जब्त

**पणजी।** गोवा सीमा शुल्क ने मनोहर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आठ करोड़ रुपये से अधिक मूल्य का 23.8 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक गांजा जब्त करके पांच यात्रियों को गिरफ्तार किया। सीमा शुल्क आयुक्त सुनील बी देशमुख ने बताया कि हवाई खुफिया इकाई ने बुधवार को बैंकॉक (थाईलैंड) और अबू धाबी से मस्कट होते हुए आए यात्रियों को रोका। यात्रियों के सामान में खाद्य पैकेट्स के भीतर छिपाकर रखे गए 23.8 किलोग्राम मादक पदार्थ को जब्त किया गया। जांच के बाद यह पदार्थ हाइड्रोपोनिक गांजा पाया गया।

### बिना अनुमति प्रवेश करने पर दो विदेशियों को हिरासत में लिया

**आइजोल।** रूस और स्लोवाक गणराज्य के दो व्यक्तियों को मिजोरम में अलग-अलग स्थानों पर अनिवार्य संरक्षित क्षेत्र परमिट (पीएपी) के बिना राज्य में प्रवेश करने के आरोप में हिरासत में लिया गया है। स्लोवाकियाई व्यक्ति को शुक्रवार को उसके देश वापस भेज दिया गया और रूसी नागरिक के संबंध में भी इसी तरह का कदम उठाया जाएगा। दक्षिण मिजोरम के सियाहा जिले में 58 वर्षीय स्लोवाक नागरिक को 24 मार्च को असम राइफल्स द्वारा भारत-म्यांमा सीमा के निकट एक स्थान से हिरासत में लिया गया था। अगले दिन त्रिपुरा सीमा के निकट मामित जिले में बीएसएफ ने रूसी नागरिक को उस समय रोका जब वह मिजोरम में प्रवेश करने की कोशिश कर रहा था।

### वैष्णो देवी मंदिर में तीन लाख श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

**जम्मू।** जम्मू और कश्मीर के रियासी जिले के कटरा शहर में स्थित श्री माता वैष्णो देवी मंदिर में नौ दिनों तक चले नवरात्रों के दौरान तीन लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड (एसएमवीडीएसबी) के एक अधिकारी ने बताया कि नवरात्रों के दौरान श्रद्धालुओं की ओर से जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।

## संसद में आम बजट मंजूर, भारत में लॉकडाउन की गुंजाइश नहीं

### वित्त मंत्री सीतारमण बोलीं- गलतफहमी नहीं फैलाई जानी चाहिए

नई दिल्ली, एजेंसी

संसद ने शुक्रवार को आम बजट 2026-27 को मंजूरी दे दी। वहीं, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पश्चिम एशिया संघर्ष को लेकर कच्चे तेल के अंतर्राष्ट्रीय मूल्य आसमान छूने के मद्देनजर दो-टूक शब्दों में कहा कि भारत में लॉकडाउन की कोई गुंजाइश नहीं है तथा इसे लेकर गलतफहमी नहीं फैलायी जानी चाहिए। राज्यसभा ने वित्त मंत्री के जवाब के बाद वित्त विधेयक 2026-27 को ध्वनिमत से लौटा दिया। इसी के साथ उच्च सदन ने अनुदान की अनुपूरक मांगों और उससे जुड़े विनियोग विधेयक को भी ध्वनिमत से लौटा दिया। लोकसभा पहले ही मंजूरी दे चुकी है।

राज्यसभा में वित्त मंत्री ने वित्त विधेयक और विनियोग विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि देश को विकसित बनाने और 140 करोड़ भारतीय नागरिकों की अकांक्षाओं को पूरा करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। चर्चा के दौरान कुछ सदस्यों ने यह प्रश्न किया था कि पेट्रोल एवं डीजल पर उत्पाद कर घटाए जाने के बाद सरकार 2026 वित्त वर्ष में 4.3 प्रतिशत के राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को कैसे हासिल करेगी? इसका जवाब देते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार के कुल राजस्व में उत्पाद शुल्क से होने वाले राजस्व का योगदान करीब 10 प्रतिशत होता है। सीतारमण ने कहा कि अतिरिक्त साधनों को जुटाना, विकास को बढ़ावा देने वाले व्यय को प्राथमिकता देना, कल्याणकारी व्यय को बेहतर तरीके से लक्षित करना तथा राजकोषीय कामकाज में अधिक पारदर्शिता रखना, सरकार की महत्वपूर्ण पहचान रहे हैं।



राज्यसभा में भाषण देतीं सीतारमण।

### मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक में मोदी बोले- टीम इंडिया जैसी भावना जरूरी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को चुनावी राज्यों को छोड़कर बाकी सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक कर पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के मद्देनजर तैयारियों और योजनाओं की समीक्षा की। डिजिटल माध्यम से आयोजित इस बैठक का उद्देश्य 'टीम इंडिया' की भावना के तहत समन्वय सुनिश्चित करना था। पश्चिम एशिया संघर्ष पर पहली बार उन्होंने मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक की। इस संबंध में एक सूत्र ने कहा, प्रधानमंत्री ने बैठक में चुनावी राज्यों के मुख्यमंत्री आचार संहिता लागू होने के कारण इस बैठक में शामिल नहीं हुए। कैबिनेट सचिवालय तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, असम, केरल और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी के मुख्य सचिवों के साथ अलग से बैठक करेगा। बैठक में एन. चंद्रबाबू नायडू (आंध्र प्रदेश), योगी आदित्यनाथ (उप्र), रेवंत रेड्डी (तेलंगाना), भगवंत मान (पंजाब), भूपेंद्र पटेल (गुजरात), उमर अब्दुल्ला (जम्मू-कश्मीर), सुखविंदर सिंह सुक्खू (हिप्र), पेमा खांडू (अरुणाचल प्रदेश) और अन्य मुख्यमंत्री शामिल थे।



- पश्चिम एशिया संकट पर डिजिटल माध्यम से प्रधानमंत्री ने किया संबोधित

## ट्रंप ने होर्मुज खोलने की समय सीमा 6 अप्रैल की, इजराइल कर रहा बमबारी

- ईरान ने अपनी टीमों को शत्रु देशों की यात्रा करने से किया प्रतिबंधित
- इजराइली रक्षा मंत्री काट्ज बोले- ईरान पर हमले तेज और व्यापक किए जाएंगे

दुबई (यूएई), एजेंसी

इजराइल ने शुक्रवार को ईरान पर नए सिरे से हमले शुरू किए जबकि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने दावा किया कि युद्ध खत्म करने के लिए सार्थक बातचीत जारी है। ट्रंप ने होर्मुज खोलने के लिए ईरान को दी गई समयसीमा बढ़ाकर 6 अप्रैल कर दी है, हालांकि ईरान के झुकने के कोई संकेत नहीं मिले हैं। वहीं, ईरान ने अपनी खेल टीमों को शत्रु देशों की यात्रा करने से प्रतिबंधित किया है।

इजराइल की सेना ने कहा कि शुक्रवार को तेहरान में हमले करते हुए बैलिस्टिक मिसाइल और अन्य हथियार बनाने के ठिकानों को निशाना बनाया गया। सेना ने कहा कि इसके अलावा पश्चिमी ईरान में मिसाइल लॉन्चर और भंडारण स्थलों पर भी हमले किए गए। इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने कहा कि ईरान पर हमले और तेज होंगे तथा इनका दायरा फैलेगा। काट्ज ने एक बयान में कहा कि उन्होंने और प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरानी आतंकवादी शासन को चेतावनी दी थी कि वह इजराइल की नागरिक आबादी पर मिसाइल नहीं दागे। कहा, चेतावनियों के बावजूद मिसाइल हमले हो रहे हैं, इसलिए ईरान पर हमले बढ़ेंगे और हथियार बनाने व चलाने के लिए इस्तेमाल होने वाले क्षेत्रों पर भी हमले होंगे। वहीं, खाड़ी देशों पर ईरान के मिसाइल और ड्रोन हमले जारी रहे, जिसकी वजह से बहरीन, कतर और यूएई में अलर्ट जारी किया गया।



तेहरान में बचाव कार्य में जुटे कर्मी।

### जी7 की बैठक में ईरान युद्ध पर चर्चा हुई, उभरे मतभेद

वॉक्स-डे-सेर्ने (फ्रांस)। फ्रांस में शुक्रवार को जी7 विदेश मंत्रियों की बैठक हुई जिसमें पश्चिम एशिया के संघर्ष और रूस तथा यूक्रेन के बीच जारी युद्ध पर चर्चा की गई। इस बैठक में ईरान के साथ अमेरिका-इजराइल युद्ध को लेकर गहरे मतभेद स्पष्ट रूप से सामने आए। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बार-बार की गई शिकायतों के बाद ये मतभेद सामने आए हैं, जिसमें उन्होंने कहा है कि अमेरिका के सहयोगियों ने ईरान की जवाबी कार्रवाई का सामना करने में मदद के अनुरोध को नजरअंदाज या अस्वीकार कर दिया है। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो, जी7 देशों के अपने समकक्षों के साथ इस बैठक में शामिल हुए। ब्रिटेन की विदेश मंत्री यवेट कूपर ने पश्चिम एशिया में जारी युद्ध का शीघ्र समाधान करने और होर्मुज को फिर से खोलने का आह्वान किया है।

## बाजार में हाहाकार, सेंसेक्स 1,690 अंक टूटा

मुंबई, एजेंसी

स्थानीय शेयर बाजारों में शुक्रवार को दो दिन की तेजी थम गई और बीएसई सेंसेक्स 1,690 अंक लुढ़क गया जबकि एनएसई निफ्टी में 487 अंक की गिरावट आई। वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख और पश्चिम एशिया में संघर्ष में कमी आने के संकेत के अभाव में बाजार में गिरावट आई।

कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर रहने, रुपये में गिरावट और विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार बिकवाली ने भी बाजार की धारणा को कमजोर किया। सेंसेक्स 1,690.23 अंक यानी 2.25% गिरकर 73,583.22 पर बंद हुआ। निवेशकों को 8.86 लाख करोड़ का नुकसान हुआ।

- वैश्विक अनिश्चितताओं, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों का असर, निफ्टी भी 487 अंक टूटा



### रुपया 89 पैसे टूटा सबसे निचले स्तर 94.85 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में डॉलर के मुकाबले रुपया शुक्रवार को 89 पैसे लुढ़ककर 94.85 प्रति डॉलर के अब तक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और वृहद आर्थिक परिदृश्य पर इसके दुष्प्रभाव की आशंका से घरेलू मुद्रा पर दबाव बना हुआ है।

### प्रधानमंत्री मोदी आज करेंगे नोएडा हवाई अड्डे का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को कहा, नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा वाणिज्य और संपर्क को बढ़ावा देगा तथा दिल्ली के आईजीआई हवाई अड्डे पर भीड़भाड़ कम करेगा। प्रधानमंत्री ने हवाई अड्डे के उद्घाटन से एक दिन पहले कहा कि नोएडा हवाई अड्डा देश की प्रमुख नई परियोजनाओं में से एक है। मोदी शनिवार को गौतम बुद्ध नगर जिले में नवनिर्मित नोएडा हवाई अड्डे का उद्घाटन करेंगे जिसे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लिए एक प्रमुख प्रवेश द्वार के रूप में परिकल्पित किया गया है।




## कौशांबी में पिकअप की ट्रेलर से टक्कर, 8 की मौत, 17 घायल

**कौशांबी, एजेंसी।** जिले में शुक्रवार को श्रद्धालुओं को ले जा रहे पिकअप वाहन के राष्ट्रीय राजमार्ग पर खड़े एक ट्रेलर ट्रक से टकरा जाने के कारण पांच महिलाओं और तीन बच्चों समेत आठ लोगों की मौत हो गई। हादसा सैनी थाना क्षेत्र के डोरमा पेट्रोल पंप के पास शाम चार बजे हुआ। मुख्यमंत्री योगी ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए मृतकों के स्वजन को दो-दो लाख देने की घोषणा की।

पिकअप वाहन प्रयागराज से फतेहपुर जा रहा था और सड़के किनारे खड़े ट्रेलर से टकरा गया। मृतकों की पहचान फतेहपुर जिले के जहानाबाद-बिंदकी क्षेत्र के निवासियों के रूप में हुई है। वे मां शीतला के मंदिर कड़ा धाम में दर्शन करके लौट रहे थे। इससे पहले, वे एक बच्चे के मुंडन संस्कार में शामिल होने प्रयागराज गए थे।

पुलिस के अनुसार, हादसे के समय पिकअप वाहन में महिलाओं और बच्चों समेत करीब दो दर्जन श्रद्धालु सवार थे। स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और अधिकारियों को सूचित किया।

- मृतकों में पांच महिलाए और तीन बच्चे शामिल मुख्यमंत्री योगी ने घटना पर जताया दुख

## 858 करोड़ के दो रक्षा समझौतों पर मुहर

नई दिल्ली, एजेंसी

रक्षा मंत्रालय ने भारतीय सेना के लिए वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली की खरीद के संबंध में रूस की कंपनी रोसोबोरोनएक्सपोर्ट के साथ 445 करोड़ रुपये के अनुबंध पर शुक्रवार को हस्ताक्षर किए। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, भारतीय नौसेना के पी8आई 'लॉन्ग-रेंज मैरीटाइम रिकोनिसेंस' विमान के रखरखाव के लिए बोइंग इंडिया डिफेंस प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक अलग अनुबंध किया गया है।

मंत्रालय ने बताया, भारतीय सेना के लिए 445 करोड़ रुपये मूल्य की तुंगुस्का वायु रक्षा मिसाइल प्रणालियों की खरीद को लेकर रूस की जेएससी रोसोबोरोनएक्सपोर्ट के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए। मंत्रालय ने कहा, ये अत्याधुनिक मिसाइलें विमानों, ड्रोन और क्रूज मिसाइलों सहित हवाई खतरों के खिलाफ भारत की बहुस्तरीय हवाई रक्षा क्षमताओं को बढ़ाएंगी। यह समझौता भारत-रूस रणनीतिक रक्षा साझेदारी को और मजबूत करेगा। बयान में कहा गया कि 100 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री के साथ ''बाय इंडियन'' श्रेणी के तहत पी-8आई विमानों के निरीक्षण के लिए किया गया अनुबंध, एमआरओ सुविधा पर बेड़े के डिपो-स्तरीय रखरखाव को सुनिश्चित करेगा।



- भारत की बढ़ेगी सैन्य ताकत, रूस से खरीदी जाएगी तुंगुस्का वायु रक्षा मिसाइल

### एस-400 मिसाइलें व परिवहन विमान पर जोर

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को एस-400 मिसाइलों और परिवहन विमान सहित 2.38 लाख करोड़ रुपये के हथियारों और सैन्य उपकरणों की खरीद को मंजूरी दे दी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली रक्षा खरीद परिषद (डीएसी) ने इन प्रस्तावों को मंजूरी दी। मंत्रालय ने कहा कि भारतीय वायुसेना के लिए मध्यम परिवहन विमान, सतह से हवा में मार करने वाली लंबी दूरी की एस-400 मिसाइल प्रणाली, ड्रोन की खरीद और एसयू-30 एयरो इंजन की मरम्मत के प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। एस-400 प्रणाली महत्वपूर्ण क्षेत्रों को निशाना बनाने वाले दुश्मन के लंबी दूरी के हवाई हमलों का मुकाबला करेगी।

जनता दर्शन

कहा- गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं, दोषियों पर हो सख्त कार्रवाई, सीएम ने 200 फरियादियों की सुनीं समस्याएं

## वादी को धमकाने वालों की निरस्त कराएं जमानत : मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गोरखपुर

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दबंगई और कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर सख्त रुख अपनाते हुए पुलिस अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि यदि कोई आरोपी जमानत पर छूटने के बाद वादी को धमकाता है, तो उसकी जमानत निरस्त कराने की कार्रवाई की जाए।

गोरखनाथ मंदिर परिसर में शुक्रवार को आयोजित जनता दर्शन के दौरान विभिन्न जिलों से पहुंचे लोगों की शिकायतें सुनते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में गुंडागर्दी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि ऐसे तत्वों के खिलाफ तत्काल कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए सहायता मांगने पहुंचे लोगों को मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने कहा कि अस्पताल से एस्टीमेट मिलते ही सरकार आर्थिक सहायता उपलब्ध कराएगी।



गोरखपुर : जनता दर्शन में फरियादियों की शिकायतें सुनते मुख्यमंत्री योगी।

### 200 लोगों की सुनी समस्याएं त्वरित निस्तारण के निर्देश

जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को तत्काल समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को बिना भेदभाव न्याय मिलना चाहिए और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचना चाहिए।

### भू-माफिया व दबंगों पर सख्ती

सीएम योगी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जमीन कब्जाने वाले भू-माफिया और दबंगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कमजोर वर्ग के लोगों को डराने-धमकाने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। जनता दर्शन में आए बच्चों को सीएम ने चॉकलेट देकर आशीर्वाद दिया।

# सीएम योगी ने दुर्गा स्वरूपा कन्याओं के पखारे पांव

## नवरात्र की नवमी तिथि पर किया कन्या पूजन, दक्षिणा व उपहार देकर कन्याओं से लिया आशीर्वाद





गोरखपुर : गोरखनाथ मंदिर में चैत्र नवरात्र पर मुख्यमंत्री योगी ने देवी स्वरूपा कन्याओं का पांव पखारकर उनका पूजन किया और उन्हें भोजन कराने के साथ दक्षिणा व उपहार भी प्रदान किया। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो,लखनऊ/गोरखपुर

**अमृत विचार:** वासंतिक नवरात्र की नवमी तिथि पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में पारंपरिक कन्या पूजन अनुष्ठान संपन्न कराया। मातृशक्ति के प्रति असीम श्रद्धा और उनके सम्मान, सुरक्षा व स्वावलंबन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में नौ दुर्गा स्वरूपा कन्याओं के पांव पखारे, उनका विधिवत पूजन किया और उन्हें चुनरी ओढ़ाई।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कन्याओं का विधिपूर्वक अभिषेक किया, रोली, चंदन और अक्षत से तिलक किया, माला पहनाई और अपने हाथों से ताजा भोजन प्रसाद परोसा। उन्होंने कन्याओं को दक्षिणा व उपहार देकर आशीर्वाद भी लिया। बटुकों को भी भोजन कराकर उपहार और दक्षिणा प्रदान की गई। आयोजन में गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी समेत कई संत और मंदिर प्रबंधन से जुड़े लोग उपस्थित रहे। पूजन से पहले प्रातःकाल के सत्र में मां सिद्धिदात्री की विधि-विधान से आराधना भी की गई।

# रामराज्य की अवधारणा पर आगे बढ़ रहा यूपी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गोरखपुर

- सज्जनों का संरक्षण, दुर्जनों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति लागू : मुख्यमंत्री
- योगी ने वासंतिक नवरात्र और रामनवमी की दी शुभकामनाएं

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में बेहतर कानून-व्यवस्था के साथ 'रामराज्य' की अवधारणा को साकार किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि प्रदेश में सज्जनों का संरक्षण किया जा रहा है, जबकि दुर्जनों और भ्रष्टाचारियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति लागू है।

गोरखनाथ मंदिर में कन्या पूजन के बाद वासंतिक नवरात्र और रामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार बिना भेदभाव के अंतिम पायदान तक योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विरासत का सम्मान करते हुए विकास को गति दी जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में पिछले वर्षों में छह करोड़ से अधिक लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकालने का कार्य हुआ है। उन्होंने बताया कि 2.61 करोड़ गरीबों को शौचालय, 65 लाख परिवारों को आवास, 10 करोड़ लोगों को स्वास्थ्य बीमा 15 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन की सुविधा दी गई है।

**मातृशक्ति के सम्मान का प्रतीक नवरात्र :** मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि नवरात्रि मातृशक्ति के प्रति सम्मान और श्रद्धा का प्रतीक है। इसी भावना के अनुरूप प्रदेश में 'मिशन शक्ति' अभियान चलाकर महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पुलिस बल में 20 प्रतिशत महिला आरक्षण, 44 हजार से अधिक महिला पुलिसकर्मी, 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' और कन्या सुमंगला जैसी योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

**संवेदनशील शासन, सबका साथ :** मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक संवेदनशीलता के साथ काम कर रही है। हर जरूरतमंद को योजनाओं का लाभ दिलाना और प्रदेश को सुरक्षित व विकसित बनाना सरकार की प्राथमिकता है।

# बच्ची ने योगी को गिफ्ट में दिया 'बुलडोजर'

राज्य ब्यूरो,लखनऊ/गोरखपुर

- गोरखपुर में मंदिर दर्शन को कानपुर से आए परिवार की बच्ची को पूजन में भी किया शामिल
- चार वर्ष की यशस्विनी का सरप्राइज गिफ्ट देख हंस पड़े मुख्यमंत्री योगी

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को गोरखनाथ मंदिर में एक नन्ही बच्ची ने ऐसा अनोखा गिफ्ट दिया कि वे खुद भी मुस्कुराए बिना नहीं रह सके। कानपुर से आई चार वर्षीय यशस्विनी सिंह ने मुख्यमंत्री को एक छोटा सा 'बुलडोजर' (खिलौना) भेंट किया।

शुक्रवार सुबह मंदिर परिसर में भ्रमण के दौरान सीएम योगी की नजर यशस्विनी पर पड़ी, जो अपने माता-पिता के साथ दर्शन करने आई थी। मुख्यमंत्री ने उसे पास बुलाकर चॉकलेट दी और प्यार से बातचीत की।बातचीत के दौरान यशस्विनी ने मुख्यमंत्री से कहा, "आपके लिए गिफ्ट लाए हैं, पहले आंखें बंद करिए।" सीएम योगी ने मुस्कुराते हुए उसकी बात मान ली। इसके बाद बच्ची ने उनके हाथों में एक छोटा सा बुलडोजर रख दिया। गिफ्ट देखते ही मुख्यमंत्री और वहां मौजूद लोग हंस पड़े। बच्ची यशस्विनी ने मासूमियत से कहा कि आपको बुलडोजर पसंद है, इसलिए वह यह गिफ्ट लाई है। बच्ची की इस बात ने माहौल को और भी खुशनुमा बना दिया। कन्या पूजन में भी शामिल कर मुख्यमंत्री ने उसके पांव भी पखारे।



गोरखपुर : सीएम योगी को बुलडोजर खिलौना भेंट करती कानपुर की यशस्विनी।

## जनता के नेता और सनातन के ध्वजवाहक की छवि के साथ निखरे मुख्यमंत्री योगी

**अमृत विचार, लखनऊ/गोरखपुर :** चैत्र नवरात्र के आगमन से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरक्षपीठाधीश्वर और प्रदेश के मुखिया के रूप में जनता के बीच अपनी अलग छवि प्रस्तुत की। मार्च माह में उन्होंने राम, कृष्ण और शिव की धरा पर आशीर्वाद प्राप्त कर 'नर सेवा-नारायण सेवा' के अपने मूल उद्देश्य को सर्वोपरि रखा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कई जिलों में पहुंचकर न केवल विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया बल्कि युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। मार्च में मुख्यमंत्री ने काशी विश्वनाथ, कालभैरव, श्रीकृष्ण जन्मभूमि, श्रीरामलला और अन्य प्रमुख मंदिरों का दर्शन कर प्रदेशवासियों की आस्था में शक्ति प्रदान की। इसके साथ ही उन्होंने नौनिहालों को स्मार्टफोन और नशे से दूर रहने की प्रेरणा दी और सनातन धर्म की स्थायित्व और मर्यादा की बात दोहराई।

## न्यूज ब्रीफ

### पीएम मोदी आज करेंगे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का लोकार्पण

**अमृत विचार,लखनऊ/जेवर :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के फेज-1 का लोकार्पण करेंगे। इसके साथ ही एयरपोर्ट के कार्गो टर्मिनल का उद्घाटन और मेंटिनेंस, रिपेयर एवं ओवरहाल (एमआरओ) सुविधा का शिलान्यास भी करेंगे। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौजूद रहेंगे। यह एयरपोर्ट उत्तर प्रदेश का पांचवां अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा होगा और यूपी, एनसीआर समेत पूरे उत्तर भारत की कनेक्टिविटी व आर्थिक विकास को नई दिशा देगा। फेज-1 की लागत लगभग 11,282 करोड़ रुपये है, जिसमें 1.2 करोड़ यात्रियों की प्रारंभिक क्षमता शामिल है। एयरपोर्ट मल्टी-मोडल ट्रांसपोर्ट हब के रूप में विकसित किया गया है, जो सड़क, रेल, मेट्रो और क्षेत्रीय ट्रांजिट से जुड़ा होगा। इस अवसर पर नागर विमानन मंत्री, वित्त राज्य मंत्री, राज्यपाल, उप मुख्यमंत्री और अन्य वरिष्ठ मंत्री उपस्थित रहेंगे।

### पुरा महादेव बना 'जीरो वेस्ट' तीर्थ

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश का पुरा महादेव मंदिर अब 'जीरो वेस्ट' तीर्थ पर्यटन के मॉडल के रूप में देशभर में पहचान बना रहा है। 'बेस्ट हेरिटेज टूरिस्ट विलेज 2024' का सम्मान प्राप्त करने के बाद इस धार्मिक स्थल ने आस्था और पर्यावरण संरक्षण का अनूठा संगम प्रस्तुत किया है। प्रदेश सरकार की 'टेंपल इकोनॉमी' पहल के तहत महाशिवरात्रि पर यहां सफलतापूर्वक जीरो वेस्ट व्यवस्था लागू की गई, जिसमें मंदिर में चढ़ाई जाने वाली सामग्री और कचरे का वैज्ञानिक तरीके से प्रबंधन किया गया। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि यह मॉडल पर्यटन, रोजगार और पर्यावरण संरक्षण को एक साथ जोड़ता है। इस पहल में पूजा सामग्री को कचरा नहीं, बल्कि संसाधन मानकर उसका पुनः उपयोग किया गया। इसमें 450 किलो से अधिक फूलों को प्रोसेस कर उपयोगी सामग्री बनाई गई। करीब 1 टन जैविक कचरे से खाद तैयार की गई, 700 किलो प्लास्टिक बोतलों को फाइबर फिल में बदला गया,2,500 से अधिक चप्पलों से मैट व अन्य उत्पाद बनाए गए, 4,563 लीटर दूध को पशु सेवा में उपयोग किया गया। बागपत जिला प्रशासन अब इस मॉडल को अन्य धार्मिक स्थलों पर लागू करने की तैयारी में है।

### एससी छात्रों के लिए बनेंगे छह हॉस्टल

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में छह आधुनिक छात्रावासों के निर्माण और मरम्मत की शुरुआत की जा रही है। प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पीएम-एजेएवाई) के तहत इस परियोजना के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में 12.30 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं, जिसमें से 6.15 करोड़ रुपये की पहली किस्त जारी कर दी गई है। योजना के तहत चार जिलों में हॉस्टल बनाए जाएंगे, इनमें जौनपुर, सुल्तानपुर और हाथरस में एक-एक छात्रावास, फिरोजाबाद में तीन छात्रावास का निर्माण किया जाएगा। समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने बताया कि इन हॉस्टलों को आधुनिक कैंपस के रूप में विकसित किया जाएगा, जहां सुसज्जित कमरे , आधुनिक मेस, मनोरंजन कक्ष, समृद्ध पुस्तकालय, सुरक्षा के लिए गार्ड रूम जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। सरकार का लक्ष्य इन्हें सिर्फ रहने की जगह नहीं, बल्कि एक "लर्निंग हब" के रूप में विकसित करना है। निर्माण कार्य में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए धनराशि एसएनए (स्पर्श) खाते के माध्यम से खर्च की जा रही है।

# तनाव न लें, प्रदेश में एलपीजी पेट्रोल-डीजल की कमी नहीं

## ऑयल इंडस्ट्री के स्टेट कोऑर्डिनेटर संजय भंडारी बोले- जनता अफवाहों से बचे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश भर में पेट्रोल-डीजल और एलपीजी संकट की फैली अफवाह के बीच शुक्रवार को विभूति खंड स्थित इंडियन ऑयल के उप्र राज्य कार्यालय-1 पर प्रेसवार्ता की गई। ऑयल इंडस्ट्री के स्टेट कोऑर्डिनेटर/इंडियन ऑयल के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर संजय भंडारी ने एजीएम एलपीजी भाद्रो लकड़ा और एजीएम रिटेल सेल्स अभिषेक शर्मा के साथ स्पष्ट किया कि प्रदेश में पेट्रोल-डीजल और एलपीजी की कमी नहीं है। जनता से अपील है 'पैनिक बाइंग' (हड़बड़ाहट में खरीदारी) न करें और न ही कतार में लगे। जब चाहेंगे तब ईंधन मिलेगा।

स्टेट कोऑर्डिनेटर ने तीनों तेल कंपनियों की रिपोर्ट साझा की। बताया कि प्रदेश में 13 हजार पेट्रोल पंप में चार से पांच दिन का पेट्रोल-डीजल का स्टॉक है। डिपो पर 15 से 18 दिन का स्टॉक है। क्रूड ऑयल का भी 60 दिन का स्टॉक है। इतना स्टॉक सामान्य दिनों में भी रहता है। आपूर्ति सुचारू रूप से हो रही है। युद्ध से पहले भी इतनी उपलब्धता रहती थी। अफवाह से उत्पन्न हुई पैनिक बाइंग की वजह से बुधवार को गोरखपुर, महाराजगंज और सिद्धार्थ नगर में पेट्रोल-डीजल की समस्या आई थी। इसी तरह दूसरे दिन गुरुवार को लखनऊ, सीतापुर, बहराइच में भी इसी तरह के हालात बने। इससे पेट्रोल पंपों पर लंबी कतार लग गईं।

शुक्रवार को लखनऊ में रिटेल व आउटलेट का विजिट किया तो दोपहर 1 बजे स्थिति काफी सामान्य दिखी। पत्रकार वार्ता में सवाल यह भी उठा कि पेट्रोल पंप संचालकों को नगद भुगतान न करने पर आपूर्ति नहीं की जा रही। इस पर तेल कंपनियों से बात करने को कहा। वहीं, पेट्रोल-डीजल की लिमिट निर्धारित कर बिक्री के सवाल पर ऐसा कोई आदेश जारी न होना बताया। संजय ने कहा कि प्रदेश में दो दिन में 60 फीसद तक बिक्री हुई है। लखनऊ, सीतापुर, पीलीभीत, गोंडा, बस्ती, बहराइच, गोरखपुर और अयोध्या में पेट्रोल-डीजल की मांग ज्यादा रही। स्टॉक पर्याप्त होने की वजह से शुक्रवार को गोरखपुर, बस्ती, अयोध्या में स्थिति सामान्य हो गई। इसी तरह शाम तक लखनऊ, सीतापुर और बहराइच में स्थिति सामान्य हो जाएगी।




लखनऊ : विभूति खंड स्थित इंडियन ऑयल के उप्र राज्य कार्यालय-1 में पत्रकारों को जानकारी देते ऑयल इंडस्ट्री के स्टेट कोऑर्डिनेटर संजय भंडारी व अन्य।

### प्रतिदिन 11 लाख के आसपास एलपीजी बुकिंग

ऑयल इंडस्ट्री के स्टेट कोऑर्डिनेटर संजय भंडारी ने बताया कि राज्य भर में तीनों कंपनी के कुल 4.85 करोड़ घरेलू एलपीजी उपभोक्ता हैं। सभी कंपनियां प्रतिदिन सात लाख एलपीजी रीफिल सप्लाई कर रही हैं। प्रतिदिन 11 लाख के आसपास बुकिंग हो रही है। 3.7 दिन का बैकलॉक है। कामर्शियल, इंडस्ट्रियल और नॉन डोमेस्टिक सेंटर में भी समस्या नहीं है। सरकार के निर्देश पर पीएनजी को बढ़ावा दे रहे हैं। अधिक लोड की वजह से बुकिंग में सर्वर की समस्या आई भी। इसमें सुधार किया है। घरेलू एलपीजी की स्थिति सामान्य हो रही है। स्टॉक की बात करें तो 13 हजार डिस्ट्रीब्यूटर के पास डेढ़ दिन का स्टॉक है। बॉटलिंग प्लांट में भी चार दिन का स्टाक है। प्रदेश में कुल मिलाकर पांच दिन से अधिक का एलपीजी स्टॉक है, जो सामान्य स्थिति में इतना रहता है। गुरुवार को प्रदेश में 11.90 लाख बुकिंग हुई है। इनमें 7.83 लाख डिलीवरी की गई। अनियमितता मिलने पर कार्रवाई करेंगे।

### इस तरह आया एक दिन की बिक्री में उछाल

*डीजल : 26 मार्च 2025 - 280 लाख लीटर
26 मार्च 2026 - 510 लाख लीटर
*पेट्रोल : 26 मार्च 2025 - 150 लाख लीटर
26 मार्च 2026 - 290 लाख लीटर

# कौशांबी हादसाः मुख्यमंत्री ने जताया शोक, आर्थिक सहायता की घोषणा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री ने प्रभु श्रीराम से मृतकों के परिजनों को दुःख सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की

**अमृत विचारः** कौशाम्बी में शुक्रवार को हुए सड़क हादसे के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और परिजनों को सांत्वना दी। उन्होंने मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये आर्थिक सहायता देने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने स्थानीय प्रशासन को घायलों का तुरंत और समुचित इलाज सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राहत और बचाव कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

घटना के संबंध में जानकारी लेते हुए मुख्यमंत्री ने प्रभु श्रीराम से मृतकों के परिजनों को दुःख सहने की शक्ति देने की प्रार्थना भी की। प्रशासन को यह निर्देश भी दिए गए कि राहत कार्य में तेजी लाते हुए घायलों और प्रभावितों को तत्काल सहायता प्रदान की जाए।

### केशव प्रसाद मौर्य ने भी हादसे पर जताया शोक

**अमृत विचार :** कौशाम्बी में कानपुर-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार दोपहर हुई भीषण सड़क दुर्घटना के बाद उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने इस घटना को अत्यंत दुःखद और हृदयविदारक बताया तथा दिवंगतों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि घायलों का समुचित और त्वरित इलाज सुनिश्चित किया जाए।

# किसानों को समय पर मिले मुआवजा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- असमय बारिश से प्रदेश के किसानों को हुए नुकसान पर मुख्यमंत्री का रुख सख्त
- अधिकारियों को अलर्ट मोड में रहने को कहा, फील्ड में उतरने के दिए निर्देश

**अमृत विचार :** असमय बारिश से प्रदेश के किसानों को हुए नुकसान पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त रुख अपनाते हुए अधिकारियों को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि किसानों का हित सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी स्थिति में उन्हें असुविधा नहीं होनी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे स्वयं फील्ड में जाकर प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण करें और फसलों के नुकसान का वास्तविक आकलन कराएं। साथ ही उन्होंने राजस्व विभाग, कृषि विभाग और बीमा कंपनियों को मिलकर तत्काल संयुक्त सर्वे कराने के निर्देश दिए हैं। इस सर्वे के आधार पर नुकसान का सही आंकलन कर शासन को रिपोर्ट भेजी जाएगी, जिससे मुआवजा प्रक्रिया में तेजी लाई जा सके।

मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि जैसे ही फसल क्षति का आकलन पूरा हो, मुआवजा वितरण की प्रक्रिया तुरंत शुरू कर दी जाए। अधिकारियों को निर्देशित किया कि भुगतान व्यवस्था पूरी तरह समयबद्ध हो, ताकि किसानों को जल्द राहत मिल सके।

सीएम ने प्रमुख सचिव (कृषि) और राहत आयुक्त को निर्देश दिया है कि वे फील्ड में कार्यरत अधिकारियों से सीधा संपर्क बनाए रखें। सभी सूचनाएं समय पर एकत्र कर शासन को उपलब्ध कराई जाएं, जिससे राहत कार्यों में कोई देरी न हो।

# एसजीपीजीआई में पीडियाट्रिक सेंटर के लिए पदों को मिली मंजूरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गवर्निंग बॉडी की बैठक में लिया गया निर्णय, पदों पर भर्ती के लिए जल्द जारी होगा विज्ञापन
- 573 बेड वाले केंद्र में एक छत के नीचे मिलेंगी बच्चों के इलाज की सभी सुविधाएं

**अमृत विचार :** संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) में बन रहे एडवांस पीडियाट्रिक सेंटर के संचालन के लिए शासन ने बड़े पैमाने पर डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों के पदों को मंजूरी दे दी है। शुक्रवार को आयोजित संस्थान की 104वीं गवर्निंग बॉडी की बैठक में यह निर्णय लिया गया।

बैठक की अध्यक्षता मुख्य सचिव एसपी गोयल ने की। इस दौरान संस्थान के निदेशक डॉ. आरके धीमान, डीन डॉ. शालीन कुमार समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। रजिस्ट्रार कर्नल वरुण बाजपेई के अनुसार, सेंटर के संचालन के लिए 131 डॉक्टर, 483 रेजिडेंट, 1540 नर्स, टेक्नीशियन समेत अन्य स्टाफ के पदों को स्वीकृति दी गई है, जबकि 160 पद आउटसोर्सिंग के तहत भरे जाएंगे। इन पदों पर भर्ती के लिए जल्द ही विज्ञापन जारी कर प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

573 बेड की क्षमता वाले इस अत्याधुनिक पीडियाट्रिक सेंटर का पहला चरण अक्टूबर 2026 में शुरू होगा। पहले चरण में करीब 15 विभागों के 293 बेड पर बच्चों को भर्ती कर इलाज शुरू किया जाएगा। इनमें जनरल पीडियाट्रिक्स, पल्मोनरी, न्यूरोलॉजी, ऑन्कोलॉजी, कार्डियोलॉजी, मेडिकल जेनेटिक्स, डेवलपमेंटल पीडियाट्रिक्स, सोशल पीडियाट्रिक्स यूनिट, डे-केयर, इमरजेंसी, नियोनेटोलॉजी, गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी, एंडोक्राइनोलॉजी, सर्जरी, एनेस्थीसिया, क्रिटिकल केयर और रेडियोलॉजी जैसी प्रमुख इकाइयां शामिल होंगी। यह सेंटर पूरी तरह विकसित होने पर 24 विभागों के साथ एक ही छत के नीचे बच्चों के इलाज की समग्र सुविधा उपलब्ध कराएगा। इसे उत्तर भारत का सबसे बड़ा पीडियाट्रिक केंद्र बताया जा रहा है। इसके शुरू होने से उत्तर प्रदेश समेत आसपास के राज्यों के 10 करोड़ से अधिक बच्चों को बेहतर और आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं का लाभ मिलेगा।

### सपा ने केशव मौर्य के सिलेंडर वाले बयान पर साधा भाजपा पर निशाना



**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के सिलेंडर वितरण संबंधी बयान को लेकर भाजपा पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि उप मुख्यमंत्री का दावा कि "जिसके पास सिलेंडर नहीं है, वह सूचना भेजे, हम भिजवा देंगे" इस बात का सबूत है कि सिलेंडर की जमाखोरी और कालाबाजारी भाजपा ही कर रही है। उन्होंने सुझाव दिया कि केशव प्रसाद मौर्य अपना नंबर या गोदाम का पता सार्वजनिक करें। सपा प्रमुख ने शुक्रवार को कहा कि भाजपा और उनके साथी जनता के सामने नहीं आते, न गैस एजेंसी या पेट्रोल पंप पर अपनी उपस्थिति देते हैं।

उपलब्धि | 96 लाख इकाइयों से बनाया रोजगार का नया रिकॉर्ड

# एमएसएमई क्षेत्र में यूपी रहा देश में अव्वल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बीते 9 वर्ष में छोटे उद्योग बने विकास की ताकत, गांव-गांव तक पहुंचा स्वरोजगार

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश ने बीते 9 वर्षों में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग (एमएसएमई) क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए देश में पहला स्थान प्राप्त किया है। प्रदेश में 96 लाख से अधिक एमएसएमई इकाइयों के साथ अब यह देश का सबसे बड़ा औद्योगिक हब बन चुका है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में एमएसएमई सेक्टर को मजबूत करने के लिए किए गए प्रयासों ने लाखों लोगों को रोजगार और आत्मनिर्भरता का अवसर दिया है। आसान ऋण, प्रशिक्षण और बाजार उपलब्धता जैसी सुविधाओं ने छोटे उद्योगों को नई पहचान दी है। प्रदेश में युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए कई योजनाएं प्रभावी ढंग से लागू की गई हैं। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत 1.47 लाख से अधिक युवाओं को लाभ मिला, जिससे 4.51 लाख रोजगार सृजित हुए। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के जरिए 37 हजार से अधिक लाभार्थियों को आर्थिक सहायता दी गई, जिससे करीब तीन लाख लोगों को रोजगार मिला। इसी तरह प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत 32 हजार से अधिक लाभार्थियों को सहयोग देकर 2.63 लाख रोजगार के अवसर पैदा किए गए।

### ओडीओपी से वैश्विक पहचान

वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) योजना ने प्रदेश के पारंपरिक उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाया है। इस योजना के तहत 20 हजार से अधिक लोगों को आर्थिक सहायता दी गई, जिससे 3.26 लाख रोजगार सृजित हुए। साथ ही विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के जरिए 4.20 लाख से अधिक कारीगरों को प्रशिक्षण और आधुनिक उपकरण देकर सशक्त बनाया गया है।

### 'एक जनपद एक व्यंजन' से बढ़ेगा दायरा

सरकार अब 'एक जनपद एक व्यंजन' पहल के जरिए स्थानीय पारंपरिक व्यंजनों को पहचान दिलाने की दिशा में काम कर रही है। इससे रोजगार और पर्यटन दोनों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

### नई योजनाओं से मजबूत होगा औद्योगिक ढांचा

प्रदेश में औद्योगिक विकास को गति देने के लिए 2023 में प्लेज स्कीम लागू की गई है, साथ ही नई योजनाएं लागू की जा रही हैं। हर जिले में सरदार वल्लभभाई पटेल एम्प्लायमेंट एंड इंडस्ट्रियल जोन की स्थापना का निर्णय लिया गया है। इनसे स्थानीय स्तर पर उद्योगों का विस्तार होगा और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

अनुराग
हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702,
शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

# नवमी पर हवन-पूजन, राम जन्मोत्सव की भी रही धूम

## चैत्र नवरात्रि के अंतिम दिवस पर कन्याभोज, घरों-मंदिरों में हुए विविध आयोजन


मंदिर प्रांगण में कन्या भोज में मौजूद कन्याएं। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** चैत्र नवरात्रि के अंतिम दिवस देवी के नौवें स्वरूप सिद्धिदात्री की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। इसके साथ ही घर-घर हवन और पूजन का भी आयोजन किया गया है। इसके उपरांत भक्तों ने कन्याभोज कराया जबकि दोपहर में श्रीराम जन्मोत्सव की धूम रही। इसके साथ ही नौ दिनों से चल रहा शक्ति का पर्व संपन्न हो गया।

शुक्रवार को नवरात्रि की नवमी पर सुबह से ही लोगों में उत्साह रहा। जिन घरों में देवी मां व कलश की स्थापना की गई थी वहां हवन की तैयारी चलती रहीं। जिनके यहां नौ दिन के व्रत या स्थापना नहीं भी थी वहां भी भक्ति भाव के साथ ही कन्याभोज और इससे पहले हवन किया। जिले के सभी देवी मंदिरों सिंहवाहिनी देवी, फूलमती देवी, गोवर्धनी देवी, क्षेमकली देवी, काली दुर्गा मंदिर, तिर्वा के अन्नपूर्णा देवी मंदिर समेत सभी आस्था के केंद्रों पर सुबह से श्रद्धालु महिला पुरुषों की भीड़ रही। श्रद्धालुओं ने देवी मां को श्रृंगार सामग्री चढ़ाने के साथ ही हलवा पूड़ी का भोग लगाया और दक्षिणा आदि अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

इससे पहले हवन किया गया। तत्पश्चात तमाम लोगों ने घरों में कन्यापूजन कर उनको भोज कराया और दक्षिणा देकर आशीर्वाद लिया। नवमी पूजन के बाद दोपहर 12 बजे श्रीराम जन्मोत्सव का आयोजन घरों व मंदिरों में किया गया। भगवान के जन्म के पश्चात पंचामृत, पंजीरी आदि का प्रसाद बांटा गया। इसके बाद नौ दिन के व्रतियों ने अपने व्रत का पारण किया। पूरे दिन ही जिले में भक्ति का माहौल रहा।


मां शीतला देवी मंदिर परिसर में लगे मेला में उमड़े श्रद्धालु। अमृत विचार

### रामनवमी पर लगा विशाल मेला

**जलालाबाद।** ऐतिहासिक सिद्धपीठ मां शीतला देवी मंदिर पर नवरात्रि पर लगने वाला मेला सप्तमी से दशमी तक चलता है। इस मेला में फर्रुखाबाद, हरदोई, कानपुर आदि जनपदों से श्रद्धालु भारी संख्या में पहुंचते हैं। कस्बा जलालाबाद के जेल रोड ग्राम सियरमऊ स्थित मां शीतला देवी मंदिर आल्हा ऊदल के जमाने से है। यहां हमेशा की तरह चैत्र नवरात्र पर सप्तमी से दशमी तक मेला लगा है। हजारों की संख्या में श्रद्धालु विभिन्न जनपदों से आ रहे है। रामनवमी पर आकर्षक झूले व अन्य मनोरंजन के साधन श्रद्धालु को खूब खरीदारी की। बच्चों ने झूले का आनंद लिया व महिलाओं ने दुकानों से खरीदारी की।


मां शीतला देवी मंदिर परिसर में लगे मेला में उमड़े श्रद्धालु।

# आंगनबाड़ी केंद्रों में श्रद्धाभाव से किया कन्या पूजन, कराया भोजन

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जनपद की सभी 09 बाल विकास परियोजना इलाकों के आंगनबाड़ी केंद्रों में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ कन्या पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर कन्याओं का विधिवत पूजन कर उन्हें खिलौने, फल एवं अन्य उपहार दिए गए।

जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश वर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में कन्या सम्मान, स्नेह एवं सकारात्मक संदेश का प्रसार करना रहा। बाल विकास परियोजना नगर क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्र शेखाना द्वितीय में जिला कार्यक्रम अधिकारी ने स्वयं शामिल होकर कन्याओं का पूजन कर उन्हें उपहार भेंट किए। उन्होंने कहा कि कन्या पूजन हमारी सांस्कृतिक परंपराओं का महत्वपूर्ण अंग है, जो नारी सम्मान एवं समाज में समता के भाव को सुदृढ़ करता है। इस अवसर पर प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी (नगर) अर्चना वर्मा, मुख्य सेविकाएं शिवानी सेजवार एवं सोनाक्षी सिंह, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां सुरती देवी, रजिया खातून, किशोरी देवी तथा रेशमा बेगम उपस्थित रहीं।


कन्नौज नगर क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्र शेखाना द्वितीय में कन्या भोज के दौरान उपहार देते जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश वर्मा। अमृत विचार

### गुरसहायगंज भी हुआ देवीमय, लगे जयकारे

**गुरसहायगंज/जलालाबाद, कन्नौज।** नवरात्र के अंतिम दिन नगर में घरों व मंदिरों में भक्तों ने मां भगवती की नवीं शक्ति सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना व आरती वंदना कर आराधना की। इसके बाद हवन पूजन कर भंडारा व कन्याभोज कराया गया। शुक्रवार को नवमी पर मां संतोषी माता मन्दिर, प्राचीन मां काली देवी मन्दिर, पावर हाउस स्थित श्री गंगेश्वरनाथ मन्दिर, प्राचीन श्री राम मन्दिर, सर्विस रोड स्थित सती माता मंदिर सहित ग्राम मढियन देवी स्थित मां शीतला देवी के दरबार में मां दुर्गा की नवीं शक्ति सिद्धिदात्री का पूजन, फिर कन्याभोज, भंडारा का आयोजन किया गया। इसके बाद मंदिरों में रविवार दोपहर 12 बजे पूजा अर्चना कर रामजन्म कर उत्सव मनाया गया। इस दौरान छिबरामऊ विधायक अर्चना पांडेय, मयंक गुप्ता, संजीव गुप्ता संजू, राकेश कौशल, नीरज मिश्रा, विपिन चौरसिया, सचिन शर्मा, अमन कठेरिया, विजय दुबे, विकास आदि ने भंडारा में प्रसाद ग्रहण किया। जलालाबाद ब्लाक परिसर के परियोजना कार्यालय में एडीओ पंचायत लक्ष्मी राज यादव व सीडीपीओ शेषमणि यादव ने रामनवमी पर नौ कन्याओं का पूजन किया। इस दौरान सुपरवाइजर पूजा अग्निहोत्री ,अमीषा चौरसिया, गरिमा दिवाकर आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### रंजिश से चलते युवक को पीटा

**सौरिख।** पुरानी रंजिश के चलते युवक को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। कस्बा के किदवई नगर निवासी अखिल अली ने थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया 27 मार्च की सुबह समय लगभग 9 :30 बजे वह अपने जानवरों के लिए चारा लेने खेतों की तरफ गया था। तभी वहां पहले से ही मौजूद मोहल्ले के ही सदरुल हसन नजरुल हसन पुत्रगण स्व. खलील अहमद, मोहम्मद आलम पुत्र स्व.विकार हुसैन निवासी मोहल्ला शेखाना गाली देने लगे। गाली देने से मना किया तो सभी लोग लाठी डंडों से मारपीट करने लगे। शोर सुन आसपास खेतों में काम कर रहे लोग दौड़े तो उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घायल को डाक्टरी परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया।

### मैनपुरी सांसद पर टिप्पणी करने वाले को भेजा जेल

**गुरसहायगंज ।** महिला दिवस पर मैनपुरी सांसद पर अभद्र टिप्पणी के मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। ग्राम पाहला निवासी समाजवादी पार्टी कार्यकर्ता आशीष कुमार ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 22 मार्च को उसके दोस्त ग्राम डिगसरा निवासी धर्मेन्द्र राजपूत ने महिला दिवस पर मैनपुरी की सांसद व पूर्व सीएम अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव की स्टोरी सोशल मीडिया पर वायरल की थी। इस पर ग्राम तहसीपुर ठठिया निवासी महाराज सिंह उर्फ संदीप ने अभद्र टिप्पणी की। 25 मार्च को उसने जब इसकी शिकायत संदीप से की तो उसने पुन : सांसद के लिए अभद्र भाषा का प्रयोग किया।

### राम नवमी पर सपाइयों ने किया भंडारा

**कन्नौज।** रामनवमी के पावन अवसर पर मकरंदनगर स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में भक्ति और सौहार्द का एक अनूठा संगम देखने को मिला। समाजवादी पार्टी द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय अखिलेश यादव के निर्देश पर जिला समाजवादी पार्टी द्वारा कन्या पूजन और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। मंदिर परिसर में आने वाले हजारों श्रद्धालुओं के लिए भव्य भंडारे की व्यवस्था की गई। वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के साथ आम लोगों ने भी पहुंच कर प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष कलीम खान, पूर्व विधायक अरबिंद सिंह यादव, कल्याण सिंह दोहरे, वरिष्ठ सपा नेता जय कुमार तिवारी बऊअन, वरिष्ठ सपा नेता मनोज दीक्षित, अनिल पाल, प्रदेश उपाध्यक्ष सयुस हसीब हसन, विधानसभा अध्यक्ष पीपी सिंह बघेल ने विचार रखे। कार्यक्रम के दौरान गणेश द्विवेदी, राजेंद्र यादव, श्याम सिंह यादव, राकेश कटियार, शिब्बू तिवारी, नितिन यादव सहित अन्य रहे।

# फिर बदला मौसम, गरज चमक के साथ हुई बारिश

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** एक हफ्ते से जिले का मौसम बार-बार करवट ले रहा है। एक बार फिर से बदल गया। गरज चमक के साथ बारिश हुई और फिर धूप निकल आई। दोपहर बाद फिर से बादल बरस पड़े और कुछ ही मिनटों में सूर्य की किरणें प्रचंड हो गईं। ठंडी हवा भी चलती रही। यह बात अलग है कि तापमान पर कोई खास असर नहीं पड़ा।

शुक्रवार को सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे। इसके साथ ही वातावरण में ठंडक भी अपेक्षाकृत महसूस की गई। नौ बजे के करीब गरज चमक के साथ मेघों ने बरसना शुरू कर दिया। हालांकि यह बरसात बमुश्किल 10 मिनट हुई लेकिन बादल बने रहे। इसके बाद बादलों की आवाजाही के साथ हल्की बूंदाबांदी होती रही लेकिन इसके बाद धूप निकल आई। कुछ घंटों की धूप के बाद दोपहर बाद करीब पौने तीन बजे फिर से रिमझिम बारिश शुरू हो गई जो कुछ मिनटों के बाद बंद हो गई। इसके बाद फिर से धूप निकल आई। बार-बार बादल और धूप के कारण लोगों ने उमस भरी गर्मी महसूस की। मौसम के इस बदलाव का असर तापमान पर कुछ खास नहीं पड़ा। कृषि मौसम वैज्ञानिक अमरेंद्र यादव ने बताया कि अधिकतम तापमान 28 तो न्यूनतम 17.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। आर्द्रता 70 फीसदी जबकि हवा की गति 20-24 किमी प्रति घंटे की रही। समाचार लिखे जाने तक आसमान में बादलों का डेरा था। आगामी हलके बादलों के साथ मौसम खुला रहने का अनुमान है। बता दें कि मौसम विभाग की तरफ से पूर्वानुमान था कि मौसम में बदलाव होगा।


फुंके केबल बाक्स को ठीक करते कर्मचारी अमृत विचार

### हल्की बारिश में दगा दे गया अंडरग्राउंड केबल बक्सा

**कन्नौज।** दोपहर बाद हुई बारिश से मकरंदनगर विद्युत उपकेंद्र से निकली 33 केवी अंडर ग्राउंड केबल का गोमती विद्यालय के निकट बक्सा फुंक गया। इससे मकरंदनगर, सरायमीरा और चौधरीसराय की बिजली करीव तीन घंटे गुल रही। शुक्रवार को शाम के समय करीब चार बजे हल्की बारिश होने लगी। इसके बाद करीव 05 बजे गोमती देवी गर्ल्स विद्यालय के निकट लगे अंडरग्राउंड 33 केवी का बक्सा फुंक गया। खोज में स्कूल के निकट लगे केबिल बाक्स में खराबी निकली। इस के बाद कर्मचारी मौके पर पहुंचे और पोल से टिकी केबिल को नीचे उतार कर मरम्मत का काम शुरू किया। इस काम में करीब तीन घंटे का समय लगा।

### तिर्वा में गईं जगह हुए भंडारे

**तिर्वा।** रामनवमी पर कस्बा समाजसेवियों ने जगह-जगह भंडारे का आयोजन किया। देर रात तक पूड़ी सब्जी का वितरण होता रहा।

शुक्रवार को रामनवमी पर सभी मंदिरों में माता की पूजा अर्चना कर प्रसाद का वितरण किया गया। माता अन्नपूर्णा मंदिर, काली मंदिर तथा दुर्गा मंदिर में महिलाओं की भारी भीड़ जुटी रही। प्लाजा मार्केट स्थित माता रानी के दुर्गा पंडाल में एक सैकड़ा से अधिक कन्याओं को सामूहिक रूप से पूजा अर्चना कर भोज कराया गया। घरों में देवी स्वरूप में कन्याओं को भोज कराकर दान दक्षिणा व मां की चुनरी भेंट की।

# अहमदाबाद भ्रमण कर लौटे रंजीत

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- कंपोजिट विद्यालय फतेहपुर जसोदा के छात्र रंजीत आउट ऑफ स्टेट एक्सपोजर विजिट पर गए थे

**अमृत विचार।** विकासखंड जलालाबाद इलाके के कंपोजिट विद्यालय फतेहपुर जसोदा के कक्षा आठ के छात्र रंजीत आउट ऑफ स्टेट एक्सपोजर विजिट पर अहमदाबाद, गांधीनगर भ्रमण कर घर लौट आए। उन्होंने अक्षरधाम मंदिर एवं साबरमती आश्रम का भी भ्रमण किया, जहां उन्हें महात्मा गांधी के जीवन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां मिलीं।

रंजीत ने बताया कि राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत वे बस से कानपुर से दिल्ली और फिर फ्लाइट से अहमदाबाद पहुंचे। वहां ठहरने व भोजन की उत्तम व्यवस्था रही। उन्होंने साइंस सिटी का भ्रमण किया, जहां विभिन्न वैज्ञानिक उपकरणों को देखकर उनके मन में वैज्ञानिक बनने की ललक जागृत हुई। रंजीत ने बताया कि पहली बार हवाई यात्रा करना उनके लिए एक सपने के सच होने जैसा था। शिक्षक पंकज त्रिवेदी ने बताया कि इस प्रकार के शैक्षिक भ्रमण से छात्रों में नवाचार और सीखने की रुचि बढ़ती है। छात्र ने अपने गुरुजनों, बीएसए संदीप कुमार, बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार व्यक्त किया।


अध्यापक पंकज त्रिवेदी के साथ छात्र रंजीत। अमृत विचार

### सन्मार्ग के भंडारे में उमड़े भक्त

**कन्नौज।** श्रीराम नवमी के उपलक्ष्य में सिंह वाहिनी मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया। पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत सन्मार्ग संस्था की ओर से सुवह से ही कमेटी के पदाधिकारी भंडारे की तैयारियों में जुटे रहे।

दोपहर बाद भंडारे का शुभारंभ किया गया। मंदिर में पूजा अर्चन के लिये आने वाले भक्त ने पूडी, सब्जी, हलुआ, खीर, कड़ी, चावल प्रसाद में परोसा गया। कमेटी की ओर से सन्मार्ग पुस्तक का विमोचन किया गया। पुस्तक में पंचांग के अलावा प्रति वर्ष होने वाले कार्यक्रम व हुए सामाजिक कार्यक्रमों को भी लिखा गया है।

# भ्रमण कर बच्चों ने सीखा व्यावहारिक ज्ञान

संवाददाता तिर्वा, कन्नौज

- पीएम श्री स्कूल कनौली के छात्रों ने किया कन्नौज का भ्रमण
- विशेषज्ञों ने बच्चों को इत्र बनाने की प्रक्रिया बताई

**अमृत विचार।** पीएम श्री कंपोजिट स्कूल, कनौली तिर्वा के छात्र-छात्राओं को एक दिवसीय एक्सपोजर विजिट (शैक्षणिक भ्रमण) पर ले जाया गया। इस दौरान बच्चों ने जनपद के विभिन्न ऐतिहासिक, औद्योगिक और धार्मिक स्थलों का अवलोकन किया।

भ्रमण की शुरुआत एफएफडीसी कन्नौज से हुई, जहां वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों ने बच्चों को इत्र बनाने की प्रक्रिया, फूलों से तेल निकालने की तकनीक और आधुनिक प्रयोगशालाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके पश्चात लोहिया पार्क का भ्रमण किया, जहां उन्होंने विभिन्न प्रकार के पौधों और प्रकृति के बीच समय बिताया। अंतिम चरण में बच्चे तिर्वा स्थित प्रसिद्ध मां अन्नपूर्णा मंदिर पहुंचे।

यहां बच्चों ने न केवल दर्शन किए, बल्कि मंदिर की प्राचीन वास्तुकला और ऐतिहासिक महत्व के बारे में भी जाना। प्रधानाध्यापिका इदरीसा बेगम के नेतृत्व में आयोजित भ्रमण में शिक्षक शिवम कश्यप, जितेंद्र सिंह तथा ज्ञानेंद्र सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे।


शैक्षणिक भ्रमण के दौरान मौजूद बच्चे व शिक्षक। अमृत विचार

# दबंगों ने घर में घुसकर किया हमला, युवक का सिर फटा

संवाददाता,छिबरामऊ, कन्नौज

**अमृत विचार।** ग्राम अरुआ में एक तिलक समारोह की तैयारियों के बीच दबंगों ने घर में घुसकर जमकर बवाल किया। मामूली बात पर हुए विवाद में महिलाओं से मारपीट की और पथराव कर दूल्हे के भाई को घायल कर दिया।

गोदावरी पत्नी सूरज पाल के पुत्र विनीत का तिलक समारोह था। सुबह करीब 7 बजे बड़ी बहू अनीता घर के बाहर सफाई कर रही थी, तभी गांव के ही सुनील, गौतम, राजू पुत्रगण जवाहर और अनीता पत्नी सुनील वहां पहुंचे। सफाई करने का विरोध करने लगे। बहू ने कार्यक्रम का हवाला देते हुए सफाई जारी रखी तो आरोपियों ने भद्दी गालियां देनी शुरू कर दीं। विरोध करने पर सभी ने अनीता को लात-घूसों से पीटना शुरू कर दिया। गोदावरी के पुत्र विनीत और संजीव उसे बचाने आए तो दबंगों ने पीछे से ईंटों से हमला कर दिया। इस पथराव में विनीत के सिर में ईंट लगने से उसका सिर फट गया और वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा।

पीड़ित पक्ष का आरोप है कि हमलावर इतने पर ही नहीं रुके वे घर के अंदर घुस आए और घरेलू सामान को क्षतिग्रस्त कर दिया। जाते-जाते दबंगों ने पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने मामले की जानकारी ली और थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने का निर्देश दिया।

# एडीएम ने भी समस्या पर नहीं दिया ध्यान

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** रसोई गैस एजेंसियों पर एलपीजी सिलेंडरों के स्टॉक व वितरण देखने जा रहे अधिकारी कनेक्शनधारकों की समस्याओं पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। शुक्रवार को एडीएम (वि./रा.) देवेंद्र सिंह ने भी कुछ एजेंसियों पर औचक निरीक्षण किया और उनको भी खामी नहीं मिली।

जिला सूचना कार्यालय से जारी हुई विज्ञप्ति में कहा गया है कि निरीक्षण का उद्देश्य आमजन को समय पर गैस उपलब्ध कराना। साथ ही किसी भी प्रकार की कालाबाजारी अथवा कृत्रिम अभाव की स्थिति को रोकना रहा। पीके गैस सर्विस, गुरसहायगंज में एडीएम को 528 घरेलू भरे सिलेंडर स्टॉक में उपलब्ध मिले, जबकि 504 अतिरिक्त सिलेंडर शनिवार सुबह तक प्राप्त होने की जानकारी दी गई। विज्ञप्ति के मुताबिक स्टॉक की स्थिति संतोषजनक पाई गई। बालाजी भारतीय गैस सर्विस, सफियापुर जलालाबाद पर 39 घरेलू भरे सिलेंडर उपलब्ध मिले। स्टॉक रजिस्टर एवं भौतिक सत्यापन में स्थिति सही पाई गई। अश्विनी गैस सर्विस, तिर्वा पर निरीक्षण के समय 715 सिलेंडरों का वितरण हो चुका था तथा 31 घरेलू भरे सिलेंडर शेष स्टॉक में उपलब्ध पाए गए। अधिकारियों का दावा है कि वितरण व्यवस्था सुव्यवस्थित मिली। अपर जिलाधिकारी ने गैस एजेंसी संचालकों को निर्देश दिया है कि उपभोक्ताओं को निर्धारित समय में गैस की आपूर्ति करें। पूर्ति निरीक्षक सदर सियाराम कुरील भी मौजूद रहे।


तिर्वा स्थित अश्वनी गैस गोदाम पर जांच करने पहुंचे एडीएम देवेंद्र सिंह व बाउचर दिखाते एलपीजी कनेक्शनधारक। अमृत विचार

**सरकार की बदनामी** | पहले कार्यालय आकर बाउचर बनवाने का डालते हैं दबाव, उसके बाद सिलेंडर देते

# एजेंसी में खुद बुला रहे भीड़, ऑनलाइन बुकिंग का दावा झूठा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- होम डिलीवरी के नाम पर निर्धारित रेट से 25 रुपये प्रति सिलेंडर अधिक लेते
- एजेंसी संचालकों ने बदल रखे हैं सारे नियम-कायदे कर रहे मनमानी

**अमृत विचार।** भले ही सरकारी योजनाओं में डिजिटल इंडिया के तहत ऑनलाइन व्यवस्था हो लेकिन उससे भी आपकी दौड़भाग में राहत नहीं मिलेगी। अधिकारियों के दावे कुछ भी हों लेकिन इन दिनों सरकार की किरकिरी कराने में सब लिप्त हैं। गैस बुकिंग से डीएसी नंबर आने के बाद भी एजेंसी संचालक एलपीजी कनेक्शनधारकों को बाउचर के लिए पहले कार्यालय बुलाते हैं उसके बाद सिलेंडर दिया जाता है। इससे भीड़ खूब लग रही है। दूसरी ओर होम डिलीवरी का चार्ज भी 25 रुपये अधिक ले रहे हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बयान है कि रसोई गैस सिलेंडर के लिए लाइन न लगाओ, बुकिंग कराने के बाद सिलेंडर घर पर पहुंचेगा, लेकिन जमीनी हकीकत इससे इतर है। यह महज बयानबाजी तक ही सीमित है। अधिकारी भले ही कहें कि एलपीजी सिलेंडरों का स्टॉक पहले की तरह है और कोई कमी नहीं है लेकिन एजेंसी संचालकों ने कनेक्शनधारकों को समस्याओं में धकेल दिया है। होम डिलीवरी करने का दावा अब महज दिखावा ही है। 26वें दिन उपभोक्ता पहले मोबाइल नंबर से एलपीजी सिलेंडर के लिए बुकिंग करता है। उसके कुछ घंटे बाद मोबाइल पर डीएसी नंबर आता है। नियम है कि अपने निकटतम या मोहल्ले में सिलेंडरों की आपूर्ति करने वाले को फोन कर सिलेंडर मंगाया जा सकता है लेकिन इन दिनों एजेंसी संचालकों ने नियम बदल दिए हैं। बात अगर तिर्वा स्थित अश्वनी गैस एजेंसी की हो तो यहां लंबी-लंबी कतारें कार्यालय खुलने से पहले ही लग जाती हैं। एक कनेक्शनधारक ने बताया कि उन्होंने बुकिंग करने के बाद फोन किया तो एक कर्मी ने बताया कि वह ऐसे सिलेंडर नहीं देगा। ऑफिस से मना कर दिया गया।

पहले कार्यालय जाकर बाउचर कटवाइए उसके बाद ही गैस सिलेंडर घर पहुंचेगा। दूसरी ओर लोगों का कहना है कि जब सबकुछ ऑनलाइन है तो कनेक्शनधारकों को कार्यालय में बुलाकर लाइन में क्यों लगवाया जा रहा है। इससे भीड़ व अफरा-तफरी का माहौल हो रहा है। निर्धारित कीमत का मोबाइल पर मैसेज आने के बाद भी होम डिलीवरी के नाम पर 25- 25 रुपये अतिरिक्त लिया जा रहा है।

### फोटो खिंचाकर सबकुछ अच्छा दिखाया

**कन्नौज।** जनपद में एलपीजी सिलेंडर देने के नाम पर कनेक्शनधारकों को परेशान किया जा रहा है लेकिन अपना जिला पूर्ति अधिकारी कार्यालय सब कुछ अच्छा बता रहा है। कुछ दिनों पहले एजेंसियों पर पहुंचकर जांच की गई थी। पूर्ति निरीक्षकों व बाबुओं ने फोटो खिंचाकर कहीं भी कमी न होने का दावा किया था, उसी में ही तिर्वा की एजेंसी पर भीड़ लग रही है।

> जनपद में एलपीजी सिलेंडरों की दिक्कत नहीं है। प्रतिदिन 4500 से 6000 सिलेंडर तक वितरित हो रहे हैं और 5500 से 6000 सिलेंडरों की आमद है। करीब 12 हजार रिफिल की उपलब्धता रहती है। अगर निर्धारित रेट से अधिक वसूला जा रहा है तो गलत है। गैस एजेंसी पर बाउचर के लिए नहीं बुलाना चाहिए। होम डिलीवरी वाले कर्मी को ही बाउचर देना चाहिए।
>
> **राजीव मिश्र, जिला पूर्ति अधिकारी**

## न्यूज ब्रीफ

### स्टॉक का दावा फिर भी कुछ पेट्रोल पंपों पर सन्नाटा

**कन्नौज।** अधिकारियों का दावा है कि जनपद में पेट्रोल व डीजल भरपूर है। उनके निरीक्षण में भी ईंधन आयात संतोषजनक मिला उसके बाद भी कुछ पंपों पर सन्नाटा पसरा रहा। दूसरी ओर शहर के एक फिलिंग स्टेशन को नोटिस जारी किया जा रहा है। जनपद में 82 पेट्रोल पंप संचालित हैं। जिम्मेदारों का तर्क है कि दैनिक बिक्री के सापेक्ष डिपो से ईंधन की आमद भी सामान्य है। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के निर्देश पर 26 एवं 27 मार्च को रैंडम आधार पर पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया गया। कन्नौज मंडी समिति के पास स्थित अन्नपूर्णा फिलिंग स्टेशन की ओर से समय से इंडेंट न लगाए जाने के कारण स्टॉक काफी कम है जिसके लिए पंप को नोटिस जारी होगा। अधिकारियों के मुताबिक सभी पेट्रोल पंप स्वामियों से कहा गया है कि पंप से कोई भी भ्रामक सूचना किसी भी उपभोक्ता में प्रसारित न हो इसका ध्यान रखें। जिला प्रशासन हर रोज समीक्षा कर रहा है। एसडीएम सदर वैशाली व डीएसओ राजीव मिश्र ने निरीक्षण किया। डीएसओ ने बताया कि नयारा के पंपों पर पेट्रोल का 05 और डीजल पर 03 रुपये प्रति लीटर दाम बढ़ने की जानकारी मिली है। शायद इसी वजह से पंपों पर सन्नाटा होगा।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

**फर्रुखाबाद।** राजेपुर थाना क्षेत्र में गुरुवार रात्रि तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। बिरसिंहपुर गांव निवासी शिवम अपनी बाइक से घर जा रहा था। इसी दौरान एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इससे शिवम गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिजन घायल युवक को लेकर तुरंत थाने पहुंचे और राजेपुर थाने में तहरीर दी। इस संबंध में थाना अध्यक्ष सुदेश कुमार ने बताया कि उन्हें तहरीर मिल गई है मामले की जांच की जा रही है।

### बाइक फिसलने से दो युवक घायल

**फर्रुखाबाद।** कमालगंज थाना क्षेत्र के उबरीखेड़ा-बझेरा रोड पर बाइक फिसलने से जितेंद्र और राहुल घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, जितेंद्र और राहुल कमालगंज से अपने गांव पहला जा रहे थे। उबरीखेड़ा के पास एक मोड़ पर उनकी बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई, जिससे दोनों सडक़ पर गिर पड़े। इस हादसे में जितेंद्र को गंभीर चोटें आईं, जबकि राहुल को हल्की चोटें लगीं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### आवारा कुत्तों ने पांच लोगों को काटा

**कायमगंज।** कोतवाली क्षेत्र के गांव अलियापुर निवासी विकास कुमार (21) गुलबाजनगर निवासी सुरेंद्र (57) कोतवाली के गांव पितौरा निवासी अरवाज खान (31) क्षेत्र के गांव हरियलपुर निवासी राम श्री (58) व कंम्पिल थाना क्षेत्र के गांव कमलाईपुर निवासी सरवन कुमार (38) सभी पर आवारा कुत्तों ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। लोगों ने घायलों को सीएचसी केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया गया।

# मंत्री के अपमान से भड़के कार्यकर्ता, प्रदर्शन

## अधिकारियों के देरी से पहुंचने पर माफी मांगने की मांग पर अड़े, सड़क पर लगाया जाम

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** रोमा स्मारक पर आयोजित कार्यक्रम में समाज कल्याण मंत्री निर्धारित समय पर पहुंच गये लेकिन जिलाधिकारी समेत जिम्मेदार नहीं पहुंचे। वे करीब 45 मिनट इंतजार करने के बाद पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं समेत वहां से निकल गए। इस संबंध में मंत्री ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर नाराजगी भी जताई। मामले की जानकारी से भड़के कार्यकर्ताओं ने अगले दिन मकरंदनगर में जीटी रोड पर जाम लगाकर नारेबाजी की। सूचना मिलने पर सीओ और इंस्पेक्टर फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे।



जीटी रोड पर जाम लगाए कार्यकर्ताओं को समझाते राज्यमंत्री असीम अरुण।

शुक्रवार दोपहर भाजपा कार्यकर्ताओं का हुजूम निहाल वर्मा की अगुवाई में मकरन्द तिराहे पर एकत्र हुआ। यहां करीब एक घंटे सड़क पर बैठकर डीएम-एसपी और जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन के अंदेशे से पहले से मौजूद कोतवाली प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह और सीओ सिटी अभिषेक प्रताप ने भाजपाइयों से बातचीत कर उन्हें समझाकर जाम खुलवाया। निहाल ने बताया कि मंत्री असीम अरुण का रोमा स्मारक पर अपमान हुआ। भाजपा नेत्री संध्या शर्मा ने कार्यक्रम स्थल पर मंत्री असीम अरुण और उनकी पत्नी ज्योत्सना का स्वागत न होने की बात कही। प्रदर्शन के चलते कुछ देर के लिए यातायात भी प्रभावित हो गया। उधर, धरना की जानकारी मिलते ही समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण खुद पहुंच गए और कार्यकर्ताओं को समझाने का प्रयास किया लेकिन वे जिलाधिकारी के माफी मांगने की जिद पर अड़े रहे।

### रोमा स्मारक पर यह था कार्यक्रम

**कन्नौज।** शहर के रोमा स्मारक पर गुरुवार की शाम पर्यटन एवं जिला सूचना विभाग की ओर से जड़ों को खोजें कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इसमें मंत्री मुख्य अतिथि थे और वे निर्धारित समय 5 :30 बजे से पहले सवा पांच बजे ही पहुंच गए थे। कार्यक्रम स्थल पर वह 45 मिनट तक अधिकारियों के आने का इंतजार करते रहे। सब्र जवाब दे गया तो नाराज होकर पत्नी और पार्टी नेताओं के साथ वहां से चले गए। बाद में अधिकारियों ने किसी तरह कार्यक्रम शुरू कराया। खास के माध्यम से मंत्री को मनाने की कोशिश भी की गई लेकिन सफलता नहीं मिली। इसको लेकर मंत्री की ओर से जिलाधिकारी को चेतावनी पत्र भी जारी किया गया जिसमें अनुशासन पालन की याद दिलाई गई।

# लूट का आरोपी पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** पुलिस ने लूट की एक घटना के आरोपियों को 12 घंटे के भीतर धर दबोचा है। पुलिस और लुटेरों के बीच हुई मुठभेड़ में एक आरोपी के पैर में गोली लगी है, जिसे लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने लूटे गए कुंडल और एक तमंचा भी बरामद किया है।

यह घटना गुरुवार शाम कादरी गेट थाना क्षेत्र की है। यहां एक ई-रिक्शा में सवार महिला के कानों के कुंडल स्कूटी सवार दो युवकों ने लूट लिए थे। सूचना मिलने पर पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल की और ह्यूमन इंटेलिजेंस तथा इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की मदद से जांच आगे बढ़ाई। इसी क्रम में पुलिस ने सौरव यादव नामक एक युवक को हिरासत में लिया। पूछताछ में सौरव ने अपने साथी दीपक उर्फ बाबा का नाम बताया, जो घटना में शामिल था। दीपक उर्फ बाबा की तलाश शुरू की गई और उसकी लोकेशन लकूला में एक ईंट भट्टे के पास मिली। जब पुलिस टीम ने उस क्षेत्र में घेराबंदी की, तो आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस को भी गोली चलानी पड़ी, दीपक के पैर में गोली लगी। अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस ने 12 घंटे में उसे गिरफ्तार किया।

# अवधपुरी का राम लला तो, सबकी आंखों का तारा

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** कला एवं साहित्य की अखिल भारतीय संस्था फर्रुखाबाद इकाई के द्वारा भारतीय नव संवत्सर एवं रामनवमी के उपलक्ष्य में वरिष्ठ साहित्यकार कवि राम अवतार शर्मा इंदु के जन्म दिवस पर विराट काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय कवि डॉक्टर शिवओम अम्बर ने कहा कि इंदु जी ने जीवन संघर्षों के बीच कविता को लिखा और मंचों पर पढ़ा है। उन्होंने कहा कि रामअवतार शर्मा इंदु श्रेष्ठ कवि छंदकार है। उन्होंने कांटों को भी मस्ती में जीते हैं, बस्ती बस्ती फरियाद नहीं करते, सच कहते है अथवा चुप रहते हैं हम लफ्जों को बर्बाद नहीं करते पंक्तियां पढ़ीं।



कवि रामअवतार शर्मा इन्दु को सम्मानित करते अधिवक्ता पंकज राजपूत व अन्य।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ कवि ज्योति स्वरूप अग्निहोत्री ने कहा कि अवधपुरी का राम लला तो, सबकी आंखों का तारा कविता पढ़ी। कवि राम शंकर अवस्थी ने कहा 'सारे प्राणियों को छुड़ाता सब बंधन से,सीमाओं में आप उसे वंदी न बनाइए। कवि उत्कर्ष अग्निहोत्री ने 'उस शख्स को तू न बता शाम हो गई, वो उठ के जहां बैठ गया शाम हो गई। कार्यक्रम में प्रांशु पाण्डेय, विशाल श्रीवास्तव,रत्नेश पाल, श्वेता शर्मा, ब्रज किशोर सिंह किशोर, दिलीप कश्यप, देवेश तिवारी, राज गौरव पाण्डेय,आदि ने काव्य पाठ किया ।

संस्था अध्यक्ष डॉक्टर सर्वेश श्रीवास्तव ने कहा सभी कवियों को रामनवमी की की शुभकामनाएं दी ।

कार्यक्रम संयोजक नीरज शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर संजय गर्ग, प्रमोद दीक्षित, रोशन शर्मा, प्रथम, रोली, आराध्या शर्मा, पंकज राजपूत एडवोकेट, अनुराग शर्मा, प्रथम शर्मा, अंजलि शर्मा, दर्पण शर्मा, धर्मेंद्र सिंह आदि लोग उपस्थित रहे ।

# आठ साल की बच्ची के साथ दरिंदगी

**फर्रुखाबाद।** रिश्ते में बाबा लगने वाले ने रिश्तों को शर्मसार करने वाली घटना को अंजाम दिया। धार्मिक आयोजन में गई आठ वर्ष की बच्ची को अपनी हवश का शिकार बनाया। फर्रुखाबाद के कमालगंज थाना क्षेत्र में रिश्ते में बाबा लगने वाले व्यक्ति ने बच्ची को पैसे का लालच देकर खेतों में बनी एक झोपड़ी में ले जाकर घटना को अंजाम दिया। घटना के बाद बच्ची रोते हुए घर पहुंची और अपनी मां को पूरी बात बताई। बच्ची की गंभीर हालत देखकर मां उसे तुरंत कमालगंज थाने ले गई। पुलिस ने तत्काल बच्ची को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। लोहिया अस्पताल में चार चिकित्सकों के पैनल द्वारा बच्ची का इलाज शुरू किया गया है। जानकारी पर पुलिस अधीक्षक आरती सिंह भी लोहिया अस्पताल पहुंचीं और बच्ची की मां से घटना की जानकारी ली। बच्ची की मां ने बताया कि बच्ची के पिता दिल्ली में मजदूरी का कार्य करते हैं। बच्ची गांव में ही अपनी मां व दो अन्य भाई बहन के साथ रहती है। अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह कमालगंज थाने पहुंचे। जहां सीओ के साथ घटना स्थल पर गए। वहीं फॉरेंसिक टीम ने भी नमूने लिए हैं।



सीओ सदर के कंधे पर अशोक चिह्न लगाते एसपी व एएसपी। अमृत विचार

### सीओ सदर पदोन्नत होकर एएसपी बने

**कन्नौज।** सीओ अभिषेक प्रताप अजेय पदोन्नति होकर अपर पुलिस अधीक्षक बन गये हैं। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने शुक्रवार को क्षेत्राधिकारी सदर अभिषेक प्रताप अजय को अपर पुलिस अधीक्षक के पद पर पदोन्नति आदेश मिलने के बाद उनके कंधे पर अशोक चिह्न लगाकर अलंकृत किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने उन्हें उत्कृष्ट सेवाओं एवं कर्तव्यनिष्ठा के लिए बधाई दी।

# पंखे से लटका मिला महिला का शव, हत्या की आशंका

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

- मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र के सिकंदरपुर गांव का मामला

**अमृत विचार।** मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर गांव में ज्योति (30) पत्नी कुलदीप प्रजापति का शव बीती रात घर के अंदर पंखे से दुपट्टे के सहारे लटका मिला, जिससे इलाके में सनसनी फैल गयी।



ज्योति।

सूचना पर कोतवाली पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। इधर विवाहिता के मायके वालों ने इसे आत्महत्या मानने से इनकार करते हुए हत्या की आशंका जताई।

मृतका के भाई विपिन का आरोप है कि ससुराल पक्ष द्वारा पहले भी ज्योति के साथ विवाद और मारपीट की घटनाएं हो चुकी थीं। उनका कहना है कि ज्योति की हत्या कर शव को फांसी पर लटकाया गया, ताकि इसे आत्महत्या का रूप दिया जा सके। परिजनों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला ने बताया कि फिलहाल कोई लिखित तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। सूचना के आधार पर आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फॉरेंसिक जांच के आधार पर मामले की गहन जांच में जुटी है, जिसके बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। वहीं महिला अपने पीछे 10 वर्षीय पुत्र कपिल और 6 वर्षीय पुत्री सुंदरी को छोड़ गई है, जिससे परिवार में मातम पसरा हुआ है।

# रामनवमी पर उत्साह से मना राम जन्मोत्सव, मंदिरों गूंजे जयकारे

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** 'भए प्रगट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारी' रामनवमी पर फर्रुखाबाद जिला राममय नजर आया। देवी मंदिरों में जय माता दी के उद्घोष गूंजे और पूरे जिले में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गईं, जो देर शाम तक जारी रहीं। हर ओर जय श्रीराम के जयकारों और भजन-कीर्तन से वातावरण भक्तिमय हो उठा।

सुबह 5 बजे से ही गुरुगांव देवी, गायत्री शक्तिपीठ, काली माता मंदिर, बढ़पुर माता दरबार, भोलेपुर वैष्णो मंदिर और भारतमाता मंदिरों में दर्शनार्थियों की भीड़ लगी रही। शहर के टाउन हॉल तिराहे से गुरुगांव देवी मंदिर तक भक्तों की लंबी कतारें देखी गईं। कई श्रद्धालुओं ने मंदिरों में ही कन्या भोज का आयोजन किया, जबकि कइयों ने घरों में कन्याओं का पूजन कर भोजन कराया। प्रमुख मंदिरों के आसपास पुलिस बल तैनात रहा और भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बैरिकेडिंग की व्यवस्था की गई। शहर के मित्तूकूचा स्थित श्री राम जानकी भैरव मंदिर में भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ भगवान श्रीराम के जन्म का उत्सव मनाया गया। इस शुभ अवसर पर प्रदीप सिंह कुक्कू चौहान, अमरनाथ दीक्षित, पुणे शमिश्रा, धीरेंद्र सारस्वत उर्फ धीरू, राम जी मिश्रा, वैदिक मिश्र, हिमांशु चौहान, डब्बू मिश्रा, मनोज मिश्रा, राजीव दीक्षित, राजेश दीक्षित, राजेश मिश्रा, चिंपू अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, लव सारस्वत आदि मौजूद रहे। इधर शहर के बढ़पुर स्थित शीतला माता मंदिर के बाहर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ने के कारण सड़क पर लंबा जाम लग गया। श्रद्धालुओं की संख्या अधिक होने से मुख्य मार्ग पर वाहनों की आवाजाही पूरी तरह बाधित हो गई, जिससे राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। बताया कि मंदिर में दर्शन के लिए दूर-दूर से आए भक्त आते हैं, इसलिए जाम हालात बनते है।



भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। अमृत विचार



न्यूज ब्रीफ

## बंदर के हमले में 9 वर्षीय बच्ची घायल

**भरथना।** कस्बा क्षेत्र के मोहल्ला सती मंदिर में शुक्रवार की सुबह घर के बाहर खेल रही एक 9 वर्षीय बच्ची पर बंदर ने अचानक झपट्टा मार दिया, जिससे वह घायल हो गई। बच्ची की चीख-पुकार सुनकर परिजन मौके पर दौड़ पड़े और उसे तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जानकारी के अनुसार मोहल्ला सती मंदिर निवासी शिवम की 9 वर्षीय पुत्री आर्ची घर के बाहर खेल रही थी, तभी अचानक बंदर ने उस पर हमला कर दिया। हमले में बच्ची घायल हो गई। परिजन उसे आनन-फानन में सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के साथ एंटी रेबीज वैक्सीन की डोज दी। चिकित्सकों के अनुसार बच्ची की हालत फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही है।

## मुंह में छिपकली रखने से मासूम की हालत बिगड़ी

**भरथना।** क्षेत्र के ग्राम सरावा में शुक्रवार दोपहर आठ माह के मासूम के मुंह में छिपकली चले जाने से उसकी तबीयत बिगड़ गई। परिजन घबराकर बच्चे को सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया। सरावा निवासी मिथुन के आठ माह के पुत्र सत्यम के साथ यह घटना उस समय हुई जब वह घर में खेल रहा था। इसी दौरान मासूम ने खेल-खेल में छिपकली को पकड़कर मुंह में रख लिया। कुछ देर बाद बच्चा जोर-जोर से रोने लगा। बच्चे की मां पूजा देवी ने बताया कि रोने की आवाज सुनकर जब उन्होंने देखा तो बच्चे के मुंह में छिपकली दिखाई दी, जिसे तुरंत बाहर निकाल दिया गया लेकिन मासूम को बेहोशी छाने लगी। यह देख परिजन बिना देर किए बच्चे को सीएचसी लेकर पहुंचे। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार किया, जिसके बाद फिलहाल बच्चे की हालत में सुधार बताया जा रहा है।

## आग से झुलसी महिला की गई जान

**इटावा।** थाना कोतवाली सदर क्षेत्र के अंतर्गत कटरा फतेह महमूद खां में एक महिला आग से झुलस कर गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे उपचार के लिए भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार पूनम 31 वर्ष पत्नी अजय कुमार निवासी कटरा फतेह महमूद खां घर पर खाना बनाते समय आग से गम्भीर रूप से झुलस गई। परिजनों ने उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसकी मौत हो गई। सदर कोतवाली पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया।

## मारपीट की घटनाओं में तीन लोग घायल

**इटावा।** जनपद के अलग अलग स्थानों पर हुईं मारपीट की घटनाओं में तीन लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। थाना वैदपुरा क्षेत्र के अंतर्गत वोहराइन निवासी प्रिंस पाल पुत्र शम्भू दयाल को दबंगों ने गांव में मारपीट कर घायल कर दिया। थाना बकेवर क्षेत्र के अंतर्गत अहेरीपुर निवासी विशाल दुबे पुत्र राजेन्द्र प्रसाद को दबंगों ने अहेरीपुर स्थित रामताल मंदिर के पास पीटकर घायल कर दिया। थाना सहसों क्षेत्र के अंतर्गत पिपरौली गढ़िया निवासी अंजली को पीट कर घायल कर दिया।

## ट्रेन की चपेट में आकर यात्री की मौत

**इटावा।** थाना जीआरपी क्षेत्र के अंतर्गत इटावा रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आकर एक यात्री की मौत हो गई। सूरज निवासी नवादा कोरौना थाना मिश्रिख सीतापुर की इटावा रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई।

# तेज रफ्तार कार मिक्सर मशीन में घुसी

## एक मजदूर की मौत और एक हुआ घायल, भरथना बकेवर रोड पर गांव कुअंरा के पास हुआ हादसा

संवाददाता भरथना इटावा

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के भरथना-बकेवर मार्ग पर गांव कुअंरा के पास शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। सड़क किनारे खड़ी लेंटर डालने वाली मिक्सर मशीन में तेज रफ्तार कार घुस गई। हादसे में मशीन पर बैठे दो मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के लिए ले जाते समय एक मजदूर की मौत हो गई। दूसरे का उपचार जारी है।

बताया गया कि बकेवर थाना क्षेत्र के लुधियानी गांव निवासी हरवंश (55) पुत्र राम दुलारे और सादिक अली (30) पुत्र अफसर अली अपने साथियों के साथ ट्रैक्टर और लेंटर मशीन से मंडी रोड स्थित एक निर्माणाधीन मकान पर काम करने जा रहे थे। इस दौरान भरथना ब्लॉक के पास मशीन सड़क किनारे खड़ी कर अन्य मजदूरों का इंतजार करने लगे। इसी बीच सामने से आ रही राजस्थान नंबर की तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर लेंटर मशीन में जा घुसी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और मशीन पर बैठे दोनों मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद चालक कार लेकर भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन कुछ दूर जाकर कार बंद हो गई। इसके बाद चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया।



घटना स्थल पर मौजूद लोग व मृतक की फाइल फोटो इनसेट। अमृत विचार

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, चालक वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल कर रहा था, जिससे हादसा हुआ।

घायलों को काफी देर तक एंबुलेंस नहीं मिल सकी, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने दोनों को बाइक से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरथना पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने हरवंश को मृत घोषित कर दिया, जबकि सादिक अली का इलाज जारी है। मृतक अपने पीछे पत्नी गुड्डी देवी, पुत्र दीपक और तीन बेटियां सपना, रचना व अनुराधा को छोड़ गया है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत

■ **ताख।** बृहस्पतिवार शाम शशिप्रभा (52) पति रामरतन के साथ बाइक से बिधूना जा रही थी। उनकी बाइक जैसे ही कुदरैल गोल चक्कर के पास पहुंची तभी अनियंत्रित कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। इसमें शशिप्रभा गंभीर रूप से घायल हो गई जबकि पति रामरतन को हल्की चोट आई। गंभीर हालत में शशिप्रभा को निजी वाहन से सीएससी सरसई नावर में भर्ती कराया गया। यहां डॉक्टरों ने शशिप्रभा को मृत घोषित कर दिया गया।

### सड़क दुर्घटनाओं में दो लोग घायल

■ **इटावा।** जनपद के अलग अलग स्थानों पर हुईं सड़क दुर्घटनाओं में दो लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। थाना फ्रेंडस कालोनी क्षेत्र के अंतर्गत उदयपुरा गांव में अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से सुधीर घायल हो गया। वहीं थाना इकदिल क्षेत्र के अंतर्गत हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से कमल घायल हो गया।

### बाइक की टक्कर से युवती जख्मी

■ **भरथना।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बेर आलमपुर संपर्क मार्ग पर खेत से घर वापस जा रही चांदनी को पीछे से आ रहे बाइक चालक ने टक्कर मार दी, जिससे चांदनी घायल हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजन चांदनी को घायल अवस्था में एंबुलेंस से सीएचसी पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चांदनी को रेफर कर दिया।

# प्रेमी साथ नहीं ले गया तो युवती ने जहर खाकर दी जान

संवाददताता भरथना इटावा

**अमृत विचार।** प्रेमी के साथ दिल्ली जाने पर अड़ी प्रेमिका ने बृहस्पतिवार को उसे करीब 10 बार फोन मिलाया लेकिन एक बार भी उसका फोन नहीं उठा। इससे क्षुब्ध होकर प्रेमिका ने घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजन उसे सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां गंभीर हालत में जिला अस्पताल के बाद उसे सैफई रेफर कर दिया। इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। वहीं, मृतक के पिता ने प्रेमी समेत परिजनों पर शादी के लिए पांच लाख रुपये मांगने का आरोप लगाया है।


कस्बा के एक मोहल्ला निवासी पिता ने बताया कि उसकी पुत्री का मोहल्ले के एक युवक के साथ प्रेम-प्रसंग चल रहा था। इसके चलते कई बार दोनों परिवारों में वाद विवाद भी हुआ। इसके बाद युवक उसकी पुत्री को फरवरी में दिल्ली ले गया। पीड़ित पिता ने इस मामले में युवक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई। बाद में दोनों की शादी करने पर दोनों पक्षों में समझौता हो गया। पिता का आरोप है कि समझौते के बावजूद युवक व उसके पिता शादी के लिए पांच लाख रुपये की मांग करने लगे। पीड़ित के पिता ने रुपये देने से इंकार कर दिया। वहीं,निजी कंपनी में काम करने के लिए युवक को दिल्ली जाना था। वहीं, प्रेमिका प्रेमी के साथ दिल्ली जाने की बात पर अड़ी थी। प्रेमी का कहना था कि अभी शादी नहीं हुई है। शादी होने के बाद दिल्ली ले चलेंगे। बृहस्पतिवार को प्रेमिका ने इसी बात को लेकर 10 बार फोन किया लेकिन प्रेमी ने एक बार भी फोन नहीं उठाया। इससे प्रेमिका ने घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया। गंभीर हालत में परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। यहां गंभीर हालत में उसे सैफई रेफर कर दिया गया। वहीं इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि पीड़ित पिता ने अभी तक तहरीर नहीं दी है। तहरीर मिलने पर प्रेमी समेत परिजनों पर कार्रवाई की जाएगी

# भाजपा की सरकार में किसान परेशान आलू की फसल में नुकसान : शिवपाल

संवाददताता भरथना इटावा

**अमृत विचार।** क्षेत्र के नगला प्राण मौजा बेर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में शुक्रवार को मुख्य अतिथि के रूप में शिवपाल सिंह यादव राष्ट्रीय महासचिव सपा पहुंचे। उन्होंने कथा वाचक दुर्गेश नंदन का माल्यार्पण कर आशीर्वाद लिया। आयोजक कमलेश कुमार यादव आढ़ती एवं उनके पुत्र उपेंद्र कुमार यादव ने मुख्य अतिथि का माल्यार्पण कर स्वागत किया। सौरभ यादव ने सपा का चुनाव चिह्न 'साइकिल' भेंट किया, जबकि सुभाष यादव ने भगवान कृष्ण की मूर्ति भेंट की। कथा आयोजन समिति की ने श्री नारायण शास्त्री को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

इस मौके पर शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि भागवत कथा से लोगों को जीवन का ज्ञान मिलता है और इसे अपने जीवन में उतारना चाहिए। इससे समाज में प्रेम और भाईचारे की भावना बढ़ती है तथा आपसी मनमुटाव दूर होते हैं। उन्होंने कथा आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक कार्यक्रम समाज के कल्याण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सरकार की नीतियों पर भी निशाना साधते हुए कहा कि वर्तमान समय में किसान बदहाल स्थिति से गुजर रहा है। आलू के दाम बेहद कम हैं, गैस सिलेंडर की उपलब्धता में समस्या है। कार्यक्रम का संचालन बृजेश यादव, जिला अध्यक्ष सेवानिवृत्त प्राथमिक शिक्षक कल्याण परिषद ने किया। इस अवसर पर हरिओम यादव, ध्रुव कुमार, नेम सिंह यादव, संतोष यादव, पंकज यादव प्रधान खेड़ा, सत्यवान यादव समेत तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



शिवपाल सिंह यादव का स्वागत करते आयोजक। अमृत विचार

● भागवत कथा में पहुंचे शिवपाल सिंह यादव, आयोजकों ने किया भव्य स्वागत

## जन शिक्षण संस्थान के प्रधान कार्यालय में हुई समिति की बैठक

**इटावा।** कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित जन शिक्षण संस्थान के कार्यालय पर प्रबन्ध समिति की बैठक चेयरमैन आशीष कुमार सिंह की अध्यक्षता एवं कार्यकारी समिति की बैठक नमिता तिवारी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में निदेशक रवीन्द्र चौहान ने 2025-26 की रिपोर्ट को प्रस्तुत करते हुए बताया कि जनपद में कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय द्वारा जनपद के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में वार्षिक वर्ष में सिलाई के 12, पार्लर के 12, कढ़ाई के 12, जूट क्राफ्ट मेकर 8, कम्प्यूटर ऑपरेटर के 10, फैशन ज्वैलरी 2, दर्जी एडवांस के 5, हेयर ड्रेसर सैलून एडवांस के 5, पापड़ मेकिंग मसाला पाउडर के 2, सॉफ्ट टॉय मेकिंग के 2, हेल्थकेयर के 10, कोर्स ऑफ कंप्यूटर कांसेप्ट के 8, डाटा एनालिसिस के 2 प्रशिक्षण केन्द्र संचालन के माध्यम से 90 केंद्रों में 1799 लाभार्थी प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके है।

# जिला पंचायत की बैठक में जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दे उठाए गए

कार्यालय संवाददताता इटावा

**अमृत विचार।** जिला पंचायत अध्यक्ष अभिषेक यादव की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में जिला पंचायत बोर्ड की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनप्रतिनिधियों एवं सदस्यों द्वारा जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दे प्रमुखता से उठाए गए। सदस्यों ने ऊसराहार से गंगापुर रोड पर गड्ढों की समस्या उठाते हुए शीघ्र मरम्मत कराने की मांग की गई।

बिजली विभाग के संबंध में सदस्यों ने कहा कि जब जनप्रतिनिधियों के बिलों के निस्तारण में 3-4 माह का समय लग जाता है तो आम जनता को कितनी परेशानी होती होगी। इस पर विभाग को शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सेवायोजन विभाग की समीक्षा के दौरान कहा गया कि जनपद में रोजगार मेलों का आयोजन तो किया जाता है, लेकिन पंजीकरण के बाद अभ्यर्थियों की समुचित निगरानी नहीं हो पाती, इस पर प्रभावी मॉनिटरिंग व्यवस्था लागू करने को कहा गया। जल निगम पेयजल योजनाओं के अंतर्गत पाइपलाइन बिछाने के लिए सड़कों को खोदे जाने के बाद मरम्मत न होने एवं कई स्थानों पर जलापूर्ति शुरू न होने की समस्या उठाई गई। पीडब्ल्यूडी सड़कों के शिलान्यास कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा का मुद्दा भी उठाया गया। सांसद प्रतिनिधि मनोज बंटी यादव ने कहा कि जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर अधिकारी गंभीरता नहीं दिखाते तथा कई बार बैठकों में पूर्ण उपस्थिति भी नहीं रहती। इकदिल क्षेत्र में खारवी नाले में शहर का नाला जोड़ दिए जाने से गंदगी एवं प्लास्टिक कचरा नाले को चोक कर देता है। बैठक में सदर विधायक प्रतिनिधि सचिन यादव, भरथना विधायक प्रतिनिधि जीतू यादव, ब्लॉक प्रमुख ताखा ध्रुव यादव और अन्य जिला पंचायत सदस्य, अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत स्वाति जैन सहित अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।



बैठक में उपस्थित जिला पंचायत अध्यक्ष अभिषेक यादव व अन्य। अमृत विचार

## भाजपा जिला कमेटी व मनोनीत सभासदों का हुआ स्वागत

कार्यालय संवाददताता इटावा

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी की जिला कार्यकारिणी बन जाने पर सभी पदाधिकारी और मनोनीत सभी सभासदों का स्वागत एवं अभिनंदन समारोह मधुवन वाटिका में संपन्न हुआ जिसमें होली जैसा माहौल दिखाई पड़ा और फूलों की बरसात के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। यहां पर हुए कार्यक्रम में सभी लोग उल्लास मे नजर आये और सभी ने एक दूसरे को बधाई देते हुए मिष्ठान खिलाया। फूलमाला एवं पटका पहनाकर तथा चंदन तिलक लगाकर सभी का जोरदार स्वागत किया गया। पूरी कार्यकारिणी में समर्पण एवं उत्साह तथा एकजुटता का माहौल दिखाई पड़ा।

इंजीनियर हरि किशोर तिवारी ने कहा कि जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता की अगुवाई में नई टीम सर्वोच्च शिखर पर प्रदर्शन करेगी विभागों में भी जो समस्याएं सामान्य रहती हैं उनको भी टीम बनाकर दूर करने का काम करेंगे और 2027 के चुनाव में इटावा की सभी सीटों को जीतकर मोदी और योगी के हाथों को मजबूत करेंगे।

जिला अध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने सभी पदाधिकारी को एकजुट रहकर एक दूसरे का सम्मान के साथ कार्यक्रमों में बढ़चढ़ कर भागीदारी करते हुए भारतीय जनता पार्टी का परचम लहराने हेतु संकल्पित किया और साथ निभाने का वादा भी किया। जिला पंचायत चुनाव और विधान परिषद, विधानसभा के सभी चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए सभी सीटों पर भारतीय जनता पार्टी को विजयश्री हासिल करने हेतु सभी को संकल्पित भी कराया।

# पत्रकारों की मांगों को लेकर संयुक्त प्रेस क्लब ने सदर विधायक को दिया ज्ञापन

कार्यालय संवाददताता इटावा

**अमृत विचार।** पत्रकारों/मीडिया कर्मियों की विभिन्न समस्याओं एवं मांगों को लेकर संयुक्त प्रेस क्लब ने शुक्रवार को सदर विधायक सरिता भदौरिया को ज्ञापन सौंपा।

संयुक्त प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजेंद्र भसीन, महामंत्री सुधीर मिश्र, मसूद तैमूरी, अध्यक्ष इलेक्ट्रॉनिक मीडिया अन्नू चौरसिया व संगठन मंत्री रघुवीर यादव द्वारा दिए गए ज्ञापन में सरिता भदौरिया से मांग की गई कि पत्रकारों की समस्याओं के समाधान और सुझाव हेतु गठित मान्यताप्राप्त पत्रकारों की जिला स्तरीय स्थायी समिति में वरिष्ठता क्रम के अनुसार सदस्यों को नामित कर निर्धारित समयांतराल पर बैठक बुलाई जाए। पत्रकारों के सम्मान, सुरक्षा और उनकी पहचान को लेकर प्रशासन स्तर पर ऐसे जांच प्रावधान लागू किए जाएं जिससे वास्तविक पत्रकारों और अमान्य अराजक गतिविधियों वाले छद्मवेशी मीडियाकर्मियों की पहचान हो सके। कई पत्रकारों को अभी तक आयुष्मान कार्ड बनकर नहीं मिले हैं,जिन्हें सूचना विभाग के माध्यम से शीघ्र बनवाया जाए। 60 वर्ष से ऊपर के मान्यताप्राप्त पत्रकारों के शासन ने पेंशन योजना के फार्म भरवाए हैं, उन वरिष्ठ पत्रकारों की पेंशन शुरू कराने की अनुशंसा की जाए। कोरोना काल के समय बन्द हुई मान्यताप्राप्त पत्रकारों को रेल यात्रा में रियायत को पुनः बहाल की जाए तथा टोल प्लाजा पर मान्यता प्राप्त पत्रकारों को टोल टैक्स निःशुल्क करने का प्रावधान किया जाए। विधायक ने सभी मांगों एवं समस्याओं को सुनकर जिलाधिकारी से बात करने की बात कही।



सदर विधायक को ज्ञापन देते राजेन्द्र भसीन व अन्य। अमृत विचार

# प्रबंध निदेशक ने तीन बिजली घरों का किया औचक निरीक्षण

कार्यालय संवाददताता इटावा

**अमृत विचार।** विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अजय अग्रवाल ने जनपद के तीन प्रमुख बिजलीघरों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने फ्रेंड्स कॉलोनी, रामनगर और इकदिल बिजलीघरों की व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान प्रबंध निदेशक ने यह परखा कि सरकार की योजनाएं धरातल पर सही तरीके से लागू हो रही हैं या नहीं। उन्होंने विद्युत आपूर्ति की स्थिति, लाइन लॉस, ओवरलोडिंग और उपभोक्ताओं को मिल रही सेवाओं की गुणवत्ता की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने ओटीएस योजना की प्रगति की जानकारी ली और स्मार्ट मीटरों की स्थापना एवं उनके संचालन को लेकर भी अधिकारियों से चर्चा की। प्रबंध निदेशक ने निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए और जहां भी खामियां हों, उन्हें तत्काल दुरुस्त किया जाए। उन्होंने खराब लाइनों की मरम्मत, ट्रांसफॉर्मरों की क्षमता वृद्धि और बिजली चोरी पर सख्ती से रोक लगाने के निर्देश भी दिए। साथ ही उपभोक्ताओं से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

इस मौके पर अधिशासी अभियंता धर्मेंद्र सोनी, अधीक्षण अभियंता ऋषभ देव सहित विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

धर्म आस्था

श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया नवमी का पर्व

# मंदिरों में पूजा अर्चना कर कन्याओं का कराया भोज

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** शुक्रवार को कन्या भोज व हवन पूजन के साथ रवि योग व पुर्नवसु नक्षत्र में नवरात्रि संपन्न हो गये। नवमी पर देवी भक्तों ने शक्ति के नौवें स्वरूप माता सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना कर घर परिवार में सुख समृद्धि की कामना की। देवी मंदिरों में माता की पूजा अर्चना के लिए भोर से देर रात तक श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा।

सिद्ध शक्तिपीठ माता कालीबांह मंदिर, लखना के कालिका देवी मंदिर व बलरई के ब्रह्माणी देवी मंदिर व पुरोहितन टोला के आनंदी देवी मंदिर व भेहड़ बाली माता मंदिर पर नवमी के अवसर पर भक्तों की अधिक भीड़ रही। मंदिर जाने वाले मार्गों पर पूरे दिन जाम की स्थिति रही। चारों ओर माता के जयघोष गुंजायमान होते रहे। इस बार मां दुर्गा पालकी में सवार होकर आई थी और हाथी की सवारी से प्रस्थान किया।

नवरात्रि में इस बार कई विशेष योग थे जिसके चलते भक्तों में काफी उत्साह दिखाई दिया। नवमी पर दुर्लभ योग व नक्षत्र का विशेष संयोग था। रवि योग में माता सिद्धिदात्री का पूजन अर्चन किया गया। प्रमुख देवी मंदिरों के साथ अन्य मंदिरों पर भी काफी संख्या में भक्त पूजन अर्चन को पहुँचे। सिद्ध शक्तिपीठ माता कालीबांह मंदिर पर सुबह 3:00 बजे होने वाली पहली आरती के समय से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था। यहॉ पर देर रात तक भीड़ चलती रही। सिद्ध शक्तिपीठ पर जिले के ही नहीं देशभर के श्रद्धालु माता की पूजा-अर्चना व दर्शनों के लिए पहुंचे। नवमी तिथि पर माता सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना की गई।

कालीबांह मंदिर के गर्भ गृह में स्थापित त्रिशक्ति माता महाकाली, महालक्ष्मी और महासरस्वती का विशेष श्रृंगार किया गया था। माता के पूजा अर्चना के लिए सुबह से रात तक मंदिर में भक्तों की लाइनें लगी रही। काफी संख्या में श्रद्धालु माता के दरबार में दंडोति करते हुए पहुंचे। श्रद्धालुओं ने माता को हलवा पूरी व चने का भोग अर्पित किया। नौ दिन तक व्रत रखने वाले देवी भक्तों ने देवी दरबार में पहुंचकर जवारे अर्पित किए और मंदिर के बहार व घरों में कन्या भोज कराकर अपने व्रत का परायण किया। इस दौरान जगह जगह कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोजन कराया गया।



ब्रहमाणी देवी पर दर्शन करने के लिए लगी भक्तों की भीड़। अमृत विचार



राम जन्मोत्सव पर शोभायात्रा निकालते लोग। अमृत विचार

# भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने को उमड़ा लोगों का सैलाब

संवाददताता बकेवर इटावा

**अमृत विचार।** विकास खंड महेवा के ग्राम बसैयाहार में आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं श्रीमद्भागवत कथा का विशाल भंडारे के साथ शुक्रवार को समापन हो गया। भंडारे के दिन कथा के आयोजक राम गोविंद तिवारी ने दो गरीब कन्याओं का विवाह कराया। जिन्हे दहेज के रूप में सारा सामान दिया गया।

पूर्व प्रधान राम गोविंद तिवारी ने बसैयाहार में भगवत कथा का आयोजन किया। जिसमें वासुदेव जी महाराज ने सात दिनों तक लोगों को कथा का श्रवण कराया। शुक्रवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें गांव की अंजलि की शादी भीखेपुर के देव से व शिल्पी निवासी अर्जुन नगर पक्का बाग की शादी बरालोकपुर निवासी मनमोहन के साथ कराया गया। कथा पंडाल में पूरे विधि विधान के साथ विवाह कराया गया। कथा पंडाल में मौजूद साधू संतों ने नव दंपती को आशीर्वाद दिया। कथा के दौरान भजनों और संकीर्तन से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। इस अवसर रमाकांत शुक्ला, श्यामू तिवारी, सोनू तिवारी लालू प्रवीन तिवारी, विनीत तिवारी सहित अन्य लोग व्यवस्थाओं में लगे रहे। कार्यक्रम में यजमान पूर्व प्रधान राम गोविंद तिवारी एवं उनका परिवार, परीक्षित अजीत तिवारी तथा समस्त तिवारी परिवार समेत तमाम लोग रहे।



कार्यक्रम स्थल पर मौजूद वर-वधू व मौजूद लोग

● दो कन्याओं का कराया गया विवाह साधू संतों ने दिया आशीर्वाद

## न्यूज ब्रीफ

### डंपर की टक्कर से युवक की मौत

**बेला।** नई बस्ती किसनी रोड बिधूना निवासी शिवम गुप्ता (24) पुत्र राकेश गुप्ता बाइक से जा रहा था, तभी तेज रफ्तार डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल शिवम को तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बाइक के नंबर के आधार पर युवक की पहचान कर परिजनों को सूचना दी। हादसे की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए, जिससे परिवार में कोहराम मच गया। डंपर की तलाश के लिए पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

### गहरे गड्ढे में फंसकर पलटा ई-रिक्शा

**बेला/बिधूना।** बेला-बिधूना मार्ग पर शुक्रवार को एक ई-रिक्शा गहरे गड्ढे में फंसकर पलट गया। हादसे में चालक रामवीर बाल-बाल बच गए। ई-रिक्शा में सामान लादकर रामवीर बिधूना से बेला की ओर जा रहे थे। बाइक एजेंसी के सामने ई-रिक्शा का पहिया सड़क के गड्ढे में फंस गया, जिससे पलट गया। गनीमत रही कि इस दुर्घटना में चालक को कोई गंभीर चोट नहीं आई और वह सुरक्षित बच निकले। स्थानीय लोगों का कहना है कि बेला-बिधूना मार्ग पर जगह-जगह गड्ढे हैं, जिससे हादसे हो रहे हैं।

### सांप के डसने से मजदूर गंभीर

**औरैया।** सदर कोतवाली के पुरवारहट स्थित एक ईंट भट्ठे पर कार्यरत एक मजदूर को सांप ने डस लिया, जिससे मौके पर हड़कंप मच गया। घटना शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे की बताई जा रही है। मजदूर राजकुमार (पुत्र श्यामलाल) भट्ठे पर काम कर रहे थे, तभी अचानक उन्हें सांप ने काट लिया। घटना के बाद वहां मौजूद अन्य मजदूरों में अफरा-तफरी मच गई। साथी मजदूरों ने तत्परता दिखाते हुए राजकुमार को तुरंत पास के 50 सैय्या अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों के अनुसार समय पर उपचार मिलने से राजकुमार की हालत ठीक है।

### रामकथा का समापन आज होगा भंडारा

**ऐरवाकटरा।** ऐरवा टिकता ताल स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर परिसर में श्री राम कथा का समापन हो रहा है। आचार्य पंडित अमरदीप अवस्थी ने राम कथा के नौवें दिवस पर राम राज्याभिषेक की सुंदर लीला का वर्णन किया और भगवान राम के जीवन के आदर्श पर चलने के लिए लोगों को प्रेरित किया। 28 मार्च को सुबह हवन पूजन के बाद भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी को प्रसाद ग्रहण करने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर परीक्षित राजेश कुमारी, ताराचंद शर्मा, नरेंद्र शर्मा पूर्व प्रधान, आरव सक्सेना, रानू पालीवाल पूर्व जिला पंचायत सदस्य, वीनू सक्सेना सपा नेता, अंश सक्सेना आदि श्रद्धालु उपस्थित रहेंगे।

### तेज हवाओं के साथ हुई ओलावृष्टि

**जालौन।** नगर क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर मौसम ने अचानक करवट ली और तेज हवाओं के साथ ओलावृष्टि शुरू हो गई। करीब दस मिनट तक गिरे ओलों ने लोगों को हैरान कर दिया। पहले आसमान में बादल छा गए और देखते ही देखते बारिश के साथ ओले गिरने लगे। अचानक ओलावृष्टि से राहगीरों और बाजार में खरीदारी कर रहे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। लोग दुकानों और आसपास की छतों के नीचे भागे। कई स्थानों पर सड़कों पर पानी भर गया। ओलावृष्टि के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गई, जिससे लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत जरूर मिली। हालांकि किसानों के लिए यह मौसम चिंता का कारण बन सकता है। खेतों में खड़ी फसलों, विशेषकर गेहूं, सरसों की फसल को नुकसान की आशंका जताई जा रही है।

### अधिवक्ता इलेवन ने 35 रनों से जीता मैच

**जालौन।** बाराही देवी मेला मैदान पर रात्रिकालीन जालौन ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट में अधिवक्ता इलेवन ने पॉलिटिक्स इलेवन को 35 रनों से हराया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी पॉलिटिक्स इलेवन की शुरुआत खास नहीं रही। शुरुआती विकेट जल्दी गिरने के बाद टीम दबाव में आ गई, सोनू चौहान ने 33 गेंदों में 77 रनों की शानदार पारी खेली। उनकी इस पारी में 6 चौके और 8 छक्के शामिल रहे। टीम ने 12 ओवर में 5 विकेट खोकर 131 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी अधिवक्ता इलेवन ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया। नमन श्रीवास्तव ने 48 गेंदों में 67 रन बनाकर टीम की जीत की नींव रखी। टीम ने निर्धारित 12 ओवर में 4 विकेट खोकर मुकाबला अपने नाम किया।

# मां सिद्धिदात्री की आराधना-साधना, हवन-पूजन

औरैया टीम



मां मंगला काली मंदिर में कन्या भोज के बाद गिफ्ट दिए गए। अमृत विचार


बिधूना में पूजा-अर्चना करतीं महिलाएं। अमृत विचार

- चैत्र नवरात्र की नवमी पर उपवास का किया गया पारायण
- देवी स्वरूप कन्याओं को दक्षिणा और उपहार भेंट किए गए

**अमृत विचार।** समाजसेवी संगठन एक विचित्र पहल सेवा समिति की ओर से चैत्र नवरात्र नवमी पर धीरजपुर में कन्या पूजन के बाद भोज कराया गया। कन्याओं को रोली का तिलक लगाकर आरती की और प्रसाद के रूप में पूड़ी-सब्जी, मिष्ठान का भोजन कराया। दक्षिणा में फल, उपहार, नमकीन के पैकेट भेंट किए गए। कार्यक्रम संयोजक एलएन गुप्ता व उनकी धर्मपत्नी पुष्पा गुप्ता रहीं।

कार्यक्रम में समिति के संस्थापक आनन्द नाथ गुप्ता एडवोकेट, महिला शाखा तुलसी की प्रभारी बबिता, समिति के अध्यक्ष राजीव पोरवाल (रानू), सखी ग्रुप की सदस्य अनीता पोरवाल, प्रखर गुप्ता, तारावती, फूलगंज सांस्कृतिक समिति के अध्यक्ष हरगोविंद तिवारी, धर्म अग्रवाल (लोली), एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के उप-प्रबंधक प्रदीप सिंह सेंगर, धर्मेंद्र कुमार, हिमांशु दुबे, सतीश कुमार, नैतिक, शिवानी, दिव्या, अवनी आदि मौजूद रहे।

बिधूना संवाददाता के अनुसार कस्बे के ऐतिहासिक दुर्गा माता मंदिर में नवमी पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। शुक्रवार को तड़के चार बजे से ही भक्तों का मंदिर पहुंचना शुरू हो गया था। महाआरती में नगर एवं क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने भाग लिया। रात्रि तक मंदिर परिसर 'जय माता दी' के जयकारों से गूंजता रहा। नवरात्र के प्रथम दिवस से ही माता के मंदिर में भक्त झंडा चढ़ाने के लिए आते रहे। इस अवसर पर मंदिर परिसर में भारी भीड़ दिखाई दी। मंदिर परिसर में बधाईयां देने वालों का भी तांता लगा रहा। इस अवसर पर लोगों ने गाजे बाजे के साथ बधाइयां डाली।

श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से मां दुर्गा के विभिन्न रूपों की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर के महंत ओम प्रकाश तिवारी ने बताया कि सच्ची श्रद्धा और विश्वास के साथ मां की आराधना करने वाले भक्तों की सभी मनोकामनाएं मां पूर्ण करती हैं। नवरात्र में भीड़ को देखते हुए मंदिर परिसर एवं मंदिर के बाहर पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही। नवरात्रि को लेकर शुक्रवार को घरों में भी कन्याओं को भोजन कराया गया और उनसे आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर नगर में जगह-जगह भंडारे भी आयोजित किए गए, जहां श्रद्धालुओं ने प्रसाद छका।

# निपुण आकलन में 229 प्रधानाध्यापक सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- श्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर सम्मान के हकदार बने प्रधानाध्यापक

**अमृत विचार।** निपुण भारत मिशन के तहत जनपद में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को शुक्रवार को निपुण सम्मान से नवाजा गया। शहर के साईं मंदिर हाल में आयोजित समारोह में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजीव कुमार ने चयनित प्रधानाध्यापकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान जिले के 229 विद्यालयों को 'निपुण विद्यालय' घोषित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ बीएसए संजीव कुमार व खंड शिक्षा अधिकारी अछल्दा प्रवीण कुमार ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया। बीएसए ने शिक्षकों को शिक्षा की आधारशिला बताते हुए उनके कार्यों की सराहना की। उन्होंने नए शैक्षिक सत्र में नामांकन बढ़ाने पर विशेष जोर देते हुए शासन की सभी योजनाओं का समयबद्ध व प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने उपस्थित प्रधानाध्यापकों से सफलता को बनाये रखने व अन्य विद्यालय को निपुण विद्यालयों से सीख लेने की बात कही।

खंड शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार ने कहा कि निपुण भारत मिशन के तहत विद्यालयों द्वारा प्राप्त यह उपलब्धि सराहनीय है। एसआरजी के सदस्य सुभाष रंजन द्विवेदी ने नए सत्र की कार्ययोजना पर चर्चा की। डीसी प्रशिक्षण सौरभ गुप्ता ने बताया कि डीएलएड प्रशिक्षुओं द्वारा परिषदीय विद्यालयों का मूल्यांकन किया गया था। कार्यक्रम में एसआरजी सुभाष रंजन द्विवेदी, अलका यादव, डीसी सामुदायिक सहभागिता प्रमोद विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे।

# नवरात्र में पति ने गटकी शराब तो पत्नी ने आत्महत्या की ठानी

## बच्चे के साथ ट्रेन से कटने अछल्दा पहुंची महिला की होमगार्ड ने बचाई जान

संवाददाता, अछल्दा (औरैया)

- थाने में महिला और उसके परिजनों को समझाकर घर भेजा
- अछल्दा रेलवे फाटक पर घटना के बाद मची अफरा-तफरी


महिला की जान बचाने के बाद मौके पर मौजूद पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कस्बे के रेलवे फाटक पर शुक्रवार को एक बड़ा हादसा उस समय टल गया, जब ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड की सतर्कता से ट्रेन से कटकर आत्महत्या करने आई एक महिला को बचा लिया गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और महिला व उसके परिजनों को थाने ले जाकर समझाने-बुझाने के बाद सकुशल घर भेज दिया।

जानकारी के अनुसार इटावा जिले के महेवा थाना क्षेत्र के नगला छिद्दी गांव निवासी महेंद्र सिंह अपनी पत्नी पिंकी और 10 वर्षीय पुत्र आकाश के साथ गुरुवार को नवरात्र की अष्टमी के अवसर पर अपनी ससुराल बिधूना कोतवाली क्षेत्र के लुधपुरा गांव आए थे। यहां महेंद्र सिंह और उनके साले सत्यवीर ने शराब का सेवन कर लिया, जिसके बाद आपसी कहासुनी और विवाद हो गया। विवाद से आहत होकर शुक्रवार को पिंकी अपने पुत्र के साथ अछल्दा रेलवे फाटक पहुंच गई और ट्रेन से कटकर आत्महत्या करने की ठानी।

वह काफी देर तक ट्रेन का इंतजार करती रही। इसी दौरान वहां ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड शिव नारायण शाक्य की नजर उस पर पड़ी। उन्होंने तत्परता दिखाते हुए महिला को समझाया और आत्महत्या करने से रोका। होमगार्ड ने तत्काल पुलिस को सूचना दी, जिस पर उपनिरीक्षक हेमलता और उपनिरीक्षक राजेन्द्र सिंह मौके पर पहुंचीं और महिला से पूछताछ की। महिला ने बताया कि पति और भाई द्वारा शराब पीकर किए गए विवाद से परेशान होकर उसने यह कदम उठाने का निर्णय लिया था। पुलिस महिला, उसके पति और बच्चे को थाने ले आई, जहां काफी देर तक समझाने-बुझाने के बाद सभी को सकुशल घर भेज दिया।

### युवक ने कमरे में फंदा लगाया, हालत गंभीर

**औरैया।** कोतवाली क्षेत्र के समरथपुर गांव में शुक्रवार सुबह 9 बजे सर्वेश सविता पुत्र रामा सविता अपने कमरे में गया और अंदर से कुंडी बंद कर ली। काफी देर तक बाहर न आने और आवाज देने पर भी कोई जवाब न मिलने पर परिजनों को संदेह हुआ। घबराए परिजनों ने कमरे का दरवाजा तोड़ा तो सर्वेश फंदे पर लटका था। परिजनों ने तुरंत उसे नीचे उतारकर गंभीर हालत में जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक होने पर रेफर कर दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा रहा। फंदा लगाने के कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सके हैं। परिजन भी इस संबंध में कुछ बताने की स्थिति में नहीं हैं। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# टीईटी अनिवार्यता को लेकर बैठक


बैठक के दौरान दिल्ली रैली की तैयारियों पर चर्चा करते संगठन के पदाधिकारी। अमृत विचार

संवाददाता, फफूंद (औरैया)

**अमृत विचार।** टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में टीईटी अनिवार्यता के विरोध में 4 अप्रैल को दिल्ली के रामलीला मैदान में प्रस्तावित रैली को सफल बनाने के उद्देश्य से कस्बे में जिला कार्य समिति तथा सभी ब्लॉक संघर्ष समिति के पदाधिकारियों की बैठक हुई। अध्यक्षता प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अखिलेश चंद्र यादव ने की। प्रादेशिक पर्यवेक्षक के रूप में मंडलीय मंत्री उदय नारायण यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक का सफल संचालन जिला मंत्री अरविंद राजपूत द्वारा किया गया।

बैठक में मांडलिक मंत्री उद्यनारायण यादव ने कहा कि टेट की लड़ाई जीवन मरण की लड़ाई है इसमें किसी अध्यापक को पीछे नहीं हटना है , यदि हम झुके तो विभाग के अस्तित्व पर संकट आएगा। केंद्र सरकार चाहे तो एक अध्यादेश लाकर इस समस्या को खत्म कर सकती है, लेकिन वो भी इसको लटकाए हुए है।उन्होंने कहा कि 4अप्रैल को दिल्ली के रामलीला मैदान में ऐतिहासिक रैली होगी, जिसमें प्रदेश व देश लाखों शिक्षक भाग लेंगे।

जिलाध्यक्ष अखिलेशचंद्र यादव ने कहा कि टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के नेतृत्व देश के 20से अधिक राज्यों के शिक्षक रामलीला मैदान में टेट अनिवार्यता के विरोध में हुंकार भरेंगे। उन्होंने बताया कि जनपद से एक हजार शिक्षक दिल्ली रैली में प्रतिभाग करेगा। प्रत्येक ब्लॉक से एक बस की व्यवस्थाकी गई है जो 3 अप्रैल शाम को प्रत्येक ब्लॉक से रवाना होगी। इसके अलावा सैकड़ों शिक्षक निजी साधनों ओर रेल से कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे।

बैठ में अशोक भास्कर, सुनील यादव, संजय सेंगर, डॉ राजीव उपाध्याय, ओमेंद्र चौहान, पहचान सिंह, नीरज चक, हरनारायण सिंह, वीरपाल सिंह, अनिरुद्ध यादव, विवेक वाजपेई, बुद्धिपाल सिंह यादव, अरविंद दुबे, मुकेश कुमार, पंकज कठेरिया, संजय सेंगर, गिरीश यादव, दीपक दुबे, देवांशु श्रीवास्तव, सुनील कुमार, ओमनारायण पाल, आनंद कुमार, अरविंद सिंह, विक्रम दत्त, प्रबल प्रताप, सुधीर कुमार, सतेंद्र कुमार, अनिल कुमार, राजेश कुमार, दुर्गेश राजपूत, शिवप्रताप राजपूत, वकील अहमद, सक्षम राजपूत, संतोष सिंहोलिया आदि उपस्थित रहे।

# सती मंदिर में झंडा चढ़ाने के दौरान बवाल, चलीं लाठियां

संवाददाता, अछल्दा (औरैया)

- वीडियो वायरल होते ही पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ की

**अमृत विचार।** नवमी पर इटैली के सती मंदिर पर झंडा चढ़ाने के दौरान दो पक्षों के बीच लाठी-डंडे चल गए। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस प्रशासन हरकत में आ गया।

बताया जाता है कि एक मुस्लिम व्यक्ति मनोकामना पूर्ण होने पर झंडा चढ़ाने मंदिर आया था। इटावा के भरथना क्षेत्र निवासी अजुष पुत्र निशाम साढ़ू चेतु के साथ मंदिर पहुंचे थे। किसी बात को लेकर कहासुनी शुरू हो गई, जो मारपीट में बदल गई। लोगों ने बीच-बचाव का प्रयास किया, लेकिन विवाद बढ़ता गया। सूचना पर बिधूना सीओ पुनीत मिश्र, थाना प्रभारी पंकज मिश्रा और कुदरकोट थाने की पुलिस पहुंची और एक व्यक्ति को हिरासत में ले लिया, जिससे पूछताछ की जा रही है। घटना के बाद पुलिस अलर्ट रही। ड्रोन से मेले पर नजर रखी गई। श्रद्धालुओं से संवाद कर उन्हें सुरक्षा का एहसास दिलाया गया। सीओ पुनीत मिश्र ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# कालपी के दो मंदिरों को मिले 1.37 करोड़

**कालपी (जालौन)।** विधायक विनोद चतुर्वेदी के प्रयास से शासन ने कालपी के बनखंडी देवी मंदिर एवं मराठा कालीन गणेश मंदिर को संरक्षित करने एवं सौंदर्यीकरण करने हेतु एक करोड़ 37 लख रुपये स्वीकृत किए हैं।

पिछले दिनों सांघी के पातालेश्वर मंदिर के सौंदर्यीकरण हेतु सवा करोड़ रुपये स्वीकृत हुए थे। उत्तर प्रदेश शासन के अनु सचिव संजीव कुमार श्रीवास्तव ने पर्यटन विभाग के महानिदेशक को पत्र जारी कर गणेश मंदिर हेतु 64 लाख 55000 रुपये एवं बनखंडी देवी मंदिर हेतु 72 लाख 51 हजार रुपये से काम कराए जाने की स्वीकृत प्रदान की है। जल्द ही काम शुरू होगा।

# पहली बार उड़ान भरकर चहक उठे नौनिहाल

कार्यालय संवाददाता, औरैया



अविष्कार प्रदर्शनी में मौजूद हर्षित। अमृत विचार

**अमृत विचार।** परिषदीय विद्यालयों के छात्रों ने एक नई ऊंचाई छूते हुए पहली बार हवाई जहाज से उड़ान भरकर इतिहास रच दिया। राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत जनपद के दो प्रतिभाशाली छात्र काव्य और हर्षित को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर आईआईटी गांधीनगर में एक्सपोजर विजिट का अवसर मिला। यह शैक्षिक भ्रमण 23 मार्च से 26 मार्च तक आयोजित किया गया, जिसमें एडी बेसिक शिवेंद्र प्रताप सिंह द्वारा गठित समिति के साथ छात्रों को भेजा गया।

जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में उच्च प्राथमिक विद्यालय चांवरपुर (विकासखंड अजीतमल) के कक्षा 7 के छात्र हर्षित ने "4 आर मॉडल" प्रस्तुत कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया था, जबकि काव्य ने प्रथम स्थान हासिल किया। परियोजना के मानकों के अनुरूप प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को हवाई यात्रा का विशेष अनुभव प्रदान किया गया। छात्रों ने बताया कि उनकी पहली हवाई यात्रा बेहद रोमांचक रही। एयरपोर्ट पर सुरक्षा जांच की प्रक्रिया से लेकर उड़ान और लैंडिंग तक हर पल उनके लिए नया और यादगार था।

आईआईटी गांधीनगर में छात्रों ने रोबोटिक्स लैब, विभिन्न टीचिंग-लर्निंग मैटेरियल और आधुनिक तकनीकों का अवलोकन किया। साथ ही संस्थान के विशेषज्ञों और प्रवक्ताओं से संवाद कर उन्हें नई-नई जानकारियां और प्रेरणा मिली। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजीव कुमार ने कहा कि इस प्रकार के शैक्षिक भ्रमण बच्चों के लिए अत्यंत प्रेरणादायी होते हैं। इससे उनमें बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने का आत्मविश्वास विकसित होता है।

**आस्था का उत्साह** | शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में दिखा गजब का उत्साह

# रामनवमी पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

संवाददाता, कालपी (जालौन)


शोभायात्रा में शामिल हुए कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शुक्रवार को रामनवमी की शोभायात्रा नगर में आस्था और उल्लास के साथ निकाली गई जिसमें मनमोहक झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। इस दौरान हजारों श्रद्धालु मौजूद रहे।

पौराणिक मान्यता है कि श्री राम इसी दिन अवतरित हुए थे । इसी के चलते शुक्रवार को टरननगंज स्थित रामजानकी मन्दिर से पूजा अर्चना के साथ शोभायात्रा की शुरुआत हुई जो टरननगंज बाजार से होकर खोयामण्डी, वापस सब्जी मण्डी रोड से गुजरकर हाईवे पार कर आनन्दी देवी मन्दिर, मुन्ना फुलपावर चौराहा, दुर्गा मन्दिर कोतवाली के सामने से गुजरकर रेलवे स्टेशन वापस रामगंज से होकर वापस हाईवे पार कर हरीगंज चौराहा। कालीदेवी मन्दिर से होकर श्री दरबाजा से निकलकर अदलसराय स्थित पाहूलाल मन्दिर में झांकियों की पूजा अर्चना के बाद शोभायात्रा का समापन हो गया। शोभायात्रा में क्षेत्रीय विधायक बिनोद चतुर्वेदी, पूर्व विधायक नरेंद्र पाल सिंह जादौन, छंगे आश्रम के महन्त मनीष पाण्डेय, पालिका अध्यक्ष अरविन्द यादव, भाजपा नेता शशिकांत सिंह चौहान,नगर अध्यक्ष सुबोध द्विवेदी, जिला उपाध्यक्ष अमित पाण्डेय, अशोक वाजपेयी, जीतू तिवारी, बाबू सिंह यादव, कन्हैया मिश्रा सहित बडी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### झांकियां रहीं आकर्षण का केंद्र

- शोभायात्रा के दौरान नगर के विभिन्न मन्दिरों द्वारा झांकियां शामिल की गई जिसमे श्री राम, लक्ष्मण, सीता हनुमान के साथ अन्य देवी देवताओं के रूप में बालक बालिकाओं को बेहद आकर्षक ढंग से सजाया गया था, जिन्हें देखने के लिए मार्ग में महिलाओ की मौजूदगी भी रही।

### सुरक्षा के भी रहे व्यापक प्रबन्ध

- शोभायात्रा सकुशल सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन भी सतर्क रहा। जिसके चलते एसडीएम मनोज कुमार सिंह की अगुआई में सी ओ अवधेश कुमार सिंह कोतवाली प्रभारी अजय ब्रह्म तिवारी भारी पुलिस बल के साथ शोभायात्रा में मौजूद रहे। वहीं विभिन्न संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की भी तैनाती की गई थी। कहीं कोई अप्रिय घटना नहीं हुई।

# पेट्रोल-डीजल के लिये भटक रहे उपभोक्ता

**जालौन।** नगर क्षेत्र में इन दिनों पेट्रोल-डीजल को लेकर लोग परेशान हैं। आधिकारिक रूप से पेट्रोल-डीजल की कमी की पुष्टि नहीं होने के बावजूद कई पेट्रोल पम्पों पर उपभोक्ताओं को पेट्रोल व डीजल उनकी इच्छा के अनुरूप नहीं मिल पा रहा है।

नगर और आसपास के इलाकों में संचालित पेट्रोल पंपों पर उपभोक्ताओं की भीड़ जुट रही है। खासकर किसानों के लिए यह स्थिति अधिक चिंताजनक बनी हुई है। खराब मौसम के चलते किसान जल्द फसलों की कटाई कराना चाहते हैं, लेकिन पर्याप्त डीजल नहीं मिलने से उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। दो दिनों से पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल की कमी बताकर उपभोक्ताओं को 100 या 200 रुपये का ही पेट्रोल दिया जा रहा है। डीजल के लिए यह सीमा 500 रुपये तक है।


कैंप में समस्याएं सुनते क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त। अमृत विचार

# 19 शिकायतों में 17 हुईं निस्तारित

कार्यालय संवाददाता जालौन

**अमृत विचार।** शुक्रवार को विकास भवन में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन द्वारा मासिक निधि कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप आई 19 शिकायतों में 17 का मौके पर निस्तारण किया गया।

कैंप में क्षेत्रीय कार्यालय कानपुर की टीम के सदस्य राहुल गुप्ता व शुभदीप बाजपेयी भी मौजूद रहे। क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त प्रथम पवन सिंह ने निरीक्षण किया। कैंप के दौरान कुल 19 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 17 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि 2 शिकायतें लंबित हैं, जो कर्मचारियों के क्लेम से संबंधित हैं। इस दौरान एक सेठ वीरेंद्र कुमार पब्लिक स्कूल का प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के अंतर्गत तत्काल रजिस्ट्रेशन किया गया, जबकि अन्य नियोक्ताओं को भी योजना की विस्तृत जानकारी एवं प्रक्रिया समझाई गई। वहीं पेंशन प्रयास के तहत कुल 7 पेंशनरों के पेंशन फॉर्म सफलतापूर्वक प्रोसेस किए गए। विशेष रूप से, इन पेंशनरों के रिटायरमेंट के माह में ही उनके पेंशन प्रयास फॉर्म पूर्ण किए गए।

## न्यूज ब्रीफ

### बहाने से बुलाकर युवक को पीटा

राठ। काम के बहाने हरियाणा के फरीदाबाद बुलाकर कस्बे के 20 वर्षीय युवक को बंधक बनाकर बेरहमी के मारपीट की। आंखों में मिर्च भर दी। इस पूरे घटनाक्रम का एक वीडियो सोशल मीडिया में प्रचलित हो रहा है। जिसकी पुष्टि अखबार नहीं करता है। सोशल मीडिया में प्रचलित इस वीडियो में कस्बे के भटियाना मोहल्ला निवासी 20 वर्षीय युवक संदीप को दो युवक के साथ मारपीट करते दिखाई दे रहे है। इस दौरान युवक बारी-बारी से इसका वीडियो भी बना रहे हैं। सदीप बेहोशी हालत में जमीन पर पड़ा है और दोनों युवक उसे पीट रहे हैं। वीडियो में संदीप को लात-घूंसों से पीटने के साथ ही युवक बेरहमी से झाड़ू से मार रहे हैं। इस दौरान संदीप लहूलुहान हालत में जमीन पर पड़ा है और उसके मुंह से खून निकल रहा है। युवक उसकी गर्दन को भी अपने पैरों से कुचलते हुए दिख रहे हैं। घायल संदीप के बड़े भाई आशीष ने बताया कि मारपीट का यह वीडियो बीते 18 फरवरी का फरीदाबाद के गांधी नगर कालोनी का है। इस संबंध में कोतवाल राकेश सिंह ने बताया कि मामला फरीदाबाद का है, वहीं परिजनों ने शिकायत की है।

### ई-रिक्शा खंदक में पलटा, दो घायल

बिवांर। ललपुरा थाना क्षेत्र के बजेहटा गांव करीब एक दर्जन लोग नवरात्र की नवमी होने पर भेड़ी गांव की प्रसिद्ध मां महेश्वरी माता में लगने वाले मेला जवारा जुलूस में शामिल होने के लिए ई रिक्शा में जा रहे थे। ई रिक्शा बिवांर के बाधुर तिराहा से जलालपुर सड़क से करीब एक किलोमीटर दूर पहुंचा। तभी बिगड़े मौसम से चल रही तेज हवा में अचानक ई रिक्शा का संतुलन बिगड़ गया है सड़क के किनारे बने खंदक में पलट गया। जिससे ई रिक्शा चालक रावेंद्र पुत्र गजराज व उसमें सवार 8 वर्षीय हर्ष पुत्र प्रमोद घायल हो गए। शेष सवारियों को मामूली खरोंच आई है। राहगीरों ने ई-रिक्शा को सीधा कर सवारियों को बाहर निकाला और घायलों को कस्बे के निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया।

### रंजिश में युवक के साथ की मारपीट

बिवांर। पुरानी रंजिश के चलते घर में घुसकर एक युवक पर भाई पिता पुत्र ने अभद्रता करते हुए कुल्हाड़ी से हमला कर लहूलुहान कर दिया है। युवक ने आकर तीनों हमलावरों के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने घायल युवक को छानी सीएचसी में ले जाकर डॉक्टरी परीक्षण कराकर उपचार कराया है। थानाक्षेत्र के निवादा गांव निवासी मुनुवा उर्फ कमलेश पुत्र महेश्वरीदीन सिंह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि रामनवमी के होने पर मुस्करा से ई रिक्शा की खरीदारी कर घर में ले आया। अपने घर में नए रिक्शा के आने पर पूजा किए जाने का कार्य कर रहा था। तभी पुरानी रंजिश के चलते गांव के अनुज पुत्र दीपू सिंह, पप्पू व दीपू पुत्रगण भानु प्रताप उर्फ बीरबल सिंह उसके घर में आकर अभद्रता करने लगे। विरोध करने पर अनुज ने उसके सिर में कुल्हाड़ी से वार कर करने से लहूलुहान होकर अचेत हो गया। उसे मृत जानकर तीनों हमलावर भाग गए। होश आने पर तीनों आरोपियों के खिलाफ थाने में तहरीर दी। थानाध्यक्ष नंदराम प्रजापति ने बताया कि तहरीर पर पिता पुत्र व उसके भाई के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है, तीनों हमलावरों की तलाश कर कार्रवाई की जाएगी।

# संदिग्ध हालात में विधवा की मौत, हत्या का आरोप

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के ददरी गांव में संदिग्ध हालात में 34 वर्षीय महिला की मौत हो गई। भाई ने ससुरालीजनों पर बेरहमी से पीट कर हत्या का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की गुहार लगाई है। पुलिस ने शुक्रवार को शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया।

कोतवाली क्षेत्र के दादरी गांव की निवासी जय देवी (34) पत्नी स्व.ओमप्रकाश की शुक्रवार को संदिग्ध हालात में मौत हो गई। जय देवी के भाई जीतेंद्र ने ससुरालीजनों सास, ससुर और तीन नन्दों पर बहन जयदेवी के साथ बेरहमी से मारपीट कर उसकी हत्या करने का आरोप लगाया है। जरिया थानाक्षेत्र के इटैलिया बाजा गांव के निवासी जीतेन्द्र ने बताया कि शुक्रवार की सुबह उसकी बहन जयदेवी ने उसे फोन करके उसके साथ बेरहमी पर मारपीट होने की जानकारी देते हुए उसे बुलाया था। बताया कि जब वह अपनी बहन की ससुराल ग्राम ददरी पहुंचा तो वहीं पर उसे पता चला कि उसकी बहन की मौत हो गई है। बताया कि उसने राठ कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। जयदेवी अपने पीछे 12 वर्षीय पुत्र विश्वास और 9 वर्षीय पुत्र असेन्द्र सहित परिजनों को रोता बिलखता छोड़ गई है। कोतवाली प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि मृतक महिला के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम जा रहा है तथा आवश्यक कार्रवाई कराई जाएगी।

## पोकलैंड का बकेट लगने से गई जान

सरीला। चिकासी थाना क्षेत्र की मौरंग खदान में गुरुवार देर रात पोकलैंड मशीन का बकेट लगने से खदान के अड्डी संचालक की मौत हो गई। वह घंटों तड़पता रहा। बाद में उरई मेडिकल कॉलेज ले जाते समय उसकी मौत हो गई। उरई में ही शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

चिकासी की मौरंग खदान खंड संख्या 24/15 में गुरुवार की देर रात खनन के दौरान अड्डी संचालक भारत सिंह (30) पोकलैंड मशीन के बकेट की चपेट में आ गया। हादसे के बाद अफरा-तफरी मच गई। मशीन का ऑपरेटर भाग गया। कई घंटे वह तड़पता रहा। शुक्रवार तड़के उरई मेडिकल कॉलेज ले समय रास्ते में मौत हो गई। वह जालौन जिले के डकोर थाना क्षेत्र के बरसार गांव का रहने वाला खदान संचालक का रिश्तेदार था।

# बारिश के साथ ओले गिरने से सहमे किसान

मौसम की मार

- शुक्रवार शाम अचानक बदला मौसम, झमाझम बारिश
- बारिश के कारण फसलों की कटाई का काम हुआ ठप

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर


पौथिया में शुक्रवार की शाम अचानक झमाझम बारिश हुई। अमृत विचार

अमृत विचार। शुक्रवार को शाम करीब 4:45 बजे मौसम के अचानक पलटी मार जाने से बारिश के साथ ओलों की बरसात होने से किसान सहम गया। बारिश के कारण फसलों की कटाई का कार्य ठप हो गया है। प्रकृति का यह रूप देखकर किसान सहम गया है। शाम तक आसमान में काले घने बादलों का डेरा जमा होने से किसानों की धड़कनें बढ़ी हुई थी। मौसम के इस बदलाव से किसानों को फायदा की जगह नुकसान होना तय है।

कुरारा संवाद के अनुसार अचानक बारिश के साथ मटर के दानों के जैसे ओले गिरने से खेतों में कटी पड़ी चना, गेहूं, अरहर, सरसों की फ़सल में नुकसान होने की सम्भावना है। बेरी, भैंसापाली, कुसौलीपुरवा, पारा कंड़ौर, जल्ला, शंकरपुर, जखेला, लहरा, ककरउ, समेत कई गांवों में मटर के दाने जैसी तेज ओलावृष्टि करीब 30 मिनट हुई। हल्की बारिश और ओलों की मार ने खेतों में खड़ी फसलों को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। बेरी गांव के प्रधान अनिल अनुरागी ने बताया की खेतों में कटी पड़ी सरसों, चना, गेहूं की फ़सल पानी मे भीग जाने से खराब होने की आशंका है।

पौथिया संवाद के अनुसार गांव सहित शिकरी, सहुरापुर, उजनेड़ी, ललपुरा, कलौलीजार, कुम्हऊपुर, कलौलीतीर, स्वासा, हेलापुर, कीरतपुर, सहजना, छींटनपुर, बरदहा सहित आदि गांवों में जमकर बारिस और ओले गिरे। किसान धर्मेन्द्र सचान, रामसजीवन, लाल दिवान, नेता सचान, श्रीचंद्र ने बताया सूखी खड़ी गेहूं फ़सल बारिस से बर्बाद हो गई। हवा चल रही है पूरी फसल खेतों में पट जाएगी। वहीं कटी हुई फसल समेटने में भी दिक्कत होगी। पौथिया में करीब 25 मिनट तक तेज बारिश हुई।

# कार की टक्कर से युवक की मौत, साथी भी गंभीर घायल

## सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल होकर वापस गांव लौट रहे थे बाइक सवार युवक

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

- हमीरपुर-उरई रोड पर कुरारा के पास कार ने पीछे से मारी टक्कर

अमृत विचार। सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल होकर बाइक से मौदहा आ रहे बाइक सवारों को पीछे से आ रही तेज रफ्तार फोर व्हीलर ने टक्कर मार दी जिससे एक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया जिसका जिला अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।


बच्चू मिस्त्री।

कस्बे की कांशीराम कालोनी मीरा तालाब निवासी बाइक मिस्त्री बच्चू (55)पुत्र दीनानाथ और साथी कल्लू बाइक से बच्चू के साढू निवासी बागी थाना कुरारा के घर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गुरुवार शाम गये थे और शुक्रवार सुबह वापस लौट रहे थे तभी कुरारा के निकट हमीरपुर उरई मार्ग पर पीछे से आ रही तेज रफ्तार फोर व्हीलर ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों और कुरारा पुलिस ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने बच्चू मिस्त्री को मृत घोषित कर दिया, जबकि कल्लू का इलाज किया जा रहा है। उसके भी गंभीर चोटें बताई गई हैं। पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। युवक अपने पीछे पत्नी और चार लडके एक लडकी का भरा पूरा परिवार छोड़ गया है। घर में हुई इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है और परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। युवक बाइक का मिस्त्री था। पुराने सरकारी अस्पताल गेट पर गुमटी रखकर काम करता था।

### वाहन ने महिला की ली जान, शिनाख्त नहीं

सुमेरपुर। गुरुवार रात नेशनल हाईवे-34 पर लीणा नाला के समीप तेज रफ्तार वाहन ने एक महिला को रौंद दिया। महिला की शिनाख्त नहीं हो सकी है। वह क्रीम कलर का सलवार और लाल कलर की कुर्ती पहने थी। शादीशुदा थी। शिनाख्त कराने के लिए पुलिस आसपास के गांवों तक पहुंची, लेकिन सफलता नहीं मिली। रात 10 बजे तेज रफ्तार वाहन ने महिला को रौंद दिया। उसका सिर पूरी तरह से कुचला है। हाईवे पर शव पड़ा देखकर राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। फैक्ट्री एरिया पुलिस चौकी इंचार्ज राजवीर सिंह, इंगोहटा पुलिस चौकी इंचार्ज मनीष पटेल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को लेकर मर्चरी पहुंचाया। चेहरा पूरी तरह कुचल जाने के कारण उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। उसके पैर में महावर लगा था। उम्र 35 वर्ष के आसपास बताई जा रही है। पुलिस ने शुक्रवार सुबह क्षेत्र के चंदपुरवा बुजुर्ग, इटरा, इंगोहटा, विदोखर पुरई, विदोखर मेदनी आदि गांवों में शिनाख्त कराने का प्रयास कराया, लेकिन सफलता नहीं मिली।

# ड्रमों में डीजल-पेट्रोल ले गए लोग

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)


ट्रैक्टर ट्रॉली से ड्रम लाकर डीजल भराया। पेट्रोल के लिए भी रही भीड़। अमृत विचार

अमृत विचार। कस्बे में गैस के बाद अब डीजल-पेट्रोल का संकट खड़ा होने लगा है। कस्बे में गल्ला मंडी के समीप एचपी के पेट्रोल पंप में सुबह से डीजल पेट्रोल खत्म होने पर स्टेशन मार्ग स्थित पंप में वाहनों की भीड़ लग गई। लोग वाहनों के साथ ड्रमों में डीजल पेट्रोल भराकर घर ले गए। उधर, शुक्रवार को कस्बे की गैस एजेंसी में पूर्व की तरह रसोई गैस का वितरण कराया गया। फिलहाल गैस का संकट कस्बे में नहीं है।

कस्बे में शुक्रवार को सुबह हाईवे और मंडी के समीप स्थित एचपी के पेट्रोल पंप में डीजल पेट्रोल खत्म हो जाने पर स्टेशन मार्ग के पेट्रोल पंप में वाहनों की भीड़ उमड पड़ी लोगों ने वाहनों के साथ ड्रमों में डीजल-पेट्रोल भराया और साथ ले गये। वहीं हाईवे के अन्य पेट्रोल पंपों में स्थिति सामान्य नजर आई। सभी जगहों पर डीजल पेट्रोल उपलब्ध था।

वही कस्बे की गैस एजेंसी में पूर्व की भांति गैस का वितरण सुबह से शाम तक हुआ। गैस एजेंसी के वाहनों ने डोर टू डोर पहुंचकर ग्राहकों को गैस सिलेंडर ओटीपी लेकर मुहैया कराएं।

### बिवांर में तेल का टैंकर आते ही लगी भीड़

बिवांर। कस्बे में राठ-हमीरपुर स्टेट हाईवे के किनारे स्थित नाथूराम मूलचंद्र फिलिंग स्टेशन में एक सप्ताह बाद शुक्रवार की सुबह तेल का एक टैंकर आया, जिसमें 20 हजार लीटर डीजल भेजा गया था। टैंकर आने की भनक लगते ही सुबह से ही तेल लेने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी। शाम होते होते तेल खत्म होने की कगार पहुंच गया। भयभीत लोग कंटर, बोतल, कट्टी में भरकर डंप करने लगे हैं। पेट्रोल पंप में कार्यरत कर्मचारी बाबू ने बताया कि पेट्रोल पंप में तेल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है लोग घबराहट की वजह से सुबह से ही तेल के लिए मारामारी मचा रहे हैं।

# होटल संचालक को धमका सुलह समझौते का बनाया जा रहा दबाव

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)


होटल के घटनास्थल पर जांच-पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार

अमृत विचार। मंगलवार देर रात कस्बे के अर्थ होटल में हुई मारपीट की घटना के बाद आरोपी होटल संचालक को धमकाकर समझौता का दबाव बना रहे हैं। समझौता नहीं करने पर होटल बंद कराने की धमकी दे रहे हैं। मारपीट में गंभीर चोटें लगने के बाद एक ग्राहक का उरई के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना के तीन दिन बीत जाने के बाद पुलिस किसी भी आरोपी को नहीं पकड़ सकी है।

मंगलवार की रात करीब 11 बजे एके-47 गैंग के सरगना ने साथियों के साथ उद्योग नगरी के समीप संचालित अर्थ होटल में खाना नहीं मिलने पर कहर बरपाया था। होटल के मैनेजर सहित कर्मियों एवं होटल में ठहरे हुए युवक के साथ पिस्टल के दम पर मारपीट की थी। मैनेजर की तहरीर पर रात में ही तीन नामजद और कई अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था, लेकिन इसमें गैंग के सरगना को नामजद नहीं किया गया है। गुरुवार देर रात फैक्ट्री एरिया पुलिस चौकी इंचार्ज राजवीर सिंह घटनास्थल पर पहुंचे और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज देखे। साक्ष्य के तौर पर पेन ड्राइव में संरक्षित किए है। होटल के संचालक आशीष पाल ने बताया कि आरोपी उसे धमकियां देकर समझौता का दबाव बना रहे हैं। साथ ही समझौते नहीं करने पर होटल बंद करने की धमकी दे रहे हैं। होटल संचालक ने पुलिस से सुरक्षा की मांग की है। चौकी इंचार्ज ने पूर्ण सुरक्षा का आश्वासन प्रदान किया है। चौकी इंचार्ज ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज देखने से स्पष्ट हो रहा है घटना एके-47 गैंग के मुखिया ने की है। विवेचना में इसको अभियुक्त बनाकर चार्जशीट दाखिल की जाएगी किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा।

# श्रीराम के जयकारों से गूंजा राठ कस्बा

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)


शोभायात्रा में शामिल पूर्व विधायक डॉ. अम्बेश कुमारी।


शोभायात्रा में शामिल श्रीराम दरबार की झांकी। अमृत विचार

अमृत विचार। चैत्र माह की रामनवमी पर कस्बे में मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम की भव्य एवं विराट ऐतिहासिक शोभायात्रा कस्बे में निकाली गई। शोभायात्रा मे विभिन्न स्कूलों द्वारा सजाई की बच्चों की मनमोहक झांकियां, घोड़े, डीजे, बैंडबाजे, भांगड़ा और स्वांग तमाशे विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। राम भक्तों के जयकारों से आकाश गुंजायमान हो उठा। शोभायात्रा में अयोध्या में स्थापित श्रीराम की प्रतिमा की तरह यहां भी प्रतिमा शोभा यात्रा में शामिल रही।

चैत्र मास की नवरात्रि के अंतिम दिन शुक्रवार को नवमी पर कस्बे में भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। केसरिया ध्वज, बैनर और पोस्टरों से कस्बे को दुल्हन की तरह सजाया गया था। रामलीला मैदान में सुंदर कांड एवं श्रीराम का जन्मोत्सव मनाने के बाद रामलीला मैदान से भव्य शोभा यात्रा का शुभारम्भ हुआ।

यात्रा में पूर्व विधायक डा.अम्बेश कुमारी, चेयरमैन श्रीनिवास बुधौलिया, राकेश मिश्रा, सुरेश खेबरिया, महेंद्र शुक्ला, अजय हिंगवासिया, सचिन शर्मा, अवधेश पाठक, केके गुप्ता बंटी, केजी अग्रवाल, मूलचंद्र सैनी, सुंदर मुखिया कुर्रा, ब्रजेश कुमार गुप्ता, धर्मेंद्र साहू खुल्ले, मुकेश बुधौलिया, नीलेश अग्रवाल, जिला पंचायत सदस्य बैंदो मृत्युंजय प्रताप सिंह, सचिन शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव बुधौलिया समेत हजारों की तादाद में लोग शामिल हुए। शोभा यात्रा में घोड़े, बैंड बाजें स्वांग तमाशे और बच्चों की नयनाभिराम झांकियां चल रहीं थी। घरों की छतों से लोगों ने फूल बरसाये। यात्रा के दौरान नगर का वातावरण जय श्रीराम के जयकारों से गूंजता रहा। जगह जगह विभिन्न संगठनों द्वारा जलपान की व्यवस्था की गई थी। रास्तों में भव्य तोरणद्वार सजाये गये थे।

रामलीला मैदान से शुरू हुई यात्रा रानीगेट, कोटबाजार, बुधौलियाना, उरई बस स्टैंड, अंबेडकर चौराहा, बजरिया से होते हुए वापस रामलीला मैदान में शोभा यात्रा का समापन हो गया। जुलूस के दौरान पुलिस और प्रशासन समेत भारी पुलिस बल तैनात रहा।

भक्ति की बयार

घोड़े, ऊंट, बहरुपिया के साथ नयनाभिराम झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं, जयकारों से गुंजायमान हुआ वातावरण

# रामनवमी पर शोभायात्राओं की धूम, सड़कों पर आस्था की लहर

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर


कुरारा कस्बे में रामनवमी जुलूस में शामिल लोग। अमृत विचार


जिला मुख्यालय हमीरपुर की शोभायात्रा में शामिल झांकी। अमृत विचार

अमृत विचार। रामनवमी पर्व पर जिले भर में श्रीराम की धूम मची रही। मुख्यालय सहित जनपद के विभिन्न कस्बों व ग्रामीण क्षेत्रों में भी रामनवमी की भव्य शोभायात्रा व जुलूस निकाला गया। जिनमें जय श्रीराम के नारे गूंजते रहे। शोभायात्रा में रामलला सहित अन्य देवी देवताओं की नयनाभिराम झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। डीजे की धुन पर भक्तों के जत्थे थिरक रहे थे।

शहर में दोपहर बाद रामनवमी की शोभायात्रा गौरा देवी मंदिर से शुरू हुई, जो शहर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करने के बाद वहीं समाप्त हुआ। भगवान श्रीराम के जयकारों से आसमान गूंज उठा। शोभायात्रा में घोड़े, ऊंट, बहरूपिया पार्टी के सजे-धजे कलाकार, पेटू राजा लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र रहे। इस दौरान में रथ में भगवान श्रीराम लक्ष्मण व हनुमान समेत विभिन्न देवी देवताओं की सजी झांकी भी लोगों में आकर्षण का केंद्र रही। शहर में जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। वहीं विभिन्न संगठनों की ओर से शरबत, ठंडाई व पेयजल की व्यवस्था की गई। एसडीएम सदर केडी शर्मा, सीओ सदर राजेश कमल भारी पुलिस बल के साथ तैनात रहे।

कुरारा कस्बे में ब्लाक प्रमुख आशीष पालीवाल, चेयरमैन आशारानी कबीर ने रामलला की आरती कर जुलूस का शुभारम्भ किया। जुलूस में शामिल श्री राम, लक्ष्मण सीता, श्री कृष्णा राधा, हनुमान आदि की झांकियां ने लोगों का मन मोह लिया। शोभायात्रा में सतीश पालीवाल, गिरीश पालीवाल, देवेंद्र सिंह, हर नारायण सिंह, चन्द्रभान सिंह, सुशील सोनी, रवि गुप्ता आदि शामिल रहे।

बड़े देव बाबा स्थान में पूर्व चेयरमैन व सांसद प्रतिनिधि माया बाल्मीकि द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी स्टाल लगाकर जलपान की व्यवस्था की गई। मौदहा कस्बे में शोभायात्रा की शुरुआत स्टेशन मार्ग स्थित शिवशक्ति मंदिर से हुई। शोभायात्रा में भगवान श्रीराम सहित देवी-देवताओं और महापुरुषों की तीन दर्जन से अधिक झांकियां शामिल रही। शोभायात्रा में हाथी, घोड़े, बैंड-बाजे और डीजे की धुनों पर भक्त थिरकते रहे। मयूर नृत्य और शिव तांडव की मनमोहक प्रस्तुतियों ने मन मोहा। सैकड़ों श्रद्धालु केसरिया परिधानों और सिर पर सजी पगड़ी में जय श्रीराम का उद्घोष कर रहे थे। रास्ते भर राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों द्वारा स्टाल लगाकर श्रद्धालुओं के लिए जलपान और स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई। सुरक्षा की दृष्टि से प्रशासन भी मुस्तैद रहा। भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रखा गया।


शोभायात्रा में नृत्य का धमाल करते हुए चल रहे थे कलाकार। अमृत विचार

## काली मां के विमान का स्वागत

हमीरपुर। शहर के हाथी दरवाजा से काली माता का विमान निकला। बैंड बाजे व डीजे की धुनों पर निकली यह शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों में देर शाम तक घूमती रही। श्रद्धालुओं ने विमान में सवार मां काली की पूजा अर्चना की। जुलूस हाथी दरवाजा से चलकर पुलिस चौकी, रहुनिया, बस स्टाप, पेट्रोल पंप, विद्या मंदिर, रमेड़ी तिराहा होते हुए सुभाष बाजार, जिला अस्पताल से धर्मशाला पहुंचा और कालपी चौराहा सैय्यदबाड़ा होता हुए महावीर मंदिर में समाप्त हुआ। विमान का नेतृत्व विमल राय गुप्ता, राजू, दीपक, कल्लू सविता, राकेश व बाबूलाल निषाद कर रहे थे।

## न्यूज ब्रीफ

### ग्रामीण की बिगड़ी तबीयत, थमी सांस

**महोबा।** अजनर थाना क्षेत्र के बेरी गांव में एक ग्रामीण की अचानक मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बेरी गांव निवासी नरेश शर्मा (45) पुत्र प्रताप शर्मा की अचानक अस्पताल में मौत हो गई। परिजनों ने तबीयत बिगड़ने पर अस्पताल लाने की बात बताई। मेडिकल कालेज ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष अजनर सुभाषचंद्र का कहना है कि ग्रामीण की मौत की सूचना पर उसका पोस्टमार्टम कराया जा रहा है और रिपोर्ट आने के बाद भी कोई कार्रवाई की जाएगी।

### मधुमक्खियों के हमले से श्रद्धालु घायल

**महोबा।** नवरात्र की नवमी पर हवन के धुएं से भड़की मधुमक्खियों ने श्रद्धालुओं पर हमला कर दिया, जिससे मां-बेटे सहित आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। शहर के चरखारी बाईपास स्थित शीतला माता मंदिर में शुक्रवार को बड़ी संख्या में भक्त देवी दर्शन के लिए पहुंचे। पूजा अर्चना दौरान श्रद्धालुओं हवन शुरू किया, जिसके धुएं के कारण मंदिर की छत पर लगे छत्ते से मधुमक्खियों ने लोगों पर हमला कर दिया, जिससे मंदिर परिसर में भगदड़ मच गई। इस बीच हमले में बल्देवनगर निवासी रामबाई (50), उनका पुत्र मोहन (20) बुरी तरह घायल हो गया, इसके अलावा दस वर्षीय शुभम और 17 वर्षीय नीलम निवासी मलकपुरा, ममता, रानी और राकेश समेत आधा दर्जन से ज्यादा लोगों को घायल होने पर जिला अस्पताल पहुंचाया।

### पुलिस ने हत्या के चार आरोपियों को दबोचा

**महोबा।** खरेला क्षेत्र के चंदौली गांव में पांच दिन पहले दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में एक युवक की मौत होने के बाद पुलिस ने चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। चंदौली निवासी मंगल सिंह (60) के पुत्र नरेंद्र का गांव के ही संतोष से होली के दौरान विवाद हो गया था, जिससे दोनों एक-दूसरे से रंजिश मानते थे। 23 मार्च को संतोष ने नरेंद्र को फोन कर गांव के बाहर बुलाया और साथियों के साथ मिलकर लाठी-डंडों से पीट पिता-पुत्र को घायल कर दिया था। नरेंद्र की मौत हो गई थी। घटना के बाद आरोपी फरार थे। पुलिस ने संतोष राजपूत, नंदकिशोर राजपूत, प्रवीण उर्फ मुन्ना राजपूत और उमेश रैकवार पुत्र अवधेश रैकवार निवासी कौहनिया थाना पनवाड़ी को गिरफ्तार किया है।

# बेलासागर पर हुआ जवारों का विसर्जन

संवाददाता बेलाताल महोबा

**अमृत विचार।** चैत्र नवरात्र पर कब्जे के सभी देवी मंदिरों से जवारे निकाले गए। जवारों के आगे देवी भक्तों में सांग छेदन कराने के लिए खासी उत्सुकता दिखाई दी। सांग छेदन कराकर तमाम देवी भक्त आगे आगे चल रहे थे। जवारा जुलूस में महिला और पुरुषों की भीड़ जुटी।

जैतपुर के खंदियापुरा में हिंगलाज मंदिर से जवारे निकाले गए। जवारा जुलूस झंडा चौराहा पहुंचा, जहां सभी देवी मंदिरों से आए जवारे आने के बाद पुलिस चौकी प्रांगण पहुंचे, इसके बाद सभी जवारे बेलासागर के लिए जमीदारी, बजरिया, दलेरापुरा, मलयाना, मस्तयाना, करारीपुरा, नयापुरा आदि मोहल्लों से निकलकर बेलासागर सरोवर पर विसर्जित किए गए। जवारा जुलूस दौरान महिलाएं सिर पर जवारे रखकर देवी गीत गाते हुए चल रही थी। जवारे और


जवारा जुलूस में शामिल देवी भक्त।

मां दुर्गा के डोले ऐतिहासिक चबूतरे की परिक्रमा लगाकर आगे बढ़े। ग्राम प्रधान छोटेलाल ने सभी जवारों के साथ चल रहे पंडा बाबा की आरती की और डोले पर विरजे मां दुर्गा की प्रतिमा के समक्ष नारियर, अगरबत्ती, पान बताशा घी व धनराशि देकर देवी से आशीष लिया। इसके बाद शाम के समय पुलिस चौकी में सभी जवारे व डोलो को आधा घंटे तक विश्राम कराया। तमाम देवी भक्तों ने अपने करतब भी दिखाए।

# हवन और कन्या भोज के साथ नवरात्र का समापन

संवाददाता कार्यालय, महोबा

**अमृत विचार।** चैत्र नवरात्र के अंतिम दिन नवमी को देवी मंदिरों में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। मंदिरों में पूजा-अर्चना करने के बाद हवन में भक्तों ने अंतिम आहूतियां दी। सुबह से कन्या भोज और भंडारों का सिलसिला शुरू हो गया। कन्या भोज कराकर व्रती लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर परिसर के साथ मार्गों पर सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस फोर्स तैनात रहा। पुलिस अधिकारी भी मंदिरों में जाकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे।

नवरात्र की नवमी पर देवी मंदिरों में जयकारों की गूंज से शहर का माहौल भक्तिमय हो गया। बड़ी चंद्रिका मंदिर मार्ग पर भगवा ध्वज लहराते रहे। दोनो तरफ बांस-बल्ली लगाकर बिजली और झंडियों की सजावट देख भक्त भी खासा खुश नजर आए। बड़ी चंद्रिका, छोटी चंद्रिका, विन्ध्वासिनी, शीतला देवी मंदिर, काली माता मंदिर सहित


नवरात्र के अंतिम दिन मंदिर में हवन करते भक्त। अमृत विचार


भंडारे में प्रसाद ग्रहण करतीं कन्याएं। अमृत विचार

- मंदिरों में भंडारा, कन्या भोज के बाद भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद
- नवरात्र के अंतिम दिन देवी मंदिरों में सुबह से शाम तक रही भीड़

विभिन्न मंदिरों में कन्या भोज और भंडारे के आयोजन सुबह से लेकर दोपहर तक चलते रहे, जहां पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी। वहीं कन्या भोज में बालिकाओं ने शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया।

### अंतिम दिन मां सिद्धिदात्री की साधना-आराधना

■ मां भगवती का सिद्धिदात्री स्वरूप सभी प्रकार की सिद्धियों को देने वाला है। माता की शास्त्रीय विधि विधान और पूर्ण निष्ठा के साथ साधना करने वाले साधक को सभी सिद्धियों की प्राप्ति हो जाती है। शास्त्रों में मां सिद्धिदात्री को सिद्धि और मोक्ष की देवी माना जाता है। मां सिद्धिदात्री के पास अणिमा, महिमा, प्राप्ति, प्रकाम्य, गरिमा, लघिमा, ईशित्व और वशित्व यह 8 सिद्धियां हैं। मां सिद्धिदात्री महालक्ष्मी के समान कमल पर विराजमान हैं।

सबसे ज्यादा भीड़ बड़ी चंद्रिका देवी मंदिर में उमड़ी।

भक्तों ने बड़ी चंद्रिका देवी मंदिर परिसर के मेले में खरीदारी की। मेले का अंतिम दिन होने के कारण दुकानदारों ने भी सामान वापस ले जाने के झमेले से बचने के लिए ऑफर देकर सामान की बिक्री की। श्रद्धलुओं ने नवमी पर देवी मैया के दर्शन करने के बाद मन्नते पूरी होने पर भक्तों ने चढ़ोना चढ़ाया और मंदिर की परिक्रमा की। मंदिर में श्रद्धालुओं ने भोग लगाया और नारियल, फूल व पूजा सामग्री चढ़ाई। चैत्र नवरात्र का आखिरी दिन होने के कारण मंदिरों में सर्वाधिक भीड़ देखने को मिली।


जुलूस में लड्डू गोपाल की निकाली गई झांकी। अमृत विचार


डीएम और एसपी ने पालकी को दिया कंधा। अमृत विचार



शोभायात्रा में जुटी भक्तों की भीड़। अमृत विचार

### गोपालजी के दर्शन के लिए जुटे श्रद्धालु

■ **महोबा।** भगवान श्रीराम की शोभा यात्रा में गोपालजी की झांकी अकर्षण का केंद्र रही। गोपालजी की झांकी को देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। नजदीक पहुंचकर महिला और पुरुषों ने गोपाल जी के दर्शन कर हाथ जोड़े। मार्ग में जहां जहां से शोभा यात्रा निकलती लोग गोपाल जी के दर्शन के लिए पहुंच जाते। झांकी के आगे पीछे चल रहे लोग भगवान के जयकारे लगा रहे थे। गोपालजी के दर्शन करने के लिए श्रद्धालु खासा बेताब दिखाई दिए। शोभा यात्रा दौरान रामजानकी को नाव से नदी पार कराते हुए सजाई गई झांकी खूब सराहा गया।

### सुरक्षा की दृष्टि से तैनात रही पुलिस

■ शोभा यात्रा को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देश पर जगह जगह पुलिस टीमों की तैनाती की गई साथ ही जुलूस के आगे पीछे और जुलूस के साथ भी पुलिस बल चलता रहा। पुलिस क्षेत्राधिकारी और कोतवाली प्रभारी सहित अन्य अधिकारी नवीन गल्ला मंडी से शुरू हुए जुलूस के साथ पैदल चलकर व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे, जिससे पुलिस कर्मचारी खासा चौकन्ना रहे।

# रामनवमी की शोभायात्रा में उमड़ी आस्था

## शोभायात्रा में शामिल झांकियों और राम भक्तों का जगह-जगह किया गया स्वागत, जयकारों के साथ की गई पुष्प वर्षा

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** जिले में शुक्रवार को रामनवमी का त्योहार हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। रामनवमी पर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की शोभा यात्रा डीजों और बैंडबाजों के साथ धूमधाम से निकाली गई। शोभा यात्रा दौरान श्रद्धलुओं में खासा उत्साह दिखाई दिया। धूप और गर्मी के बाद भी भक्त पैदल शोभा यात्रा में कई किमी. तक चलते रहे।

महिलाओं ने भी शोभायात्रा में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। शोभा यात्रा में जय श्रीराम के उद्घोष गूंजते रहे। डीजे की धुन पर नव युवक और महिलाएं थिरकते हुए चल रहे

- हाथों में भगवा ध्वज लहराते हुए चले युवा, महिलाओं में उत्साह

थे। भारी संख्या में चल रहे डीजों में भक्ति गीत की गूंज से पूरा शहर भक्तिमय हो गया। युवा हाथों में भगवा ध्वज, माथे पर भगवा पट्टी बांधे हुए जय श्रीराम के जयकारे लगाते चल रहे थे। इस दौरान युवा, बच्चे और बूढ़ों के साथ महिलाएं भी बिना थके आगे बढ़ते जा रहे थे।

शहर की नवीन गल्लामंडी से सदर विधायक राकेश गोस्वामी, जिलाधिकारी गजल भारद्वाज और पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह ने पालकी उठाकर शोभायात्रा की शुरूआत की गई। शोभा यात्रा दौरान देवी देवताओं की झांकियां सजाई


शोभायात्रा के दौरान डीजे की धुन पर थिरकतीं महिलाएं। अमृत विचार

गई। शोभा यात्रा परमानंद चौराहा, रोडवेज तिराहा, आल्हा चौक, ऊदल चौक, सुभाष चौक, राठ चुंगी, मैन बाजार, तहसील चौराहा, पुराना प्राइवेट बस स्टाप से होते हुए डाकबंगला मैदान पहुंचे जहां पर आरती के साथ शोभा यात्रा का समापन किया गया। आरती दौरान भारी संख्या में लोगों की भीड़ जुटी। शोभा यात्रा दौरान लोगों का हुजूम अलग अलग मार्गों से निकलकर शोभा यात्रा में जय श्रीराम के जयकारे लगाते हुए शामिल हो गए, जिससे शोभा यात्रा में अपार भीड़ जुट गई। शोभा यात्रा दौरान लोगों में विशेष उत्साह दिखाई दिया। लोग हाथों में भगवा ध्वज लिए हुए चल रहे थे। शोभा यात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया। जिला उद्योग व्यापार मंडल सहित तमाम समाजिक संस्थाओं के लोगों ने मार्ग में पंडाल लगाकर पानी, शर्बत, पेठा, फल आदि वितरित किया, वहीं आल्हा चौक में अशोक कुमार शिवहरे ने पंडाल लगाकर भक्तों को फल व मिठाई वितरित किया। शोभा यात्रा में शामिल लोगों पर जगह जगह पुष्प वर्षा की गई। शोभा यात्रा में सजाई गई देवी देवताओं की झांकियां आकर्षण का केंद्र रही।

# ग्रामीण क्षेत्रों में भी निकले जुलूस

संवाददाता, कुलपहाड़/बेलाताल

**अमृत विचार।** नवरात्र के अंतिम दिन ग्रामीण क्षेत्रों में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ नगर के बड़े तालाब स्थित रामलला मंदिर प्रांगण से किया गया। उधर कस्बा बेलाताल और अजनर गांव में भी रामनवमी पर धूमधाम के साथ शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में युवा थिरकते हुए चल रहे थे।

शोभायात्रा नगर के दुबननपुरा, टोरिया पूरा, मुख्य बाजार, बस स्टैंड, पुरानी तहसील रोड आदि मोहल्ले से होते हुए रामलला मंदिर में पहुंचकर समाप्त हुई। शोभा यात्रा में डीजे, बैंड बाजा, घोड़ा एवं पालकी पर विराजमान रामलला की यात्रा में सैकड़ों भक्त भगवा झंडा लेकर श्रीराम के जयनारे लगाते हुए चल रहे थे। रास्ते में छतों से पुष्प वर्षा कर, ठंडा पानी पिलाकर जुलूस


रामनवमी के जुलूस में शामिल भक्त। अमृत विचार

का स्वागत किया गया। समापन के दौरान रामलला महाराज की आरती उतारकर प्रसाद वितरण किया गया। जुलूस में सुरक्षा की दृष्टि से प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह सहित भारी पुलिस बल तैनात रहा। इस अवसर कमेटी अध्यक्ष पवन नामदेव, नगर पंचायत अध्यक्ष वैभव अरजरिया, मंडल अध्यक्ष माधव कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

बेलाताल प्रतिनिधि के अनुसार जगन्नाथ मंदिर परिसर में भगवान राम का जन्मोत्सव मनाया गया। रामनवमी उत्सव समिति के अध्यक्ष मोहित रावत ने राम-लक्ष्मण के स्वरुप की आरती उतारी। शोभायात्रा नयापुरा, ड्योढीपुरा, श्रीनगर तिराहा तक पहुंची। घुसयाना, विंध्यवासिनी मंदिर पहुंची। शोभायात्रा में घोडे, ऊंट भी भक्ति गीतों पर थिरके।

### भगवाध्वज से पटा रहा महोबा शहर

**महोबा।** रामनवमी पर शोभायात्रा के दौरान शहर के मुख्य मार्ग के दोनों तरफ स्वागत द्वार, भगवा ध्वज और भगवा कलर की छोटी छोटी झंडिया लगाने से शहर के तमाम मार्ग भगवा ध्वज से पटे रहे। पूरा शहर भगवामय नजर आया।

आल्हा चौक में चारों तरफ भगवा ध्वज हवा में लहराते दिखाई दिए वहीं आल्हा चौक, डाकबंगला आदि प्रमुख चौराहों में स्थापित प्रतिमाओं के आसपास बिजली की आकर्षक सजावट की गई साथ ही भगवा रंग के स्वागत द्वार भी बनाए गए, इन्हीं स्वागत द्वारों से शोभा यात्रा जय श्रीराम के उद्घोष के साथ निकली। शोभा यात्रा को देखने के लिए मार्गों के दोनो तरफ महिलाओं पुरुषो की भारी भीड़ जुटी। इतना ही नहीं महिला पुरुष छतों पर शोभा यात्रा देखने के लिए डटे रहे।

# बिजली की चिंगारी से गेहूं की फसल राख

संवाददाता कार्यालय, महोबा

**अमृत विचार।** पनवाड़ी थाना क्षेत्र के सिमरिया गांव में हाईटेंशन लाइन से निकली चिंगारी ने खेत में खड़ी गेहूं की फसल जलाकर राख कर दी। धुआं देखकर आसपास के खेतों में मौजूद किसानों ने आग बुझाने का प्रयास करते हुए दमकल विभाग को सूचना दी। फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक खेत की सारी फसल पूरी तरह जलकर बर्बाद हो गई। पीड़ित ने मुआवजा की मांग की है।

सिमरिया गांव निवासी मुन्नीलाल ने साहूकारों से कर्ज लेकर चार बीघा खेत में गेहूं फसल की बुवाई की थी। फसल खेतों में लहलहा रही थी, लेकिन शुक्रवार को खेत के ऊपर से निकली हाईटेंशन लाइन से अचानक चिंगारी निकली और खेत में खड़ी


आग की भेंट चढ़ी गेहूं की फसल।। अमृत विचार

गेहूं की फसल पर जा गिरी, जिससे धीरे धीरे आग खेत की लगी फसल को अपनी गिरफ्त में लेने लगी। धुआं देख पीड़ित व आसपास खेतों में काम कर रहे किसान दौड़ कर मौके पर पहुंचे और आग पर पानी डालने का प्रयास कर बुझाने का प्रयास किया, लेकिन असफल रहे।

आग बढ़ती देख पीड़ित ने दमकल को सूचना दी, कुछ देर बाद दमकल विभाग की टीम ने आग पर काबू पाने के लिए आपरेशन शुरू किया, लेकिन आग जब तक काबू पाते तब तक खेत में लगी फसल जलकर बर्बाद हो गई। पीड़ित ने अधिकारियों से आग की भेंट चढ़ी फसल का आकलन कर मुआवजा दिलाए जाने की मांग

- पनवाड़ी क्षेत्र के सिमरिया गांव में एचटी लाइन की गिरी चिंगारी

की है। उधर बुंदेलखंड किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष मनोज राजपूत ने बताया कि खेतों के ऊपर से निकली हाईटेंशन लाइन बहुत नीचे तक लटकी हुई है, जिसके चलते आए दिन हादसे सामने रहते आते हैं. उन्होंने आरोप लगाया कि बिजली विभाग के कर्मचारियों और अधिकारियों की लापरवाही का खामियाजा किसान मुन्नीलाल को भुगतना पड़ा है। क्षेत्र के किसानों ने बताया कि अग्निशमन विभाग जिला मुख्यालय से करीब 60 किलोमीटर की दूरी पर है, जिसके चलते आगजनी होने पर टीम काफी देर के बाद पहुंची थी। किसानों ने कस्बे में एक दमकल चौकी खोले जाने की मांग की है।

**निरीक्षण** — उपकारागार में महिलाओं से संवाद कर कल्याणकारी योजनाओं के बारे में दी जानकारी

# जिला जज-एसपी ने महिला बंदियों को भेंट किए वस्त्र

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** जनपद न्यायाधीश राम नगीना यादव और पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से जिला उपकारागार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान अधिकारियों ने आवासीय बैरक, भोजनालय एवं अस्पताल सहित अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए गए साथ ही बंदियों के लिए उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का गहनता से अवलोकन किया गया।

निरीक्षण करते हुए जिला जज व एसपी ने बंदियों की नियमित


महिला बंदी को अंग वस्त्र भेंट करते जिला जज और एसपी। अमृत विचार

काउंसिलिंग कर उनकी जीवनशैली में सकारात्मक सुधार लाने पर विशेष जोर दिया। जनपद न्यायाधीश व पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षण करते हुए सर्वप्रथम मेस में तैयार हो रहे भोजन की गुणवत्ता की जांच की और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि बंदियों को मानक के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जाए। जेल परिसर में स्थापित सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली की समीक्षा कर अधिकारियों ने उनके सुचारु संचालन के लिए सतर्कता बरतने पर जोर दिया साथ ही बैरकों एवं परिसर में स्वच्छता व्यवस्था को प्राथमिकता देने और बंदियों को नियमानुसार सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

निरीक्षण दौरान मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत विशेष पहल करते हुए अधिकारियों ने महिला बंदियों से संवाद स्थापित कर उन्हें उनके अधिकारों, कानूनी प्रावधानों एवं शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के संबन्ध में जागरूक किया।

अधिकारियों ने महिला बंदियों का मनोबल बढ़ाते हुए उन्हें अंग वस्त्र भेंट किए साथ ही समाज की मुख्यधारा से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सीजेएम, उपकारागार अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी नगर अरुण कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी शिवध्यान पांडेय सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# जल संरक्षण संग पौधरोपण का संदेश

संवाददाता कार्यालय, महोबा

**अमृत विचार।** वीरभूमि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाइयों के शिवरों में शुक्रवार को स्वयंसेवी छात्र छात्राओं ने भित्ति लेखन कर जल संरक्षण एवं वृक्षारोपण का संदेश दिया। कार्यक्रम दौरान अलग अलग ईकाइयों के मुख्य अतिथियों ने भारत की आर्थिक एवं विदेश नीति की जानकारी देकर स्वयंसेवियों को जागरूक किया। इस मौके पर सभी लोगों ने जल संरक्षण और वृक्षारोपण के प्रति संकल्प लिया।

वीरभूमि डिग्री कालेज के एनएसएस की चारो ईकाइयों के स्वयंसेवी छात्र छात्राओं अपने

- वीरभूमि महाविद्यालय में लगाया गया एनएसएस शिविर

अपने शिविर क्षेत्र में दीवारों व सार्वजनिक स्थानों पर जल संरक्षण और वृक्षारोपण के संबन्धित भित्ति लेखन किया। छात्र छात्राओं ने जल ही जीवन है। पानी बचाओ, जीवन बचाओ, पृथ्वी को खुशहाल बनाओ। पेड़ों को बचाओ, भविष्य को बचाओ। पेड़ लगाओ, प्रदूषण कम करो। आइए धरती को फिर से हरा-भरा बनाएं। जीवन का जश्न मनाएं, एक पेड़ लगाएं। जैसे स्लोग्नों को दीवारों पर लिखकर लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया। बौद्धिक सत्र दौरान इकाई प्रथम एवं द्वितीय में मुख्य अतिथि डॉ. अनवर आलम ने वर्तमान परिदृश्य में भारत की आर्थिक एवं विदेश नीति पर चर्चा करते हुए कहा कि वर्तमान में चल रहे युद्ध में सभी शक्तियों के साथ संतुलन बनाना ही हमारे हित में है और वर्तमान में यही हमारी विदेश नीति भी है और देश में पर्याप्त ऊर्जा भंडार उपलब्ध है। इकाई तृतीय एवं चतुर्थ में बौद्धिक सत्र में मुख्य अतिथि वैज्ञानिक डॉ. केसी वर्मा ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में युद्ध आमने सामने न होकर प्रक्षेपास्त्र के माध्यम से होते हैं। भारत परमाणु संपन्न देश है और आधुनिक हथियारों से सुसज्जित है। एनएसएस शिविर दौरान कार्यक्रम अधिकारी डॉ. एसएस राजपूत, डॉ. सोवित कुमार गुप्ता, डॉ. महेंद्र सिंह, डॉ. राम बिहारी पांडे ने शिविर के पांचवें दिन की रूपरेखा प्रस्तुत की।

## न्यूज ब्रीफ

### घर बनवाने के लिए रखा पैसा ले गए चोर

**पहाड़ी (चित्रकूट)।** थानांतर्गत खरसेड़ा गांव निवासी मंगल पांडेय ने घर में चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसने बताया कि बीती रात चोर उसके घर में पीछे के रास्ते से घुस गए और कमरे के ताले तोड़ कर रुपयों का बैग ले गए। बताया कि बैग में घर बनवाने के लिए रखे तीन लाख रुपये थे। उसने बताया कि बाद में बैग घर के पास खेत में मिला। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### पुत्र के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

**बरगढ़ (चित्रकूट)।** विनोबानगर निवासी नत्थू प्रसाद यादव ने अपने पुत्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसने बताया कि उसने खेत की सिंचाई के लिए कुआं बनवाया है। उसका पुत्र अमित उर्फ छोटू उससे अलग रहता है। उसने कुआं में डाले गए सेक्शन पाइप का डंडा तोड़ दिया। जब विरोध किया तो गालियां देते हुए मारपीट की, जिससे उसकी कलाई में चोट आई। उसने अन्य परिवारीजनों को भी मारनेपीटने की धमकी दी।

### बेटी के गायब होने की रिपोर्ट दर्ज कराई

**मानिकपुर (चित्रकूट)।** थानांतर्गत एक गांव निवासी महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी पुत्री, जिसकी उम्र 16 साल है, 24 मार्च की रात घर से कहीं चली गई है। उसने आशंका जताई है कि रोहित नामका युवक उसे ले गया है। पुलिस से बेटी का पता लगाने की गुहार की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### पड़ोसियों पर मारपीट का आरोप

**राजापुर (चित्रकूट)।** माधोगंज निवासी पंकज देवी ने पड़ोसियों पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसका कहना है कि बीती शाम वह अपनी बेटी ज्योति के साथ दरवाजे पर मिट्टी डाल रही थी। इसी दौरान पड़ोसी शभा, सुनैना, जिज्ञासा वहां आईं और बिना कारण उसकी बेटी को गालियां देकर मारपीट की। इससे उसे गंभीर चोटें आईं।

### पीएमश्री विद्यालयों में मिलेगा बढ़िया फर्नीचर

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने बताया कि जिले के सात पीएमश्री परिषदीय विद्यालयों कछारपुरवा, कसहाई, असोह, लोधौरा, बरूवा, टिकरा, इटवा डुडैला में कुल 132 फर्नीचर की आपूर्ति लखनऊ की संस्था ने की है। इससे 2205 छात्र-छात्रायें बढ़िया फर्नीचर व्यवस्था से लाभांन्वित होंगे।

### फंसी रही फायर ब्रिगेड जल गया गेहूं का लाक

**मानिकपुर (चित्रकूट)।** तहसील अंतर्गत टिकुरी गांव के पास शिवऔतार यादव का 22 बीघा गेहूं का लाक आग से राख हो गया। किसान ने बताया कि गुरुवार की शाम कतराई करने की तैयारी थी कि अज्ञात कारणों से आग लग गई। किसान ने बताया कि फायर स्टेशन इंचार्ज को फोन से जानकारी भी दी थी लेकिन दो रेलवे गेटों में फायर स्टेशन से गई गाड़ी फंसी रही, जिससे फसल को बचाया नहीं जा सका है। एसडीएम ने राजस्व टीम को मौके पर भेज कर नुकसान का आकलन करने का निर्देश दिया। लेखपाल अरबाज सिद्दीकी ने बताया कि किसान को दैवीय आपदा के तहत उचित मुआवजा दिलाया जाएगा।

# अफवाहों पर ध्यान न दें, जिले में है पर्याप्त पेट्रोल-डीजल

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** डीएम पुलकित गर्ग ने कहा कि जिले के पेट्रोल पंपों में पर्याप्त पेट्रोल और डीजल उपलब्ध है। अफवाहों पर ध्यान न दें और बेवजह भंडारण न करें।

डीएम ने एसपीअरुण कुमार सिंह के साथ शुक्रवार को पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने पेट्रोलियम पदार्थों की उपलब्धता, तेल आपूर्ति श्रृंखला तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं की जानकारी की। जिलाधिकारी ने पेट्रोल पंप संचालकों से वर्तमान स्टॉक और प्रतिदिन होने वाली तेल आपूर्ति के संबंध में पूछा। उन्होंने निर्देशित किया कि आपूर्ति में किसी भी स्तर पर व्यवधान नहीं आना चाहिए। अधिकारियों ने स्टॉक रजिस्टरों की जांच की और तेल के मापन व गुणवत्ता को लेकर दिशानिर्देश दिए। बाद में डीएम ने जनपदवासियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि जनपद में डीजल पेट्रोल की पर्याप्त उपलब्धता है। उन्होंने अपील की कि नागरिक घबराएं न ही और न ही अनावश्यक रूप से भंडारण करें।

### कालाबाजारी की सूचना दें

- जिलाधिकारी ने आगाह किया कि कोई भी पेट्रोल पंप संचालक जमाखोरी या कृत्रिम अभाव पैदा करने का प्रयास करेगा, तो उसके विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी। कहा कालाबाजारी की सूचना संबंधित विभाग को दें। कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# तेल पर 'ताला', सड़कों पर हाहाकार, लाइन में जनता

संजय साहू, चित्रकूट





पुलिस को तेल देते कर्मचारी और इंतजार में खड़ी भीड़। अमृत विचार




गोपाल जी एंड ब्रदर्स बेंडी पुलिया इंडियन ऑयल में पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** प्रशासन के जिले के पेट्रोल पंपों पर पर्याप्त डीजल-तेल की उपलब्धता के दावों के बीच हकीकत उलट है। शुक्रवार को कई पेट्रोल पंपों पर जहां भारी भीड़ रही तो कई जगहों पर उपलब्धता न होने पर सन्नाटा छाया रहा। हालांकि यह भी माना जा रहा है कि कई जगहों पर स्टाक होने के बाद भी ग्राहकों को पेट्रोल न होने की बात कही जा रही है।

शुक्रवार को कर्वी के शंभू बाबू पेट्रोल पंप पर कर्मचारियों ने बिना हिचक कह दिया कि तेल नहीं है। सोनेपुर में भी यही रटा-रटाया जवाब मिला। बेड़ी पुलिया अमानपुर स्थित जियो पंप पर पेट्रोल जरूर मिला लेकिन कम मात्रा में नाप-तौल कर। चित्रकूट फिलिंग स्टेशन पर तो हद ही हो गई भीड़ का बहाना बनाकर सप्लाई ठप कर दी गई और कर्मचारियों ने खुलेआम फरमान सुना दिया, पुलिस की तैनाती के बिना तेल नहीं देंगे। रामघाट मार्ग के न्यारा, स्वरूप और साहब दीन फिलिंग स्टेशनों पर भी वही पुराना बहाना तेल खत्म। नतीजा, वाहनों की लंबी कतारें और निराश लौटते लोग। आम जनता घंटों लाइन में खड़ी रही, लेकिन टंकी खाली की खाली रही। हालांकि इन जगहों पर कई कर्मचारियों ने नाम छिपाते हुए बताया कि तेल है लेकिन उसे "इमरजेंसी स्टॉक" के नाम पर छिपाकर रखा जा रहा है। यह तेल सिर्फ पुलिस, एंबुलेंस और चुनिंदा सरकारी गाड़ियों के लिए बचाया जा रहा है, जबकि आम जनता को झूठ बोलकर भगा दिया जा रहा है। उधर, प्रशासनिक मशीनरी की संवेदनहीनता भी किसी से छिपी नहीं रही। कंट्रोल रूम ने "दिखवाते हैं" कहकर पल्ला झाड़ लिया, और जिला पूर्ति अधिकारी ने फोन उठाना तक जरूरी नहीं समझा।

# वन विभाग में करोड़ों के घोटाले का आरोप

## मुख्यमंत्री सहित विभागीय अधिकारियों को भेजा गया पत्र, लोगों ने उठाई जांच की मांग

संवाददाता, मानिकपुर चित्रकूट



शिकायतकर्ता अनिल मिश्रा।

**अमृत विचार।** जिले के बहिलपुरवा सेक्शन अंतर्गत सेमरदहा, रुखमा खुर्द, मटदर और बहिलपुरवा क्षेत्र में वन विभाग के कार्यों में बड़े स्तर पर अनियमितता और करोड़ों रुपये के घोटाले के आरोप लग रहे हैं। स्थानीय निवासी ने वन क्षेत्राधिकारी नफीस खान पर फर्जी बिल-बाउचर के जरिए सरकारी धन हड़पने का आरोप लगाया है। ग्रामीण ने जांच के लिए मुख्यमंत्री सहित विभागीय अधिकारियों को रजिस्ट्री की है।

सेमरदहा निवासी अनिल मिश्रा ने आरोप लगाया कि बहिलपुरवा सेक्शन में पिछले कई वर्षों से तैनात वन क्षेत्राधिकारी ने धरातल पर कोई ठोस काम नहीं कराया, जबकि कागजों में कार्य दिखाकर भुगतान करा लिया गया। बताया गया कि वर्ष 2023 में सेमरदहा वन ब्लाक में कैंपा योजना के तहत 10 हेक्टेयर में पौधरोपण और हरित पट्टी का कार्य प्रस्तावित था, लेकिन मौके पर काम न के बराबर हुआ।

इसी तरह वर्ष 2024 में 20 हेक्टेयर पौधरोपण का बजट होने के बाद भी पौधे नहीं रोपे गए। शिकायतकर्ता का यह भी आरोप है कि वर्ष 2022-23 में बहिलपुरवा वन क्षेत्र में 100 हेक्टेयर में कार्य योजना स्वीकृत थी, जिसमें मात्र 20 हेक्टेयर में काम हुआ, जबकि शेष 80 हेक्टेयर का भुगतान फर्जी तरीके से कर लिया गया। मटदर क्षेत्र में वर्ष 2023-24 में 85 हेक्टेयर में पौधरोपण योजना के तहत केवल 15 हेक्टेयर में काम हुआ, जबकि 70 हेक्टेयर का भुगतान कर लिया गया। वहीं रुखमा खुर्द में वर्ष 2021-22 में 140 हेक्टेयर के सापेक्ष मात्र 60 हेक्टेयर में कार्य होने का आरोप है। पीड़ित ने मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उधर, इस संबंध में बात करने के लिए क्षेत्राधिकारी नफीस खान और डीएफओ प्रत्युष कटिहार ने मोबाइल रिसीव नहीं किया।



यह है पौधरोपण स्थल का हाल। अमृत विचार



मामला गरमाने के बाद क्यारी बनाते मजदूर। अमृत विचार

### पौधरोपण और गड्ढे नहीं खोदे गए

- शिकायतकर्ता का कहना है कि पौधरोपण, गड्ढा खुदाई जैसे कार्य मौके पर नहीं हुए और कागजी कार्रवाई के जरिए सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया। उन्होंने मांग की है कि जीपीएस लोकेशन और नक्शों के आधार पर निष्पक्ष जांच कराई जाए। बहिलपुरवा के बीट इंचार्ज शंखधर मिश्रा की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं।

### दबाव और पहुंच से बच रहा अधिकारी

- अनिल मिश्रा ने यह भी आरोप लगाया कि उन्होंने कई बार जिलाधिकारी और डीएफओ से शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उनका कहना है कि अधिकारी दबाव और पहुंच के कारण जांच से बच रहे हैं। बताया गया कि 31 जुलाई 2025 को उच्च अधिकारी द्वारा मौके का निरीक्षण भी किया गया, लेकिन जीपीएस खराब होने का हवाला देकर जांच अधूरी छोड़ दी गई। शिकायतकर्ता का आरोप है कि उन्हें मौके पर बुलाया तक नहीं गया।

# कोरोना के नाम पर वृद्ध दंपती से युवक ने की टप्पेबाजी

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

- कहा, चलो पैसा दिलाऊं और ले गया गहने व रुपये

**अमृत विचार।** लालच और बेइमानी आदमी को बेगैरत बना देती है। उसे यह तक भान नहीं होता कि वह किसके साथ ऐसी हरकत कर रहा है। एक टप्पेबाज ने वृद्ध दंपती के गहने और रुपये ठग लिया। परेशानहाल दंपती ने भगवान का विधान मानकर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराना भी मुनासिब नहीं समझा।

कोतवाली कर्वी अंतर्गत हाईवे किनारे कपसेठी अमानपुर निवासी केदरिया (62) पत्नी माताबदल ने बताया कि शुक्रवार की दोपहर एक युवक उसके घर आया। उसने कहा कि कोरोना काल में सुई लगवाई है तो उसका पैसा मिलना है, चलो दिलवा दूं। केदरिया ने बताया कि उसने कहा कि उसने तो सुई नहीं लगवाई है और साथ जाने से इंकार कर दिया। इसके बाद भी युवक जोर देता रहा। इस पर केदरिया का पति युवक के झांसे में आ गया। युवक वृद्ध दंपती को पुरानी बाजार में पुरानी कोतवाली के पास ले गया। वहां उसने इनसे कहा कि अस्पताल में कुछ देना होगा, इसलिए वे रुपये दे दें। वृद्ध दंपती ने जो भी रुपये थे, दे दिए।

युवक ने कहा कि इतने से काम नहीं चलेगा। इस पर वृद्ध ने अपनी पत्नी के पांव में पहने बिछुए और अन्य चांदी के गहने भी युवक को दे दिए। केदरिया ने बताया कि इसके बाद वह युवक वहां उनको बैठने को कहकर चला गया। जब देर तक नहीं लौटा तो दंपती की समझ में आया कि उनके साथ लूट हो गई। वृद्ध दंपती ने इसे भी किस्मत की मार समझा और बिना पुलिस को तहरीर दिए घर लौट गए।

# एसडीएम ने किया एक और डंपर सीज

**मऊ।** एसडीएम रामऋषि रमन ने बीते दिन एक और गिट्टी से लदे डंपर को सीज कर दिया। डंपर चित्रकूट से प्रयागराज की ओर जा रहा था। एसडीएम ने बताया कि ग्राम पंचायत छिवलहा के पास अवैध परिवहन की सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर पहुंचकर वाहन को रुकवाया और जांच की। जांच के दौरान डंपर में गिट्टी भरी पाई गई, लेकिन चालक के पास खनिज परिवहन से संबंधित वैध दस्तावेज नहीं मिले। इसके बाद डंपर को थाना पुलिस के हवाले कर दिया। इस मामले की सूचना खनिज विभाग, वाणिज्य कर (सेल टैक्स) विभाग और परिवहन विभाग (आरटीओ) को भेज दी गई है। एसडीएम ने बताया कि अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ पहले भी कार्रवाई की जा चुकी है।

# तीर्थक्षेत्र में मनाया गया प्रभु श्रीराम का प्राकट्योत्सव

संवाददाता, चित्रकूट सीतापुर

- दीप प्रज्ज्वलित कर गाए गए बधाई गीत



तीर्थक्षेत्र में दीप प्रज्ज्वलित करते श्रद्धालु। अमृत विचार

**अमृत विचार।** तीर्थक्षेत्र सहित अन्य स्थानों में रामनवमी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव पर धर्मनगरी जय श्रीराम के उद्घोषों से गुंजायमान हो गई।

तीर्थक्षेत्र के सभी मठ-मंदिरों में सुबह से ही पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और विशेष अनुष्ठान जारी हो गया था। दोपहर में भगवान श्री राम के जन्म के समय पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। जगद्गुरु रामभद्राचार्य के आश्रम में पारंपरिक सोहर गीतों के साथ भगवान राम का जन्मोत्सव मनाया गया। इस दौरान श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर नृत्य करने लगे। भरत मंदिर में महंत दिव्यजीवन दास के सानिध्य में जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मंदिर को विशेष रूप से सजाया गया था और राम जन्म के समय शंख-घंटों की ध्वनि के साथ आरती की गई। वहीं कामदगिरि प्रमुख द्वार पर संत मदन दास की अगुवाई में कार्यक्रम हुआ। तीर्थ क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में भए प्रगट कृपाला, दीन दयाला की गूंज सुनाई देती रही। रघुवीर मंदिर (बड़ी गुफा) में भी प्रभु का प्राकट्योत्सव धूमधाम से मनाया गया। सुबह श्रीरामचरित मानस का नवाह्न पारायण संपन्न हुआ एवं बधाई गीतों का गायन हुआ। अबीर गुलाल, पुष्पों की होली खेली गई। ठीक दोपहर 12 बजे शंख, घंटे और घड़ियाल, ढोल नगाड़ों एवं वेद मंत्रोच्चार के स्वर के बीच मंदिर के कपाट पुजारी ने खोले गए एवं भगवान श्री राम का जन्म हुआ। सभी ने भए प्रकट कृपाला दीनदयाला गाकर एक दूसरे को राम जन्म की बधाई दी। इसके बाद भंडारा आयोजित किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष विशद मफतलाल एवं उनकी पत्नी रूपल मफतलाल ने पूजा की। ट्रस्टी डा. विष्णु जोबनपुत्रा, मनोज पंड्या, ऊषा जैन, डा.इलेश जैन, मौसम जैन दमयंती बेन, रमा बेन,मिलोनी बेन, भारती जोबनपुत्रा, मीडिया प्रभारी वीरेंद्र शुक्ला, अनिल शास्त्री, सुरेंद्र शास्त्री आदि मौजूद रहे। मानिकपुर में रामनवमी पर भरोसा मंदिर से तिगलया होते हुए आर्यनगर संतोषी माता मंदिर तक शोभायात्रा निकाली गई। इसकी अगुवाई सीटू मिश्रा, अजय तिवारी ने की।

# बिजली की चपेट में आकर वृद्ध की मौत

**हाड़ी चित्रकूट।** बिजली की चपेट में आने से पचास वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार थाना पहाड़ी अन्तर्गत ग्राम कलवारा खुर्द निवासी जगरूप पुत्र बालगीर उम्र करीब पचास वर्ष नित्य की तरह आज अपनी फसल काटने गांव के बाहर स्थित खेत में गया था। समय करीब छह बजे वह अपने खेत पर काम कर रहा था। तभी तेज़ गरज चमक के साथ बिजली गिर गई। जगरूप बिजली की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गया। घटना की जानकारी पर ग्राम प्रधान रणजीत यादव व परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहाड़ी लेकर पहुंचे। वहां पर मौजूद डॉक्टरों ने उन्हें देखते ही मृत घोषित कर दिया।


## अमृत विचार क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मैने अपना नाम उर्मी देवी से बदलकर उर्मिला कर लिया है जो मेरे सभी सिविल दस्तावेजों आधार कार्ड में दर्ज है , उर्मिला आर्मी न0 15823135 F रैंक हवलदार नाम हैप्पी की कानूनी मां है मुझे भविष्य में उर्मिला नाम से जाना,पहचाना जाए। उर्मिला पत्नी अमरनाथ 56 Apo cod कानपुर

**सूचना**

मेरा वास्तविक नाम राजेश कुमार पुत्र जगदम्बा प्रसाद निवासी ग्राम मीनापुर फगौली पोस्ट शुजागंज जिला अयोध्या है। जो कि गलती से भारतीय जीवन बीमा पॉलिसी संख्या 253461552 में मेरा नाम बच्चूलाल पुत्र जगदम्बा प्रसाद हो गया है। भविष्य में मुझे राजेश कुमार पुत्र जगदम्बा प्रसाद के नाम से ही जाना व पहचाना जाएं।

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम HAREES AHMAD KHAN से बदलकर HAREESH AHMAD रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-TABIB KHAN R/0-KHINDURI, PIPRI RAWAT COLONEL GANJ DIST-GONDA-271502(U.P)

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पिता रण विजय सिंह और मेरी माता का नाम बिमलेश सिंह का नाम (CBSC) हाईस्कूल के रिकार्ड रोल नम्बर 23169676 में तथा इंटरमीडिएट रोल नम्बर 32628047 के अंकपत्र व प्रमाणपत्र में माता व पिता का नाम त्रुटिवश गलत लिख गया है। वास्तव में मेरे पिता का नाम रणविजय सिंह है और मेरी माता का नाम विमलेश सिंह है। जिसे त्रुटि कागजातों में सही किया जाना आवश्यक है। प्रार्थी– आदर्श प्रताप सिंह (फातिमा सीनियर सेकेंडरी स्कूल गोण्डा) मकान नं. 451, छेदी पुरवा, गोण्डा (उत्तर प्रदेश) 271002


अनदेखी

## 70 लोगों के परिवार को सरकारी सुविधाओं की दरकार

# इन सात भाइयों को नहीं मिला किसी योजना का लाभ

संवाददाता, रामनगर चित्रकूट



अपनी व्यथा बताता एक परिवार। अमृत विचार

**अमृत विचार।** प्रदेश सरकार के नौ वर्ष पूरे होने पर अब तक किए गए विकासकार्य की उपलब्धि बताई जा रही है लेकिन तमाम परिवार ऐसे हैं, जो अभी भी सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित हैं। जिले के आकांक्षी विकास खण्ड रामनगर की ग्राम पंचायत अतरसुई के मजरे बिसहापुरवा में भी सात भाइयों का परिवार ऐसा ही एक उदाहरण है।

सरकार की कल्याणकारी योजनाएं बैजू बाबा के डेरा में रह रहे इस 70 लोगों के परिवार तक नहीं पहुंच सकी हैं। इनकी मानें तो परिवार को सरकारी योजना के नाम पर कुछ भी लाभ नहीं मिला है। आलम यह है कि इनके डेरा तक आने के लिए न तो सड़क है और न बिजली। पूरा परिवार अंधेरे में जिंदगी बिताने के लिए अभिशप्त है। केरोसिन की उपलब्धता बंद होने के बाद तो दिक्कत और भी है। 60 वर्षीय गजाधर यादव ने बताया कि हमारे बुजुर्ग देवनाथ और बैजनाथ बैजू बाबा पहले नोनागर में रहते थे। वहां घर छोटा था। जगह की कमी रही तो यहां आकर अपने खेत में कच्चा घर बना रहने लगे। धनपत यादव (52) ने बताया कि यहां हमारे सात भाइयों का परिवार रहता है। हमें आवास तो मिला नहीं है। इसलिए कच्चे घरों में जैसे तैसे रहते हैं।

घरों की महिलाओं हीरामनी, रेखा, रेनू, नीलम, विनीता ने बताया कि चुनाव के समय नेता आश्वासन देते हैं पर हमें सड़क और बिजली तक नहीं मिली। रात में अंधेरे में लकड़ी से खाना बनाने में कितनी बड़ी दिक्कत होती है यह हम लोग ही जानते हैं। इस परिवार की समस्या देख गांव के समाजसेवी संतोष कुमार पप्पू एवं नानबाबू त्रिपाठी ने मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी को पूरी जानकारी देकर इस मजरे को बुनियादी सुविधाओं से लाभांन्वित कराने की मांग की है।

### अन्य भाई भी इसी तरह रह रहे

- धनपत ने बताया कि रविकरन, बच्चू, अमरनाथ,अन्नू,बड़कू, छोटकू, अत्रिमुनि आदि भी टूटा फूटा घर बनाकर रहते हैं। संजय, मुन्नू ने बताया कि हम सभी भाइयों के हिस्से में डेढ़ डेढ़ बीघे जमीन है। मजदूरी और खेत बंटाई में लेकर जीवन गुजार रहे हैं। हमें किसी भी तरह की सरकारी योजना का लाभ अब तक नहीं मिला है। इन लोगों ने मुख्यमंत्री आवास योजना के संबंध में पूछने पर बताया कि यह क्या है हम नहीं जानते।

### मजरे में केवल एक हैंडपंप

- ग्रामीणों ने बताया कि आज तक सड़क नहीं बनी, जिससे बरसात में पूरी तरह कैद होकर रह जाते हैं। बिजली भी नहीं है। कुछ लोगों का राशन कार्ड बना है लेकिन आधार कार्ड की विसंगति से कई लोगों को राशन भी नहीं मिलता है। मजरे में केवल एक हैंडपंप लगा है यदि वह बिगड़ गया तो पूरा परिवार गुंता नदी का प्रदूषित पानी पीता है।

### बच्चों ने बताई अपनी दिक्कतें

- परिवार के बच्चों ने भी अपनी दिक्कतें बताईं। कंपोजिट विद्यालय अतरसुई में कक्षा चार की छात्रा शिवानी पुत्री अन्नू, आशा (कक्षा 5) पुत्री रविकरन, हर्ष कुमार (कक्षा 6) पुत्र अमरनाथ, दिलखुश (कक्षा 1) पुत्र रविकरन, मनीषा (कक्षा 8) पुत्री रविकरन आदि ने कहा कि बिजली न होने से हम पढ़ नहीं पाते। होमवर्क भी पूरा नहीं हो पाता।

### जल्द कराया जाएगा लाभांन्वित : एडीओ

- ग्राम पंचायत अतरसुई के सहायक विकास अधिकारी पंचायत रामनगर अनुराग पांडेय ने कहा कि वह पहले यहां नहीं थे तो कुछ नहीं बता सकते। अब उनके पास सचिव का भी कार्यभार है। मुख्यमंत्री आवास में इनका नाम सम्मिलित कर लिया गया है। शासन से स्वीकृति मिलने पर इन्हें लाभांन्वित कराया जाएगा।


सुखमय वैवाहिक जीवन के लिए
आज ही मिलें...
डॉ. शुक्ला
गुप्त रोग क्लीनिक
9889975347
समय – 09:00 बजे से रात 08:00 बजे
रविवार 09:00 बजे से दोपहर 01:30 बजे तक
केशव नगर, निकट शिवाजी इंटर कॉलेज, गेट नं0-2 के सामने, कानपुर



मेरी सफलता इस बात पर निर्भर नहीं करेगी कि A या B मेरे बारे में क्या सोचते हैं। मेरी सफलता वही होगी, जो मैं अपने काम से बनाऊंगा।

**-होमी जहांगीर भाभा**, भारतीय परमाणु भौतिक विज्ञानी

## अस्थायी राहत

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य से भारत को आवागमन की अनुमति मिलना निःसंदेह राहत भरी खबर है। ईरान का यह निर्णय भारत जैसे ऊर्जा-आयातक देश के लिए तात्कालिक संकट को टालने वाला कदम है, किंतु इसे स्थायी समाधान मान लेना जल्दबाजी होगी। भारत की ऊर्जा सुरक्षा का बड़ा हिस्सा आयात पर निर्भर है। ऐसे में उसके लिए होर्मुज मार्ग का खुलना पेट्रोलियम आपूर्ति को स्थिर रखेगा ही उर्वरक और खाद्य आपूर्ति श्रृंखला पर भी सकारात्मक प्रभाव डालेगा। तेल आपूर्ति बाधित होने पर परिवहन लागत बढ़ती और खाद्यान्न महंगे होते। यह निर्णय अर्थव्यवस्था के लिए 'सांस लेने की जगह' प्रदान करता है।

भारत ने सार्वजनिक रूप से अमेरिका या इजराइल के खिलाफ कड़ा रुख नहीं अपनाया, फिर भी ईरान ने उसे उन चुनिंदा देशों में रखा, जिन्हें मार्ग उपयोग की अनुमति दी गई। यह भारतीय कूटनीति की 'रणनीतिक संतुलन' नीति का परिणाम है, जहां भारत किसी एक ध्रुव में पूरी तरह शामिल हुए बिना अपने हित साधता है। साथ ही, यह ईरान की व्यावहारिक कूटनीति भी दर्शाता है, जो आर्थिक और भू-राजनीतिक यथार्थ को समझते हुए भारत जैसे बड़े बाजार और साझेदार को अलग-थलग नहीं करना चाहता। ऊर्जा मोर्चे पर भारत ने 60 दिनों का तेल भंडार और अतिरिक्त 60 दिनों की आपूर्ति सुनिश्चित कर ली है। इसके साथ वैकल्पिक स्रोतों की खोज भी जारी है। इससे तात्कालिक संकट की आशंका कम होती है, लेकिन वैश्विक कीमतों में उतार-चढ़ाव और युद्ध की अनिश्चितता के चलते पेट्रोल-डीजल की कीमतों में स्थिरता की गारंटी नहीं दी जा सकती, खासकर राज्यों में होने वाले चुनावों के बाद। ई-20 पेट्रोल नीति ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, किंतु एथनॉल उत्पादन की वर्तमान क्षमता इस लक्ष्य को पूरी तरह समर्थन देने में अभी सक्षम नहीं दिखती। कृषि, जल और खाद्य संतुलन को ध्यान में रखते हुए एथनॉल उत्पादन बढ़ाना एक जटिल चुनौती होगी। इसी प्रकार, गैस भंडारण और उत्पादन क्षमता में वृद्धि सकारात्मक संकेत हैं, लेकिन वैश्विक एलएनजी बाजार अत्यधिक अस्थिर है। अतः घरेलू गैस आपूर्ति पूरी तरह निर्बाध रहेगी, यह मान लेना जोखिमपूर्ण होगा। खाद्य सुरक्षा के संदर्भ में स्थिति अधिक गंभीर है। युद्ध के कारण उर्वरक उत्पादन में संभावित 15 प्रतिशत गिरावट और सब्सिडी बिल में 25 हजार करोड़ रुपये की वृद्धि सरकार के वित्तीय संतुलन पर दबाव डालेगी। भारत की 20 प्रतिशत यूरिया और 33 फीसद डीएपी की आयात निर्भरता इस संकट को और गहरा करती है। दीर्घकालिक समाधान के लिए घरेलू उत्पादन, वैकल्पिक उर्वरकों और जैविक खेती को बढ़ावा देना आवश्यक होगा। यदि अमेरिका और ईरान के बीच तनाव लंबा खिंचता है, तो वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाएं और अधिक बाधित होंगी। ऐसे में भारत को ऊर्जा, खाद्य और राजकोषीय तीनों मोर्चों पर दबाव झेलना पड़ सकता है।

होर्मुज से मिली राहत एक अवसर है, लेकिन यह चेतावनी भी कि भारत को अपनी ऊर्जा और खाद्य सुरक्षा के ढांचे को और अधिक आत्मनिर्भर, विविधीकृत और लचीला बनाना होगा। सरकार को भंडारण, वैकल्पिक ऊर्जा, कूटनीतिक संतुलन और कृषि सुधारों पर समानांतर रूप से कार्य करना होगा, तभी यह अस्थायी राहत स्थायी सुरक्षा में बदल सकेगी।

### प्रसंगवश

## सार्वजनिक न्याय की दिशा में सुप्रीम कोर्ट के 3 फैसले



कांतिलाल मांडोत
वरिष्ठ पत्रकार

भारत के न्यायिक इतिहास में कुछ फैसले ऐसे होते हैं, जो केवल कानूनी व्याख्या तक सीमित नहीं रहते, बल्कि समाज की संरचना, अधिकारों की परिभाषा और राज्य की जिम्मेदारियों को नई दिशा देते हैं। हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए तीन महत्वपूर्ण निर्णय धर्म परिवर्तन के बाद अनुसूचित जाति (एससी) के दर्जे पर स्पष्टता, सैन्य बलों में महिला अधिकारियों के साथ समानता सुनिश्चित करना, और झूठी एफआईआर के मामलों में सख्त रुख- इसी श्रेणी में आते हैं। ये फैसले न केवल संविधान की मूल भावना को मजबूत करते हैं, बल्कि यह भी संकेत देते हैं कि न्यायपालिका सामाजिक न्याय, समान अवसर और कानून के दुरुपयोग पर एक संतुलित दृष्टिकोण बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

पहला और सबसे अधिक चर्चा में रहने वाला निर्णय धर्म परिवर्तन और अनुसूचित जाति के दर्जे से जुड़ा है। सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया कि यदि कोई व्यक्ति हिंदू, सिख या बौद्ध धर्म को छोड़कर किसी अन्य धर्म को अपनाता है, तो वह अनुसूचित जाति का सदस्य नहीं रह जाता। यह निर्णय संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश 1950 की उस मूल भावना को दोहराता है, जिसमें अनुसूचित जातियों की पहचान ऐतिहासिक सामाजिक भेदभाव और छुआछूत की प्रथाओं से जुड़ी हुई है, जो मुख्यतः हिंदू सामाजिक ढांचे में विद्यमान रही हैं। न्यायालय का यह कहना कि धर्म परिवर्तन के साथ ही एससी का दर्जा और उससे जुड़े सभी वैधानिक लाभ तत्काल समाप्त हो जाते हैं, एक कठोर लेकिन स्पष्ट संदेश है कि आरक्षण और विशेष अधिकारों का आधार सामाजिक उत्पीड़न की ऐतिहासिक वास्तविकता है, न कि केवल जातीय पहचान।

यह निर्णय उन बहसों को भी नई दिशा देता है, जो लंबे समय से धर्मांतरण और सामाजिक न्याय के बीच संबंध को लेकर चल रही थीं। कुछ पक्षों का तर्क रहा है कि भले ही व्यक्ति धर्म बदल ले, लेकिन सामाजिक भेदभाव का प्रभाव समाप्त नहीं होता, जबकि दूसरी ओर यह भी कहा जाता रहा है कि आरक्षण का उद्देश्य विशेष रूप से उन समुदायों को राहत देना है, जो एक विशिष्ट सामाजिक संरचना में उत्पीड़ित रहे हैं। न्यायालय ने इस जटिल बहस में संवैधानिक प्रावधानों को प्राथमिकता देते हुए स्पष्टता प्रदान की है। इससे नीति निर्माताओं और समाज दोनों के लिए यह समझना आसान होगा कि सामाजिक न्याय की योजनाएं किन आधारों पर लागू होती हैं।

दूसरा महत्वपूर्ण निर्णय भारतीय सैन्य बलों में महिला अधिकारियों के अधिकारों से संबंधित है। न्यायालय ने यह माना कि शॉर्ट सर्विस कमीशन के तहत कार्यरत महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन देने में जो मापदंड अपनाए गए, वे असमान और भेदभावपूर्ण थे। अदालत ने न केवल इस असमानता पर आपत्ति जताई, बल्कि यह भी निर्देश दिया कि जिन महिला अधिकारियों को प्रमोशन से वंचित किया गया है, उन्हें 20 वर्षों की सेवा के आधार पर पूर्ण पेंशन दी जाए। यह फैसला केवल आर्थिक राहत तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उस मानसिकता को चुनौती देता है, जिसमें सेना जैसे संस्थानों में पुरुष वर्चस्व को स्वाभाविक माना जाता रहा है।

तीसरा निर्णय झूठी एफआईआर और सबूत गढ़ने के मामलों में न्यायालय के सख्त रुख को दर्शाता है। अदालत ने इस विषय पर केंद्र और राज्य सरकारों को नोटिस जारी करते हुए यह संकेत दिया है कि कानून के दुरुपयोग को हल्के में नहीं लिया जा सकता। वर्तमान व्यवस्था में झूठी शिकायतों के खिलाफ कार्रवाई की प्रक्रिया सीमित होने के कारण कई बार निर्दोष लोग लंबे समय तक कानूनी उलझनों में फंस जाते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# विज्ञान की डगर और समाज की दिशा





राजेश श्रीनेत
वरिष्ठ पत्रकार

> विज्ञान और समाज एक-दूसरे के पूरक हैं। समाज की आवश्यकताएं विज्ञान को दिशा देती हैं और विज्ञान समाज के विकास को गति प्रदान करता है। इतिहास के विभिन्न चरणों में यह स्पष्ट रूप से दिखाई देता है।

समाज और विज्ञान के बीच का संबंध अत्यंत गहरा और परस्पर प्रभावशाली रहा है। समय के साथ जैसे-जैसे समाज में परिवर्तन हुए हैं, वैसे-वैसे विज्ञान की दिशा, प्राथमिकताएं और उपलब्धियां भी बदलती रही हैं। विज्ञान केवल प्रयोगशालाओं तक सीमित कोई स्वतंत्र प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक परिस्थितियों से निरंतर प्रभावित होता है। जिस प्रकार समाज की आवश्यकताएं बदलती हैं, उसी के अनुसार वैज्ञानिक अनुसंधान के विषय, संसाधनों का वितरण और नवाचार की गति भी परिवर्तित होती रहती है।

बीसवीं सदी के पहले आधे हिस्से का उदाहरण इस बात को स्पष्ट रूप से दर्शाता है। यह वह समय था जब दुनिया दो बड़े विश्व युद्धों में उलझा हुआ था। युद्ध की परिस्थितियों ने सरकारों को मजबूर किया कि वे वैज्ञानिक अनुसंधान में भारी निवेश करें, ताकि युद्ध में बढ़त हासिल की जा सके। इस काल में विज्ञान का मुख्य उद्देश्य सैन्य शक्ति को बढ़ाना था। नतीजतन, परमाणु ऊर्जा, रडार तकनीक, और विभिन्न प्रकार के हथियारों के विकास में तेजी आई। विशेष रूप से परमाणु ऊर्जा के रहस्य इसी दौर में उजागर हुए, जो बाद में मानव इतिहास की सबसे बड़ी वैज्ञानिक उपलब्धियों में से एक साबित हुआ, हालांकि इसका उपयोग विनाशकारी भी रहा, जैसे हिरोशिमा और नागासाकी पर परमाणु बम गिराए जाने की घटनाएं। इससे यह स्पष्ट होता है कि विज्ञान की दिशा समाज की परिस्थितियों और आवश्यकताओं के अनुसार तय होती है।

युद्धकालीन परिस्थितियों के बाद, जब दुनिया ने शांति और पुनर्निर्माण की ओर कदम बढ़ाया, तब विज्ञान की प्राथमिकताएं भी बदलने लगीं। औद्योगिकीकरण और आर्थिक विकास ने वैज्ञानिक अनुसंधान को नई दिशा दी। बाजार की शक्तियों ने विज्ञान को प्रभावित करना शुरू किया। निजी कंपनियों और कॉर्पोरेट संस्थाओं ने अपने लाभ को बढ़ाने के लिए वैज्ञानिक अनुसंधान में निवेश करना शुरू किया। इस प्रक्रिया ने चिकित्सा, औषधि निर्माण और कृषि के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन लाए। आधुनिक कंपनियां नई दवाइयों के विकास, रोगों के उपचार और कृषि उत्पादन को बढ़ाने के लिए जैव प्रौद्योगिकी (बायोटेक्नोलॉजी) में भारी निवेश कर रही हैं।

जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हुए विकास ने मानव जीवन को नई दिशा दी है। जीनोमिक अनुक्रमण और आनुवंशिक इंजीनियरिंग जैसी तकनीकों ने चिकित्सा विज्ञान में अभूतपूर्व प्रगति की है। आज हम कई गंभीर बीमारियों का इलाज खोजने में सक्षम हो रहे हैं, जो पहले असंभव प्रतीत होती थीं। इसके साथ ही, कृषि क्षेत्र में भी नई किस्मों के विकास से उत्पादन में वृद्धि हुई है, जिससे खाद्य सुरक्षा को मजबूती मिली है। यह सब संभव हुआ, क्योंकि समाज में आर्थिक प्रतिस्पर्धा और बाजार आधारित दृष्टिकोण ने वैज्ञानिक अनुसंधान को नई दिशा दी।

विज्ञान का विकास केवल बाजार और युद्ध तक सीमित नहीं रहा है। आधुनिक समय में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना भी वैज्ञानिक अनुसंधान को प्रभावित कर रही है। कई सफल उद्योगपतियों और व्यक्तियों ने अपनी संपत्ति का उपयोग समाज के कल्याण के लिए करना शुरू किया है। उन्होंने ऐसे फाउंडेशन स्थापित किए हैं, जो उन क्षेत्रों में निवेश करते हैं, जिन्हें वे सामाजिक रूप से महत्वपूर्ण मानते हैं। उदाहरण के लिए, नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए कई संस्थाएं कार्य कर रही हैं। इसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास को सुनिश्चित करना है।

आज के समय में जलवायु परिवर्तन एक बड़ी वैश्विक समस्या बन चुका है। इस समस्या से निपटने के लिए विज्ञान को नई दिशा में कार्य करना पड़ रहा है। सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और अन्य स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों के विकास में तेजी आई है। यह परिवर्तन इस बात का प्रमाण है कि जब समाज किसी समस्या को गंभीरता से लेता है, तो विज्ञान उस समस्या के समाधान की दिशा में सक्रिय हो जाता है। इस प्रकार, विज्ञान केवल तकनीकी उन्नति का साधन नहीं है, बल्कि यह समाज की आवश्यकताओं और मूल्यों का प्रतिबिंब भी है।

इसके अतिरिक्त, डिजिटल युग में सूचना प्रौद्योगिकी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता का विकास भी समाज के बदलते स्वरूप का परिणाम है। आज की दुनिया में तेजी से बदलती जीवनशैली, वैश्वीकरण और संचार की आवश्यकता ने इन क्षेत्रों में अनुसंधान को बढ़ावा दिया है। इंटरनेट, स्मार्टफोन और डेटा विश्लेषण जैसी तकनीकों ने हमारे जीवन को पूरी तरह बदल दिया है। ये सभी विकास इस बात को दर्शाते हैं कि विज्ञान समाज की जरूरतों के अनुसार विकसित होता है।

फिर भी, यह भी ध्यान रखना आवश्यक है कि विज्ञान का उपयोग किस प्रकार किया जाता है, यह पूरी तरह समाज के नैतिक और सांस्कृतिक मूल्यों पर निर्भर करता है। विज्ञान स्वयं में न तो अच्छा होता है और न ही बुरा; इसका प्रभाव इस बात पर निर्भर करता है कि इसका उपयोग किस उद्देश्य के लिए किया जा रहा है। इसलिए समाज को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वैज्ञानिक प्रगति का उपयोग मानव कल्याण के लिए किया जाए, न कि विनाश के लिए।

विज्ञान और समाज एक दूसरे के पूरक हैं। समाज की आवश्यकताएं विज्ञान को दिशा देती हैं और विज्ञान समाज के विकास को गति प्रदान करता है। इतिहास के विभिन्न चरणों में यह संबंध स्पष्ट रूप से दिखाई देता है, चाहे वह युद्धकालीन अनुसंधान हो, बाजार आधारित नवाचार हो या सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत किया गया अनुसंधान। भविष्य में भी विज्ञान का विकास समाज की बदलती जरूरतों के अनुरूप होता रहेगा, इसलिए आवश्यक है कि हम एक ऐसा संतुलन बनाए रखें, जिसमें वैज्ञानिक प्रगति और सामाजिक हित दोनों साथ-साथ आगे बढ़ें, ताकि एक बेहतर और अधिक टिकाऊ भविष्य का निर्माण किया जा सके।

### आमने सामने



क्या कोई भी संवेदनशील सरकार अस्पतालों के निर्माण पर रोक लगाती है? जयपुर के चारों कोनों पर प्रस्तावित चार सैटेलाइट अस्पतालों का काम अटकाकर एवं बंद कर भाजपा सरकार ने जनता के स्वास्थ्य से खिलवाड़ किया है। आगरा और दिल्ली रोड के अस्पतालों को रद्द करना बेहद शर्मनाक है।


**-अशोक गहलोत**
पूर्व मुख्यमंत्री, राजस्थान

खोखली जादूगरी का झूठ केवल भ्रम पैदा करता है। केवल ट्विटर पर बयान देने से सरकार नहीं चलती। अपराधी सलाखों के पीछे हैं। मंत्री और अधिकारी जेल जा रहे हैं और अभी यह सूची काफी लंबी है। भ्रष्टाचार करने वाले एक भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

**-भजन लाल शर्मा**
मुख्यमंत्री, राजस्थान



# ईरान युद्ध और नव साम्राज्यवाद का क्रूर चेहरा



जयशंकर पांडेय
पूर्व विधायक

> अमेरिका-इजराइल गए थे ईरान की नकाब उतारने, लेकिन हकीकत में उनकी खुद की नकाब उतर गई। उस नकाब के पीछे उनका क्रूर चेहरा उजागर हो गया है।

फरवरी के आखिर में शुरू हुए अमेरिका ईरान युद्ध ने नवसाम्राज्यवाद के क्रूर चेहरे से नकाब उतार दी है। अमेरिका ने ईरान पर यह कहते हुए हमला किया था कि वह ईरान के मुल्ला-मोलवियों के कट्टर शासन से वहां की जनता और विशेषकर महिलाओं को आजाद कराने आया है, इसलिए शुरू में जब अयातुल्ला अली खोमेनई और उनकी सेना के कुछ कमांडरों की हत्या हुई, तो वहां की जनता के एक तबके में उत्साह भी दिखा, लेकिन जब अमेरिकी हमले में सैकड़ों की संख्या में ईरानी छात्राएं मारी गईं तो ईरान ही नहीं पूरी मानवता उसका कलेजा फट गया। अमेरिका और इजराइल गए थे ईरान की नकाब उतारने, लेकिन हकीकत में उनकी अपनी नकाब उतर गई। उस नकाब के नीचे गोरे अमेरिकी और इजराइली का क्रूर चेहरा उजागर हो गया। इसी के साथ अनमने तरीके से अमेरिका को समर्थन दे रहे यूरोप की भी कलई खुल गई।

अमेरिका और इजराइल के इस गठजोड़ ने पश्चिम एशिया के तमाम तेल वाले देशों की कायरता और इस्लाम विरोधी नीतियों को उजागर करके रख दिया। ईरान के राजनीतिक मॉडल की आलोचना करने वाले लोगों को यह समझ में आना चाहिए कि ईरान का राजनीतिक मॉडल सऊदी अरब, यूएई, बहरीन, कतर जैसे तमाम राजशाही वाले अरब देशों से बहुत बेहतर था। वहां इस्लामी मॉडल के भीतर एक तरह का लोकतंत्र है, जिसमें एक वैश्विक व्यवस्था के प्रति सम्मान है और अपनी संप्रभुता के प्रति स्वाभिमान है। वह भले यूरोपीय मॉडल का लोकतंत्र नहीं है, लेकिन हम उसे इस्लामी लोकतंत्र अवश्य कह सकते हैं। जो लोग ईरान में स्त्रियों को शाह रजा पहलवी के दौर की आजादी देना चाहते हैं, उनके पीछे उसे फिर से अमेरिका का उपनिवेश बना देने का इरादा है। पूंजीवाद के व्यापक शोषण तंत्र और लूट का एक पुर्जा बनाने वाले ही इस्लाम के राजनीतिक प्रणाली को बदनाम करने का अभियान चलाए रखना चाहते हैं।

प्राच्यवाद के कठोर आलोचक एडवर्ड सईद ने 'कवरिंग इस्लाम' नामक अपनी पुस्तक में बताया है कि यहूदियों के हाथों में कैद अमेरिकी प्रेस ने किस प्रकार इस्लाम को बदनाम करने का एक अभियान चलाया और यह साबित करने की कोशिश की कि इस्लाम के प्रभाव वाले देश कला, संस्कृति, विज्ञान, साहित्य और दर्शन से विहीन हैं और न तो उनका कोई पुरातत्व अतीत है और न ही सभ्य वर्तमान। वहां तो सिर्फ तेल बेचने वाले शेख रहते हैं जो हरम में अय्याशी करते हैं और या तो आतंकवादी रहते हैं, जो यूरोप और अमेरिका को परेशान करते रहते हैं। सईद ने तथ्यों के माध्यम से यह साबित किया है कि यूरोप के फ्रांस और स्पेन जैसे देशों को छोड़कर कम देश ऐसे हैं, जो इस्लाम के योगदान से परिचित हैं और अरबी, फारसी और पश्चिम एशिया की दूसरी भाषाओं को समझने वाले तो अमेरिका में और भी कम हैं।

इन देशों में स्त्रियों का सम्मान किस हद तक है, इस बारे में मशहूर नारीवादी जर्मेन ग्रीयर का एक मशहूर व्याख्यान है- बिकिनी या बुरका। उन्होंने यह व्याख्यान भारत में दिया था और कहा था कि बिकनी वाले पूंजीवादी देशों ने स्त्री देह का जितना शोषण किया है, उतना बुरका वाले देशों में नहीं हुआ है। आज एपस्टीन फाइल के माध्यम से हम समझ सकते हैं कि पूंजीवादी तंत्र ईसाई और यहूदी संकीर्णताओं से मिलकर कितना घिनौना कृत्य कर सकता है। वह कृत्य जहां बालिग स्त्रियों के दैहिक शोषण की बात तो छोड़िए छोटी-छोटी बच्चियों के प्रति भी क्रूरता की इंतेहा हो रही है।

तमाम विश्लेषकों का कहना है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके बहुत सारे समर्थक एपस्टीन फाइल में बदनाम हो रहे हैं और कानूनी रूप से पकड़ में आ रहे हैं, इसलिए उन्होंने यह युद्ध छेड़ दिया है। डोनाल्ड ट्रंप की मनमानी पर तो वहां के सुप्रीम कोर्ट ने भी अंकुश लगाने की कोशिश की है, इसलिए मध्यावधि चुनाव जीतने और अपनी ताकत को फिर से कायम करने के लिए ट्रंप ने यह कदम उठाया है। कहा यह भी जा रहा है कि सऊदी अरब के प्रिंस सलमान ने अमेरिका को इस युद्ध में उतरने के लिए उकसाया है, लेकिन उससे भी अधिक उतावलापन इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतनयाहू की ओर से बताया जा रहा है। दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह है कि इस युद्ध में अमेरिका की सरपरस्ती में रहने वाले तमाम अरब के देश, इजराइल और अमेरिका के साथ हैं, जबकि उनकी अवाम विरोध कर रही है।

द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से ही संयुक्त राष्ट्र और सुरक्षा परिषद की जो व्यवस्था बनी, वह लोकतांत्रिक नहीं थी और उसमें भेदभाव की पर्याप्त गुंजाइश थी। इसी भेदभाव के रास्ते साम्राज्यवाद अपने पैर पसार रहा था। कभी अमेरिका, दक्षिण अमेरिका में सत्ता परिवर्तन कराता रहा तो कभी वियतनाम और कोरिया में। यह सिलसिला अफगानिस्तान से लेकर इराक, सीरिया और दूसरे देशों में जारी रहा। अमेरिका ने राजनीतिक और आर्थिक स्थिरता के लिए बनी संयुक्त राष्ट्र की व्यवस्था का कम से 50 बार उल्लंघन कर दूसरे देशों पर आक्रमण किए हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## नेहरू की बहन कृष्णा



राज गोपाल सिंह वर्मा
लेखक

दो नवंबर 1907 को जन्मी मोतीलाल नेहरू की बेटी, जवाहरलाल नेहरू और विजय लक्ष्मी पंडित की छोटी बहन कृष्णा नेहरू हठी सिंह को अपेक्षाकृत कम लोग जानते हैं। वह जवाहरलाल से 17 साल छोटी और बहन विजयलक्ष्मी पंडित से सात साल छोटी थीं। जनवरी 1955 की 'टाइम' पत्रिका में श्रीमती हठी सिंह ने अपने प्रतिष्ठित परिवार का एक वर्णन प्रस्तुत किया है।

वह लिखती हैं, "मैंने हमेशा जवाहर का आदर किया है, लेकिन तीस साल के संघर्ष और बलिदान ने अपनी छाप छोड़ी है। हर साल ने उनकी गर्मजोशी, उल्लास और मिलनसार आकर्षण को कुछ हद तक कम कर दिया है... भूरी आंखें जो कभी किसी मजाकिया टिप्पणी पर चमकने के लिए हमेशा तैयार रहती थीं, अब अकसर कठोर अवज्ञा या थकी हुई हताशा का भाव रखती हैं। उनका चेहरा एक थके हुए आदमी का है, जो किसी आंतरिक शक्ति द्वारा संचालित लगता है जो कभी नरम नहीं पड़ती, कभी जाने नहीं देती। आज उनकी मुस्कान एक आत्म-संयमी व्यक्ति, एक विनम्र प्रधानमंत्री की मुस्कान है, जो अपनी शक्ति के बारे में पूरी तरह से जागरूक है, किसी भी आलोचना को चुनौती देता है।"

अपने बचपन के विषय में कृष्णा बताती हैं, "अपने बचपन में मैंने एक शांत जीवन जिया। हम एक छोटे और संयोजित परिवार के लोग थे और हमारा यह छोटा संसार बहुत खुशी भरा था; जिसमें कोई दुख या कठिनाई नहीं थी। धीरे-धीरे हमारे जीवन को बहुत परिवर्तन देखने पड़े, परंतु हम एक साथ बने रहे, इसलिए इन दुखों का पता नहीं चला। जीवन चलता रहा और हम धीरे-धीरे अलग राहों पर चल पड़े। हम मानसिक और शारीरिक रूप से इतने मजबूत होते गए कि हमारी राह में चाहे कुछ भी आए, हमें परवाह नहीं रही।"

इससे अलग अपनी एक पुस्तक में कृष्णा हठी सिंह अपनी पृष्ठभूमि देते हुए बताती हैं, "...हम कश्मीरी ब्राह्मण हैं। हमारे पूर्वज राज कौल (कमला कौल के परिवार से भिन्न) मुगल बादशाह फर्रूखसियर के दरबार में कश्मीर से आए थे। फर्रूखसियर उनकी विद्वता से बहुत प्रभावित था। उसने उन्हें दिल्ली में एक नहर के किनारे रहने के लिए मकान भेंट किया था। नहर के किनारे रहने के कारण हमारा परिवार दिल्ली में कौल नहर के नाम से मशहूर हुआ। कालांतर में कौल नहर का कौल नेहरू हो गया और समय के साथ कौल हटकर सिर्फ नेहरू बचा और यों हम नेहरू कहलाने लगे।"

**-फेसबुक वॉल से**

### सामयिकी

## आईपीएल के शोर में कहीं खो न जाए टेस्ट क्रिकेट



धनीश शर्मा
लेखक

आज से शुरू हो रहा आईपीएल अब केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह एक ऐसे विशाल मंच में बदल चुका है जहां खेल, व्यवसाय, ग्लैमर और दर्शकों की भावनाएं एक साथ नजर आती हैं। इसकी लोकप्रियता और प्रभाव इतना बढ़ चुका है कि यह लोगों की दिनचर्या और सोच पर भी गहरा असर डालने लगा है। ऐसे में सवाल उठता है कि इस चमक-दमक के बीच कहीं क्रिकेट का असली स्वरूप तो पीछे नहीं छूट रहा?

आज के दौर में इंडियन प्रीमियर लीग केवल एक खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि एक विशाल मनोरंजन उद्योग बन चुका है। जैसे ही आईपीएल का सीजन शुरू होता है, पूरे देश में एक अलग ही उत्साह देखने को मिलता है। टीवी, मोबाइल, सोशल मीडिया और अखबार- हर जगह आईपीएल की चर्चा होती है। बड़े-बड़े खिलाड़ी, फिल्मी सितारे, ब्रांड विज्ञापन और स्टेडियम की चमक-दमक इसे किसी त्योहार जैसा बना देते हैं।

आईपीएल ने युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का एक मंच प्रदान किया है। छोटे शहरों और गांवों से आने वाले खिलाड़ी, जिन्हें पहले पहचान नहीं मिल पाती थी, आज अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं। इसके अलावा, खिलाड़ियों को आर्थिक रूप से भी मजबूती मिली है। जहां कई बार कम उम्र के खिलाड़ियों पर पैसों की बारिश होती है, वे अचानक मिली इस सफलता और प्रसिद्धि के दबाव को संभाल नहीं पाते। अधिक धन और अपेक्षाओं का बोझ उनके प्रदर्शन को प्रभावित करता है।

इसके नकारात्मक पहलुओं को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। अत्यधिक पैसा, विज्ञापन और ग्लैमर के कारण खेल की मूल भावना प्रभावित हो रही है। कई बार खिलाड़ी देश के लिए खेलने के बजाय लीग को प्राथमिकता देते हैं। इसके अलावा, लगातार मैचों के कारण खिलाड़ियों पर मानसिक और शारीरिक दबाव भी बढ़ता है। क्रिकेट को परंपरागत रूप से धैर्य, तकनीक, अनुशासन और खेल भावना का प्रतीक माना जाता रहा है। विशेष रूप से टेस्ट क्रिकेट, जिसे खेल का सबसे शुद्ध रूप कहा जाता है, खिलाड़ियों की क्षमता और मानसिक मजबूती की असली परीक्षा लेता है, लेकिन आईपीएल के आगमन के बाद क्रिकेट का स्वरूप तेजी से बदल गया है। अब खेल की गति तेज हो गई है, जहां हर गेंद पर चौका-छक्का लगाने का दबाव रहता है। इसके साथ ही दर्शकों की रुचि में भी बदलाव आया है। आज लोग तेजी और रोमांच को ज्यादा पसंद करते हैं, जिसके कारण टेस्ट और वनडे क्रिकेट की लोकप्रियता प्रभावित हो रही है। यह क्रिकेट के संतुलित विकास के लिए एक चुनौती है।

आईपीएल ने खेल को पूरी तरह से बाजार से जोड़ दिया है, जहां टीमों की नीलामी, खिलाड़ियों की कीमत और ब्रांड वैल्यू पर अधिक ध्यान दिया जाता है। इससे कई बार ऐसा प्रतीत होता है कि खेल की जगह व्यापार ने ले ली है। आईपीएल के शोर और चमक में खेल की सादगी और आत्मा कहीं दबती नजर आती है। आवश्यकता इस बात की है कि हम मनोरंजन के साथ-साथ खेल की मूल भावना को भी बनाए रखें और साथ में यह न भूलें कि क्रिकेट की आत्मा टेस्ट क्रिकेट में ही बसती है। इस पैसों के मायाजाल में टेस्ट क्रिकेट कहीं खो न जाए। आज जरूरत है क्रिकेट के असली खेल टेस्ट क्रिकेट को संभाल कर रखने की, जिससे क्रिकेट की मूल स्वरूप में असली क्रिकेट जिंदा रह सके।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह*** 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।



उस दिन हल्की गर्म दोपहर थी। हमारी कार ठीक एक बजकर 10 मिनट पर एक ऐसी जगह आकर रुकी, जहां पहुंचते ही लगा कि हम किसी पर्यटन स्थल पर नहीं, बल्कि एक अलग ही मन :स्थिति में प्रवेश कर गए हैं। गांव छूटने के बाद जीवन में बहुत-सी चीजें पीछे रह जाती हैं। उनमें से एक होली भी है। शहरों की होली में रंगों की चमक तो होती है, लेकिन वह मन में उसी तरह नहीं उतरती जैसे गांव में फाग के गीतों के साथ खेली जाने वाली होली उतरती थी। शायद उसी खोई हुई अनुभूति की तलाश में अब हर होली पर मैं किसी नई जगह की ओर निकल पड़ता हूं।




मृदुल कपिल
साहित्यकार

# कुटनी आइलैंड

## शांति और सौंदर्य का अनूठा संगम

### मन के पास प्रकृति की सुंदरता

इस होली पर भी समय और साधन सीमित थे। खजुराहो की यात्रा के दो दिन पूरे हो चुके थे और मेरे पास खुद से चुराया हुआ बस एक दिन और था। उसी दिन मैं अपने साथियों प्रिया और माधव के साथ खड़ा था एक बेहद सुंदर जगह पर कुटनी आइलैंड। मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में, विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल खजुराहो से लगभग 12 किलोमीटर दूर, कुटनी जलाशय के बीच स्थित यह छोटा-सा टापू मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा विकसित किया गया है। पानी से घिरे इस शांत द्वीप पर एमपी टूरिज्म के केवल दस कॉटेज बने हुए हैं, जहां ठहरकर पर्यटक इस जगह की प्राकृतिक सुंदरता को करीब से महसूस कर सकते हैं।





### जलक्रीड़ा का रोमांच और गहरी शांति

रिजॉर्ट तक पहुंचने का अनुभव भी अपने आप में अलग है। मुख्य परिसर से लगभग 700 मीटर पहले वाहन पार्क करना पड़ता है। इसके बाद पैदल या ई-कार्ट से एक लोहे के पुल को पार करते हुए इस टापू तक पहुंचना होता है। पुल पार करते ही सामने खुलती है एक शांत दुनिया चारो ओर फैली जलराशि और बीच में मखमली हरियाली से घिरा छोटा-सा टापू। कॉटेज के कमरे का पर्दा हटाते ही दूर तक फैला पानी दिखाई देता है और दरवाजा खोलते ही सामने हरी घास का खुला मैदान। यहां प्रकृति और आधुनिकता का संतुलित मेल दिखाई देता है। एक ओर बोटिंग और जलक्रीड़ा का रोमांच है, तो दूसरी ओर गहरी शांति।

### क्षितिज पार उगता लाल सूरज

कई वर्षों बाद यहां आकर मैंने सूर्यास्त और सूर्योदय दोनों देखे। सूर्योदय देखने की उत्सुकता इतनी थी कि जिस व्यक्ति को सामान्य दिनों में सुबह नौ बजे उठना भी कठिन लगता है, वह उस दिन पांच बजे ही उठ गया। सुबह की ओस से भीगी घास पर नंगे पैर टहलते हुए अचानक मन दार्शनिक हो उठा। चारों ओर जल से घिरे उस टापू पर मेरे साथ एक दुबला-सा आवारा श्वान भी टहल रहा था। तभी मन में एक प्रश्न उठा आखिर कितने दिनों बाद मेरे पैरों ने मिट्टी को सीधे छुआ है? मिट्टी में जन्मा, धूल भरे गांव की गलियों में खेला और शहर की गर्म सड़कों पर मीलों पैदल चला मनुष्य कब अपने और धरती के बीच इतनी दूरी बना बैठा, शायद इसका एहसास हमें ऐसे ही क्षणों में होता है। उसी समय क्षितिज के उस पार से उगते हुए लाल सूर्य ने जैसे इस विचार यात्रा को विराम दिया। मन में तुलसीदास की पंक्तियां स्वतः गूंज उठीं "छिति जल पावक गगन समीरा, पंच रचित अति अधम सरीरा।" मैं उस क्षण को अपने कैमरे में कैद करने लगा। कुटनी आइलैंड उन जगहों में से है, जहां यात्रा केवल पर्यटन नहीं रह जाती। कभी-कभी ऐसी यात्राएं हमें नई जगहें नहीं दिखातीं, बल्कि हमारी खोई हुई अनुभूतियों को वापस लौटा देती हैं। इस यात्रा ने मुझे लौटाकर दी, मेरे पैरों के नीचे की मिट्टी।



---

जॉब का पहला दिन

## डर, सीख और एक नई शुरुआत

उस दिन मैं थोड़ी सी डरी हुई थी, क्योंकि ये मेरी पहली जॉब थी और पहला ही दिन। सुबह ठीक 10 बजे मैं ऑफिस पहुंची। हाथ में एक छोटा सा बैग था, जिसमें नोटबुक, पेन और एक हल्की सी घबराई हुई मुस्कान छुपी हुई थी। बाहर से न्यूज चैनल का ऑफिस जितना शांत और सामान्य लगता है, अंदर कदम रखते ही उतनी ही तेज रफ्तार और हलचल महसूस होती है। जैसे ही मैं अंदर गई, सबसे पहला झटका लगा- चारों तरफ चमकते मॉनिटर्स, हर स्क्रीन पर अलग-अलग न्यूज चल रही थी। कोई स्क्रिप्ट लिख रहा था, कोई फोन पर बात कर रहा था, तो कोई ब्रेकिंग न्यूज की तैयारी में लगा था। हर कोई अपने काम में इतना डूबा हुआ था कि समय जैसे दौड़ रहा हो। थोड़ी ही देर में मैनेजर ने मुझे टीम लीडर और बाकी टीम से मिलवाया। उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, "पहले दिन बस देखो और समझो, असली काम कल से शुरू होगा।" उनकी बात सुनकर थोड़ी राहत भी मिली और उत्साह भी बढ़ गया। फिर मुझे एक डेस्क पर बैठा दिया गया, जहां एक सीनियर रिपोर्टर काम कर रहे थे। उन्होंने मुझे बड़े ही सहज तरीके से न्यूजरूम के बेसिक्स समझाने शुरू किए, कैसे स्टोरी आइडिया बनता है, कैसे फील्ड में जाकर रिपोर्टिंग की जाती है और सबसे अहम, डेडलाइन का क्या मतलब होता है। उनके हर शब्द में अनुभव झलक रहा था और मैं हर बात ध्यान से सुन रही थी।



पूनम मौर्य
हल्द्वानी

कुछ देर बाद मुझे पहला छोटा सा काम मिला-एक खबर की रिसर्च। समय सिर्फ 10 मिनट था। मैंने तुरंत गूगल पर सर्च करना शुरू किया, लेकिन सीनियर ने रोकते हुए कहा, "गूगल सब कुछ नहीं बताता, असली खबर जमीन से मिलती है। हमारे लोकल रिपोर्टर से बात करो।" तभी मुझे समझ आया कि यहां सिर्फ स्पीड ही नहीं, बल्कि सटीकता भी उतनी ही जरूरी है। दोपहर में थोड़ा ब्रेक मिला, लेकिन दिमाग अब भी उसी माहौल में उलझा हुआ था। ब्रेक के बाद एडिटर-इन-चीफ आए और उन्होंने दिन की बड़ी खबरों पर चर्चा की। कौन-सी स्टोरी फोकस में रहेगी, कौन एंकर क्या करेगा, किस खबर के लिए ग्राफिक्स बनेंगे-सब कुछ बड़ी तेजी से तय हो रहा था। मैं बस चुपचाप सब देखती और सीखती रही, मन में एक सपना लिए कि एक दिन मैं भी अपनी पहली रिपोर्टिंग करूंगी। शाम को जब पहला दिन खत्म हुआ, तो शरीर थका हुआ था, लेकिन दिल बेहद खुश था। घर लौटते वक्त एक बात साफ समझ आ गई कि न्यूज चैनल में काम करना सिर्फ एक नौकरी नहीं, बल्कि एक जुनून है। यहां हर दिन नया होता है, हर खबर एक नई कहानी लेकर आती है और सबसे बड़ी सीख यही है कि यहां समय किसी के लिए नहीं रुकता।




---

# वैश्विक संस्कृति का प्रतीक बार्बी डॉल

आखिर कौन है, जिसने 'बार्बी डॉल' का नाम नहीं सुना है? बार्बी वह गुड़िया रही है, जिसने छोटे बच्चों विशेषकर लड़कियों की खेलने की दुनिया ही बदल दी। बार्बी ने अब तक बच्चों की कल्पनाओं, करियर और बदलाव का सफर तय किया है। कौन जानता था कि बार्बी दुनिया में इतनी प्रसिद्ध हो जाएगी। यह खिलौना मात्र नहीं है, बल्कि यह तो बच्चों के अनगिनत सपनों की गुड़िया है। इसकी लोकप्रियता के तो कहने ही क्या हैं? सच तो यह है कि बार्बी ने समाज पर अपनी अमिट छाप छोड़ी है।



बार्बी गुड़िया जब 1959 में पहली बार न्यूयॉर्क खिलौना मेले में प्रस्तुत की गई, तब उसका रूप उस समय की अन्य गुड़ियाओं से बिल्कुल अलग था। दरअसल, उस दौर में ज्यादातर गुड़ियाएं छोटे बच्चों या शिशुओं के रूप में बनाई जाती थीं, लेकिन बार्बी को एक युवती के रूप में डिजाइन किया गया था। उसका शरीर किसी वयस्क महिला जैसा था, लंबे पैर, पतली कमर और स्टाइलिश व्यक्तित्व के साथ उसे एक फैशन मॉडल की तरह बनाया गया था।



सुनील कुमार महला
लेखक

बार्बी ने काले-सफेद धारीदार (ब्लैक एंड व्हाइट) स्विमसूट पहना हुआ था। उसके बाल सुनहरे या भूरे रंग के पोनीटेल स्टाइल में थे। इतना ही नहीं, उसके पैरों में हाई हील सैंडल और कानों में छोटे-छोटे ईयररिंग्स थे, जिससे उसका रूप आधुनिक और फैशनेबल दिखाई देता था। उस समय उसकी आंखें हल्की-सी नीचे की ओर झुकी हुई दिखाई देती थीं, जिन्हें बाद में बदलकर सामने देखने वाला बनाया गया। बार्बी का यह रूप उस समय की लड़कियों के लिए खास था, क्योंकि वे उसके माध्यम से खुद को भविष्य में अलग-अलग भूमिकाओं में कल्पना कर सकती थीं। यही कारण है कि यह गुड़िया जल्द ही बेहद लोकप्रिय हो गई और खिलौनों की दुनिया में एक नया अध्याय शुरू हुआ।

9 मार्च 1959 को अमेरिकी खिलौना कंपनी मैटल ने इस गुड़िया यानी कि बार्बी डॉल को मेले में प्रस्तुत किया था तथा इसका निर्माण कंपनी की सह-संस्थापक रूथ हैंडलर द्वारा किया गया था। दरअसल, उन्होंने यह देखा कि उस समय बाजार में मिलने वाली अधिकांश गुड़ियाएं छोटे बच्चों के रूप में बनाई जाती थीं, जबकि लड़कियां खेलते समय खुद को बड़े होकर अलग-अलग भूमिकाओं जैसे कि डॉक्टर, शिक्षक, वैज्ञानिक, खिलाड़ी या अन्य पेशों में कल्पना में देखना चाहती थीं। न्यूयॉर्क टॉय फेयर में जब बार्बी ने अपना डेब्यू किया, तो उसने खिलौनों की दुनिया को नई दिशा दी। लॉन्च होते ही यह गुड़िया बेहद लोकप्रिय हो गई और धीरे-धीरे केवल एक खिलौना नहीं, बल्कि एक वैश्विक सांस्कृतिक प्रतीक बन गई। समय के साथ इसके हजारों अलग-अलग रूप बनाए गए, जिनमें विभिन्न देशों की पोशाकें, जीवन-शैलियां और अनेक पेशे भी शामिल किए गए और इसी ऐतिहासिक शुरुआत की स्मृति में हर वर्ष 9 मार्च को 'बार्बी दिवस' मनाया जाता है, जब दुनिया भर में खिलौना प्रेमी, संग्राहक और बच्चे कार्यक्रमों, प्रदर्शनों और सोशल मीडिया के माध्यम से बार्बी की लोकप्रियता का उत्सव मनाते हैं।

बार्बी गुड़िया के बारे में कई ऐसे रोचक तथ्य भी हैं, जो बहुत कम लोगों को पता हैं। सबसे पहले, बार्बी का पूरा नाम बारबरा मिलिसेंट रॉबर्ट्स है, जो रुथ हैंडलर की बेटी बारबरा के नाम पर रखा गया था। इसी तरह बार्बी के बॉयफ्रेंड केन का नाम रुथ हैंडलर के बेटे केनेथ के नाम पर रखा गया। 1959 में जब पहली बार्बी लॉन्च हुई, तब इसकी कीमत लगभग 3 डॉलर थी, जबकि आज दुर्लभ और कलेक्टर एडिशन बार्बी गुड़ियाएं हजारों डॉलर में बिकती हैं।

### बार्बी की शुरुआती डिजाइन

बार्बी के शुरुआती डिजाइन की प्रेरणा जर्मनी की बिल्ड लिली डॉल (दुनिया की पहली आधुनिक फैशन गुड़ियों में से एक) से मानी जाती है, जो एक कॉमिक स्ट्रिप पर आधारित गुड़िया थी। इसे वर्ष 1955 में जर्मनी में बनाया गया था। यह गुड़िया मूल रूप से बच्चों के लिए नहीं, बल्कि वयस्कों के लिए बनाया गया था। उल्लेखनीय है कि इसका चरित्र जर्मनी के प्रसिद्ध अखबार बिल्ड में प्रकाशित एक कॉमिक स्ट्रिप की पात्र लिली पर आधारित था। दरअसल, बिल्ड लिली लंबी, पतली और फैशनेबल कपड़ों में दिखाई जाती थी तथा उसके सुनहरे बाल, हाई हील्स और आकर्षक कपड़े उसकी विशेष पहचान थे। अमेरिकी कंपनी मैटल की सह-संस्थापक रूथ हैंडलर ने यूरोप यात्रा के दौरान बिल्ड लिली गुड़िया देखी और बाद में इससे प्रेरित होकर, उन्होंने 1959 में प्रसिद्ध गुड़िया बार्बी बनाई। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि 1964 में मैटल ने बिल्ड लिली के अधिकार खरीद लिए और बाद में इसका निर्माण बंद कर दिया। दिलचस्प बात यह है कि पहली बार्बी ने ब्लैक-एंड-व्हाइट धारीदार स्विमसूट पहना था और उसकी आंखों की पुतलियां नीचे की ओर झुकी हुई थीं। बाद में 1971 में उसका लुक बदलकर उसे सामने देखने वाला बनाया गया। समय के साथ बार्बी डॉल में हमें अनेक करियर देखने को मिले। मसलन, डॉक्टर, पायलट, कंप्यूटर इंजीनियर, खिलाड़ी, वैज्ञानिक और राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार वगैरह-वगैरह। सच तो यह है कि बार्बी डॉल केवल और केवल फैशन डॉल ही नहीं रही, बल्कि उसने 250 से अधिक करियर अपनाए। यहां तक कि बार्बी डॉल ने 1965 में एस्ट्रोनॉट बार्बी का रूप भी अपनाया, जो इंसान के चंद्रमा पर पहुँचने (1969) से लगभग चार साल पहले ही महिलाओं की अंतरिक्ष यात्रा की कल्पना को दर्शाती थी। इतना ही नहीं, बार्बी में विविधता भी धीरे-धीरे जोड़ी गई। उपलब्ध जानकारी के अनुसार 1968 में क्रिस्टी बार्बी नाम की अश्वेत गुड़िया (बार्बी की सहेली) पेश हुई, जबकि 1980 में पहली आधिकारिक ब्लैक बार्बी लॉन्च की गई। आज बार्बी अलग-अलग नस्लों, संस्कृतियों और शारीरिक बनावट जैसे सुडौल, लंबी और छोटी में भी बनाई जाती है।

---

संस्मरण

## भविष्यफल




जब काम से छुट्टी हो, तो उदासीनता आ ही जाती है। कॉलेज की छुट्टियां चल रही हैं। समर ब्रेक ऐसा लग रहा है मानो जिंदगी पर ही ब्रेक लग गया हो। कुछ करने के लिए हो ही न और जब काम हो तो काम की थकान, हर रोज यही इच्छा होती है कि काश! आज छुट्टी मिल जाए। शायद हम इंसानों की फितरत ही ऐसी होती है, जो प्रत्यक्ष मिलता है, उसमें कभी खुश नहीं रहते। इसी उधेड़बुन में मैंने मन बदलने के लिए फोन चलाना शुरू कर दिया। कभी इंस्टाग्राम तो कभी फेसबुक, कभी यूट्यूब पर कहीं मन नहीं लगा।

मैंने फोन पटक दिया। क्या करूं! चलो मैगजीन ही पढ़ लेती हूं, कुछ न कुछ ज्ञानवर्धक तो मिल ही जाएगा। यही सोचकर मैं मैगजींस निकाली और पढ़ने लगी। मैगजींस पढ़ते-पढ़ते काफी समय बीत गया। अच्छे लेखों को पढ़कर मन भी खुश हो गया। सच में किताबें हमारी सबसे अच्छी दोस्त होती है। तभी डोर बेल बजी। "नैना" "ओ मम्मी आ गई।" मैंने दरवाजा खोला। मम्मी बाजार से आ गई थीं और साथ में उनकी सहेली रीना आंटी भी आई थीं। "क्या कर रही थी? इतनी देर से दरवाजा क्यों खोला। कब से बेल बज रही हूं। पानी भर के नहीं रखा? जरा थोड़ी देर के लिए कहीं चले जाओ पूरा घर अस्त-व्यस्त सा हो जाता है।" मम्मी बोले जा रहीं थीं। "वो मैं मैगजींस..." "क्या मैं-मैं पूरा घर फैला रखा है।" मम्मी ने मेरी बात बीच में ही काटते हुए कहा। "ओहो..छोड़ो भी.. बच्ची है.. इधर-उधर बिजी हो गई होगी, अब कर देगी।" आंटी ने मेरा बचाव किया और मुझे मम्मी की डांट से बचाया। रीना आंटी की बात सुनकर मम्मी कुछ नरम पड़ी।



श्रुति सुकुमार
लेखिका, बरेली

रीना आंटी बहुत ही खुशमिजाज व बिंदास किस्म की महिला है। हर जगह हंसी-खुशी का माहौल बना ही देती है। कोई ऐसी-वैसी बात हो, तो भी माहौल हल्का कर देती हैं। एकदम अप-टू-डेट रहती हैं। सोशल मीडिया पर भी एक्टिव हैं। यह बात अलग है कि ज्यादातर अपडेट्स वह खुद न कर, अपनी बेटी से करती हैं। यूं तो उनका फिगर भी थोड़ा ज्यादा ही है, फिर भी कपड़े फैशन के हिसाब से ही पहनती हैं। उन्हें पिछड़ा हुआ रहना बिल्कुल पसंद नहीं। आजकल तो प्लाजो और जींस जमकर पहन रही हैं। कुल मिलाकर वह एकदम आधुनिक है। मम्मी ने कहा- "नैना आंटी के लिए चाय तो बना लो।" रीना आंटी ने जोड़ते हुए कहा -" और साथ में पापड़ भी"।

रीना आंटी मेरी निकली भी मैगजींस पढ़ने लगीं। तभी अचानक कुछ पढ़कर रीना आंटी विचिलित सी हो उठीं। उनको एकदम उदास हो गईं। मानो दिल डूब सा गया हो। वह उदास हो गईं। मैं चाय लेकर आई। आंटी गुमसुम सी बैठी थीं।

"क्या हुआ आंटी? अचानक से आप इतनी परेशान क्यों लग रही हैं?" मैंने पूछा। आंटी बोली "अरे भविष्यफल में कुछ भी ठीक नहीं निकला है इसलिए मेरा मन बेचैन सा हो रहा है।" मम्मी ने कहा- "ओ हो, इन सब चीजों को कोई इतनी गंभीरता से थोड़ी नहीं लेना होता है।" आंटी ने बोला- "अरे कुछ तो सच्चाई होती ही होगी न"।

मैंने पूछा- "अच्छा क्या लिखा है, जरा पढ़िए तो।" "आपका पूरा माह संघर्ष भरा रहेगा। किसी प्रियजन से मनमुटाव हो सकता है। आमदनी कम होगी व खर्च बढ़ेंगे"। आंटी ने दुखी होते हुए पढ़ा। मम्मी ने मुंह बनाकर कहा- "अरे सब फालतू की बातें हैं।" लेकिन रीना आंटी व्याकुल थी। अनायास ही उनकी हंसी कहीं गुम हो गई थी। "ओफ्फो... आप लोग भी न छोड़िए यह सब।" आंटी मम्मी सही कह रही हैं, इन सबको इतनी गंभीरता से लेने की जरूरत नहीं है। आप खुद ही सोचिए एक ही राशि के कितने सारे लोग होते हैं। यह कोई एक व्यक्ति विशेष आपके लिए ही नहीं है। "कम ऑन आंटी! डोंट बी सिली।" मेरी बातों का आंटी पर कोई खास असर होता नजर नहीं आया। तभी मेरी नजर मैगजीन के कवर पेज पर पड़ी। "ओ माय गॉड! अब आप लोग अपनी मूर्खता ओर अंधविश्वास पर जोर से हंसने को तैयार हो जाइए, क्योंकि" मैंने मैगजीन उठाते हुए कहा। "यह मैगजीन दो महीने पुरानी है, तो यह भविष्यफल भी दो महीने पुराना हुआ यानी बीत चुका है।" "क्या!" रीना आंटी के चेहरे पर चमक लौट आई और वह हो-हो करके हंस पड़ी। फिर हम सभी ने सुकून से चाय नाश्ते का आनंद लिया।

## बिजनेस ब्रीफ

### वाणिज्यिक एलपीजी की आपूर्ति बढ़ी, प्रमुख उद्योगों को प्राथमिकता

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने राज्यों के लिए वाणिज्यिक एलपीजी के आवंटन में 20 प्रतिशत की वृद्धि की है। इस्पात और वाहन क्षेत्र सहित अन्य औद्योगिक जरूरतों को पूरा करने के लिए अब कुल कोटा बढ़कर युद्ध शुरू होने से पहले की मांग के 70 प्रतिशत स्तर पर पहुंच गया है। पेट्रोलियम सचिव नीरज मित्तल ने राज्यों के मुख्य सचिवों को लिखे पत्र में निर्देश दिया है कि इस अतिरिक्त आपूर्ति में इस्पात, वाहन, कपड़ा, रंग, रसायन और प्लास्टिक जैसे श्रम-प्रधान उद्योगों को प्राथमिकता दी जाए। ये क्षेत्र अन्य आवश्यक उद्योगों के लिए आधार का काम करते हैं।

### कूरियर सेवा के जरिए निर्यात पर प्रति खेप मूल्य सीमा समाप्त

**नई दिल्ली।** सरकार ने एक अप्रैल से कूरियर सेवा के जरिए निर्यात पर लागू मूल्य सीमा को हटाने की घोषणा की। वर्तमान में प्रति खेप 10 लाख रुपये की मूल्य सीमा लागू है। इस कदम से छोटे निर्यातकों और ईकॉमर्स आधारित निर्यात को मदद मिलने की उम्मीद है। विदेश व्यापार महानिदेशालय ने अधिसूचना में कहा, कूरियर सेवा के जरिए निर्यात पर प्रति खेप मूल्य सीमा एक अप्रैल 2026 से समाप्त कर दी जाएगी। बजट में सरकार ने कूरियर निर्यात पर प्रति खेप 10 लाख रुपये की मूल्य सीमा को पूरी तरह समाप्त करने की घोषणा की थी।

# विपक्ष का उद्योगों को राहत देने का आरोप सरकार बोली- हमें आम लोगों की चिंता

## वित्त विधेयक पर तीखी चर्चा, भाजपा सांसद ने कहा- सरकार ने कर आतंकवाद समाप्त किया

- कांग्रेस ने कहा- केंद्र की ओर से आम लोगों पर लादा जा रहा करों का बोझ

**नई दिल्ली, एजेंसी**

राज्यसभा में शुक्रवार को वित्त विधेयक, 2026 ओर विनियोग (संख्या-2) विधेयक, 2026 पर एक साथ चर्चा के दौरान विपक्ष ने सरकार पर बजट में जरूरतमंदों की अनदेखी करने का आरोप लगाया जबकि सत्तापक्ष ने कहा कि सरकार आम लोगों की चिंता कर रही है।

गुजरात से कांग्रेस के शक्ति सिंह गोहिल ने चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा कि वित्त विधेयक में सरकार ने जरूरतमंदों, किसानों और महिलाओं का ध्यान नहीं रखा है। वित्त वर्ष 2023-24 के आंकड़ों के हवाले से उन्होंने कहा कि जहां आयकर के प्राप्त राजस्व 26 प्रतिशत बढ़ा था वहीं जीडीपी के अनुपात में कॉरपोरेशन कर में कमी आई है। इसका मतलब है कि कर का बोझ आम लोगों पर डाला जा रहा है और उद्योगों को राहत दी जा रही है। उन्होंने कहा कि वित्त विधेयक में साल 2047 तक गुजरात के गांधीनगर स्थित गिफ्टी सिटी को कर में छूट दी गई है, जहां बड़े-बड़े लोग रहते हैं, लेकिन आम लोगों की, किसानों और महिलाओं को कोई राहत नहीं दी गयी है। कैग की रिपोर्ट का हवाला देते हुए गोहिल ने आरोप लगाया कि सरकार उपकर और अधिभार लगाकर घोषित उद्देश्य से इतर उसका इस्तेमाल कर रही है।

भाजपा के संजय सेठ ने कहा कि भारत इस समय सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बन गया है। आज पूरी दुनिया में पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ा दिये गए हैं जबकि भारत में उत्पाद शुल्क कम करके इनके दाम नहीं बढ़ने दिए गए हैं। यह दिखाता है कि सरकार आम लोगों की चिंता कर रही है। उन्होंने कहा कि आयकर देने वालों की संख्या बढ़ रही है जो सरकार में लोगों के विश्वास को दिखाता है। सरकार ने कर आतंकवाद को समाप्त कर व्यवसायियों को कर मुक्त किया है।



राज्यसभा में वित्त विधेयक पर चर्चा के दौरान बोलते तृणमूल सांसद डेरेक ओब्रायन।

### वित्त मंत्री भरोसा दिलाए, विधानसभा चुनाव के बाद भी नहीं बढ़ाए जाएंगे डीजल और पेट्रोल के भाव : तृणमूल

तृणमूल कांग्रेस के साकेत गोखले ने आरोप लगाया कि उत्पाद शुल्क में कटौती इसलिए की गयी है कि क्योंकि चार राज्यों में चुनाव हैं। यदि सरकार आम लोगों के बारे में सोचती तो पिछले चार साल से रूस से कम कीमत पर कच्चा तेल की खरीद का लाभ उन्हें देती जो नहीं किया गया। उन्होंने वित्त मंत्री से इस बात का आश्वासन मांगा कि चुनाव समाप्त होने के बाद भी पेट्रोल-डीजल की कीमत नहीं बढ़ाई जाएगी। उन्होंने संसद का सत्र होने के बावजूद प्रधानमंत्री के बयान जारी करने के बाद संसद में पश्चिम एशिया की स्थिति पर चर्चा न करने पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि यदि सरकार को इतनी ही चिंता होती तो रसोई गैस सिलेंडर के दाम 60 रुपये नहीं बढ़ाए जाते।

### भारत में धनवानों की दौलत, गरीबों की बढ़ रही है भुखमरी : द्रमुक सांसद

तमिलनाडु से द्रमुक के पी. विल्सन ने कहा कि बजट में आर्थिक असमानता कम करने के लिए कोई उपाय नहीं किया गया है। एक तरफ धनाढ्य लोगों की संपत्ति बढ़ रही है और दूसरी तरफ भुखमरी की रैंकिंग में भारत लगातार नीचे गिर रहा है। खाद्य सब्सिडी, ईंधन पर सब्सिडी और उर्वरक सब्सिडी कम की जा रही है। उन्होंने कहा कि गरीब कल्याण पर खर्च कम करके और आम लोगों पर बोझ डालकर राजकोषीय घाटा कम करना गलत है। उन्होंने कहा कि देश की आम गृहणी राजकोषीय घाटे का आंकड़ा नहीं देखती, वह चावल की कीमत देखती है। उन्होंने केंद्र पर तमिलनाडु के साथ भेदभाव का आरोप लगाते हुए कहा कि कई फंड सिर्फ कागज पर हैं, लेकिन राज्य को कोई पैसा नहीं मिला है। पिछले पांच साल में राज्य को कुछ भी नहीं दिया गया है जिसका जवाब विधानसभा चुनाव में जनता देगी।

## विदेशी मुद्रा भंडार 11.41 अरब डॉलर घटा, 698.3 अरब डॉलर पर आया



**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 20 मार्च को समाप्त सप्ताह में 11.413 अरब डॉलर घटकर 698.346 अरब डॉलर रह गया। विदेशी मुद्रा भंडार मुख्य रूप से स्वर्ण भंडार में भारी गिरावट की वजह से घटा है। भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक इसके एक सप्ताह पहले देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 7.05 अरब डॉलर घटकर 709.76 अरब डॉलर रहा था। विदेशी मुद्रा भंडार में 27 फरवरी को समाप्त हुए सप्ताह में 4.88 अरब डॉलर की वृद्धि हुई थी और यह अब तक के सबसे उच्चतम स्तर 728.49 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार, 20 मार्च को समाप्त सप्ताह के दौरान भंडार का प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 2.13 अरब डॉलर बढ़कर 557.69 अरब डॉलर हो गईं। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 13.49 करोड़ डॉलर घटकर 117.19 अरब डॉलर रह गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 6.5 करोड़ डॉलर घटकर 18.63 अरब डॉलर रह गया।

### चांदी 11,250, सोना 1,900 रुपये टूटा

**नई दिल्ली।** वैश्विक उथलपुथल के कारण राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को कीमती धातुओं में पांच प्रतिशत तक गिरावट आई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत 11,250 रुपये यानी लगभग पांच प्रतिशत लुढ़ककर सभी करों सहित 2,30,000 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई, जो बुधवार को बाजार बंद होने के समय 2,41,250 रुपये प्रति किलोग्राम थी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,900 रुपये यानी 1.3 प्रतिशत टूटकर सभी करों सहित 1,47,800 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। पिछली बाजार सत्र में सोने की कीमत 1,49,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।

## एनआईआईटी लर्निंग सिस्टम्स को दिया गया 14.93 करोड़ रुपये के आयकर का नोटिस

**नई दिल्ली।** कॉरपोरेट प्रशिक्षण समाधान प्रदान करने वाली एनआईआईटी लर्निंग सिस्टम्स लिमिटेड (एनआईआईटी एमटीएस) को आयकर विभाग से आकलन वर्ष 2023-24 के लिए 14.93 करोड़ रुपये की मांग को लेकर नोटिस मिला है।

कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को जानकारी दी, आयकर विभाग की आकलन इकाई ने वर्ष 2023-24 के लिए 14,93,39,220 रुपये (ब्याज सहित) की राशि की मांग को लेकर नोटिस जारी किया है। कंपनी ने कहा कि यह नोटिस गणना में स्पष्ट गलती के कारण आई है, जिसमें पहले से भरे गए करों का सही क्रेडिट शामिल नहीं था। कंपनी ने कहा, इससे उसके वित्तीय परिणामों या कारोबार पर असर नहीं पड़ेगा।

## आईफोन यूजर भी एक फोन पर चला सकेंगे दो व्हाट्सएप खाते

- व्हाट्सएप ने यूजर्स के लिए कई और भी नई सेवाएं पेश कीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**

मेटा के स्वामित्व वाले व्हाट्सएप ने कई नई सेवाएं शुक्रवार को पेश कीं। इनके तहत एप्पल आईफोन यूजर अब एक ही फोन पर दो खाते एक साथ चला सकेंगे। इसके अलावा तस्वीर संपादन और संदेश लिखने के लिए नए एआई उपकरण भी जोड़े गए हैं।

कंपनी ने कहा कि 'टू अकाउंट्स, वन फोन' सेवा जो पहले केवल एंड्रॉयड यूजर्स के लिए उपलब्ध थी अब आईओएस पर भी शुरू की जा रही है। व्हाट्सएप ने अपने ब्लॉग पोस्ट में कहा कि इस अपडेट के बाद यूजर्स को व्यक्तिगत एवं कामकाजी बातचीत के लिए दो अलग-अलग फोन रखने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। एप के नीचे वाले 'टैब' में दिखाई देने वाली प्रोफाइल तस्वीर के जरिये यूजर सक्रिय खाते की पहचान कर सकेंगे। जनरेटिव यानी सृजन से जुड़े एआई के बढ़ते उपयोग के बीच व्हाट्सएप ने मेटा एआई को सीधे चैट में एकीकृत किया है।

एआई उपकरण से जुड़ी संभावित सुरक्षा चिंताओं पर कंपनी ने जोर देते हुए कहा कि यूजर्स की चैट पूरी तरह निजी रहेंगी। कंपनी ने यह भी कहा कि मेटा एआई सेवाएं सभी यूजर्स को तुरंत उपलब्ध नहीं हो पाएंगी। नई सेवाओं में प्रेडिक्टिव स्टिकर के सुझाव भी शामिल हैं। टाइप करते समय इमोजी के स्थान पर सुझाया गया स्टिकर इस्तेमाल किया जा सकेगा। व्हाट्सएप ने कहा, नई सेवाएं चरणबद्ध तरीके से जल्द ही सभी यूजर्स के लिए उपलब्ध होंगे।

### तस्वीर भेजने से पहले कर सकेंगे एडिट

यूजर अब किसी तस्वीर को भेजने से पहले तस्वीर में सुधार कर सकते हैं, अनचाहे तत्व हटा सकते हैं, पृष्ठभूमि बदल सकते हैं या अलग-अलग शैली लागू कर सकते हैं। । इसके साथ क्रॉस-प्लेटफॉर्म चैट ट्रांसफर भी आसान बना दिया गया है। अब मंच आधिकारिक तौर पर आईओएस से एंड्रॉयड डिवाइस पर चैट हिस्ट्री (तस्वीर व वीडियो सहित) स्थानांतरित करने का समर्थन करता है।

## श्रमिक संगठन एक अप्रैल देश भर में को मनाएंगे काला दिवस

**नई दिल्ली।** केंद्रीय श्रमिक संगठनों के संयुक्त मंच ने सरकार की चार श्रम संहिताओं के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लेते हुए एक अप्रैल 2026 को काला दिवस के रूप में मनाने का शुक्रवार को आह्वान किया है।

सरकार ने वेतन संहिता 2019, औद्योगिक संबंध संहिता 2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्य परिस्थितियां संहिता 2020 समेत चार श्रम संहिताओं को 21 नवंबर 2025 को लागू किया है। इसके विरोध में केंद्रीय श्रमिक संगठनों और स्वतंत्र क्षेत्रीय महासंघों एवं संगठनों के मंच ने श्रमिक संघों से एक अप्रैल को काला दिवस के रूप में मनाने का आह्वान किया है। इसी दिन केंद्र सरकार ने चारों श्रम संहिताओं के लागू करने को लेकर नियमों को अधिसूचित करने की घोषणा की है।

## यूपी सरकार का बेंगलुरु के स्टार्टअप के साथ 25,000 करोड़ का समझौता रद्द

- कृत्रिम मेधा अवसंरचना विकसित करने के लिए किया था समझौता
- सरकार ने कंपनी की वित्तीय साख में कमी का हवाला देकर किया रद्द

**लखनऊ, एजेंसी**

उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में कृत्रिम मेधा अवसंरचना विकसित करने के लिए स्टार्टअप पुच एआई के साथ हस्ताक्षर किए गए 25,000 करोड़ रुपये के प्रस्तावित समझौता ज्ञापन (एमओयू) को रद्द कर दिया है। सरकार ने कंपनी की वित्तीय साख में कमी का हवाला देते हुए यह कदम उठाया है।

इन्वेस्ट यूपी की तरफ से बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया मंच के जरिए दी गई जानकारी में कहा गया है, राज्य सरकार द्वारा निर्धारित मानक प्रोटोकॉल के अनुसार 23 मार्च 2026 को पुच एआई के साथ हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन की समीक्षा की गई। निवेशक से आवश्यक विवरण मांगे गए, लेकिन वे समय पर उन्हें उपलब्ध कराने में विफल रहे।

बयान के अनुसार, उचित जांच पड़ताल से पता चला कि परियोजना के पैमाने के लिए निवेशक के पास पर्याप्त संपत्ति और विश्वसनीय वित्तीय व्यवस्था नहीं हैं। राज्य सरकार के निर्देशानुसार समझौता ज्ञापन से रद्द कर दिया गया है। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा गया है, उत्तर प्रदेश सरकार के मूल सिद्धांतों, पारदर्शिता और राजकाज में उच्चतम स्तर की सत्यनिष्ठा के हित में समझौता ज्ञापन रद्द किया गया है।

## वैधता खत्म होने के बाद भी डीएल में 30 दिन की छूट

- जन विश्वास विधेयक में शामिल किया गया राहत देने का प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** सरकार ने मोटर वाहन अधिनियम में संशोधन करने का प्रस्ताव रखा है। इसके तहत ड्राइविंग लाइसेंस की अवधि समाप्त होने के बाद 30 दिन की छूट अवधि दी जाएगी। इस दौरान लाइसेंस वैध बना रहेगा।

यह प्रस्ताव जन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) विधेयक, 2026 का हिस्सा है, जिसे शुक्रवार को लोकसभा में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने पेश किया। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के प्रवक्ता के अनुसार, अधिनियम के तहत 20 संशोधन प्रस्तावित हैं, जिनका उद्देश्य अधिनियम के कुछ नियमों में राहत देना और कानूनी अस्पष्टताओं को दूर करना है। विधेयक के प्रस्ताव के अनुसार, अब वाहन का पंजीकरण पूरे राज्य में किया जा सकेगा, किसी विशेष क्षेत्र तक सीमित नहीं रहेगा। इसके अलावा, यदि ड्राइविंग लाइसेंस की अवधि समाप्त होने के बाद नवीनीकरण के लिए आवेदन किया जाता है, तो लाइसेंस नवीनीकरण की तारीख से प्रभावी होगा, न कि समाप्ति की तारीख से। विधेयक में यह भी प्रस्ताव किया गया है कि लाइसेंस की अवधि समाप्त होने के बाद 30 दिन की छूट अवधि दी जाएगी, इस दौरान लाइसेंस वैध बना रहेगा।

### पंजीकरण रद्द करने की सूचना के लिए 30 दिन

इसके अलावा, विधेयक में वाहन पंजीकरण रद्द करने की सूचना देने की समय सीमा को 14 दिन से बढ़ाकर 30 दिन करने का प्रस्ताव है। इसी तरह, बीमा प्रमाणपत्र के हस्तांतरण के संबंध में बीमा कंपनी को जानकारी देने की अवधि भी 14 दिन से बढ़ाकर 30 दिन करने का प्रावधान शामिल है।

## रिलायंस इंडस्ट्रीज, मुकेश अंबानी के खिलाफ जांच की याचिका खारिज

- ओएनजीसी के बेसिन क्षेत्रों से अवैध रूप से गैस निकालने का था आरोप

**मुंबई, एजेंसी**



बंबई हाईकोर्ट ने शुक्रवार को रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और उसके चेयरमैन और प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी के खिलाफ सीबीआई जांच की मांग करने वाली याचिका खारिज कर दी। याचिका में आरोप लगाया गया था कि कंपनी ने सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ओएनजीसी के कृष्णा-गोदावरी बेसिन क्षेत्रों से प्राकृतिक गैस का अवैध रूप से निकाला गया है।

मुख्य न्यायाधीश श्री चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति सुमन श्याम की पीठ ने याचिकाकर्ता जितेंद्र मारू की याचिका को खारिज कर दिया। याचिकाकर्ता ने चोरी, बेईमानी, गबन और आपराधिक विश्वासघात जैसे अपराधों के लिए प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की थी। अदालत के आदेश की प्रति अभी उपलब्ध नहीं हुई है। जितेंद्र मारू के अनुसार, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने 2004 से 2013 के बीच बड़े पैमाने पर संगठित धोखाधड़ी करते हुए अपने अनुबंधित गहरे समुद्री कुओं से ड्रिलिंग कर ओएनजीसी के क्षेत्रों के पास स्थित कुओं से अवैध रूप से प्राकृतिक गैस निकाली। याचिका में दावा किया गया कि ओएनजीसी ने 2013 में इस अनधिकृत दोहन का पता लगाया था और इसकी सूचना भारत सरकार को दी थी।

जितेंद्र मारू ने याचिका में परामर्श कंपनी डीगोलियर एंड मैकनॉटन द्वारा की गई स्वतंत्र जांच और सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति ए. पी. शाह समिति की रिपोर्ट का हवाला दिया। इन रिपोर्टों में निष्कर्ष निकाला गया था कि रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने ओएनजीसी के भंडार से गैस निकाली थी।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# दिनहाटा और शीतलकुची के लोगों की बढ़ने लगीं धड़कनें

## भाजपा-टीएमसी के बीच चुनावी हिंसा के लिए दोनों क्षेत्र बदनाम

**कूचबिहार, एजेंसी**



- चुनावी के दौरान बम-गोली और आगजनी की घटना सामान्य बात

उत्तर बंगाल में कूचबिहार जिले के दिनहाटा और शीतलकुची विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान की तारीख 23 अप्रैल जैसे-जैसे करीब आ रही है, लोगों के बीच बेचैनी बढ़ने लगी है। पश्चिम बंगाल में राजनीतिक हिंसा के गढ़ माने जाने वाले इन इलाकों में लोग इसलिए आशंकित हैं, क्योंकि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और भाजपा के कार्यकर्ताओं के बीच छोटे-छोटे झगड़े कब बम और गोलियों के साथ बड़े सड़क संघर्ष में बदल जाएं, इसका अंदाजा लगाना मुश्किल है।

दिनहाटा सीट से टीएमसी के मौजूदा विधायक व उत्तर बंगाल के विकास मंत्री उदयन गुहा फॉरवर्ड ब्लॉक के वरिष्ठ नेता और छह बार विधायक रहे कमल गुहा के पुत्र हैं जो 2011 से लगातार तीन बार विधायक हैं। साल 2021 में गुहा केवल 57 वोट से प्रमणिक से हार गए थे, लेकिन उपचुनाव में उन्होंने 1.6 लाख से अधिक मतों के अंतर और 84 प्रतिशत वोट हासिल करके वापसी की। साल 2021 के चुनाव के बाद हुई हिंसा के दौरान दिनहाटा में गुहा पर हमला हुआ था, जिसमें उनका हाथ टूट गया था। उन्होंने इसके लिए भाजपा को जिम्मेदार ठहराया था।

साल 2023 के पंचायत चुनावों में गोलीबारी हुई, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। मार्च 2025 में टीएमसी समर्थकों ने कूचबिहार दक्षिण से भाजपा के विधायक निखिल रंजन डे की कार पर दिनहाटा में हमला किया। अगस्त 2025 में दिनहाटा के सालमारा इलाके में भाजपा कार्यकर्ताओं के घरों में तोड़फोड़ की गई और कई लोग घायल हुए।

साल 2021 के चुनाव में दिनहाटा जैसा ही माहौल पास के शीतलकुची में भी दिखा था, जहां मतदान के दिन हिंसा में पांच लोगों की मौत हो गई थी। शीतलकुची के जोरपाटकी गांव में सीआईएसएफ के जवानों की गोलीबारी में चार युवकों की मौत हो गई थी। उसी दिन एक भाजपा समर्थक की भी गोली मारकर हत्या कर दी गई।

### इस बार एसआईआर को लेकर भी तनाव

इस तनावपूर्ण माहौल में एसआईआर को लेकर नया असंतोष उभर रहा है। इस प्रक्रिया के तहत लगभग 26,000 नाम या तो मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं या जांच के अधीन हैं। प्रभावित लोगों में 51 पूर्व बांग्लादेशी बस्ती के निवासी भी शामिल हैं, जिन्हें 2015 में भारत और पड़ोसी देश के बीच हुए ऐतिहासिक बस्ती आदान-प्रदान के बाद भारतीय नागरिक बनाया गया था। निर्वाचन आयोग के सामने इस बार भी हिंसामुक्त चुनाव कराने की बड़ी चुनौती है।

### चुनाव के रंग



तिरुवनंतपुरम में मतदाताओं के बीच सीपीआई एम नेता बृंदा करात।



हावड़ा में रामनवमी पर चुनाव प्रचार करते भाजपा प्रत्याशी रूद्रानिल।

## भाजपा सत्ता में लौटी तो असम में मियां समुदाय की कमर तोड़ देंगे : हिमंत

**ढाकुआखाना।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि अगर अगले महीने होने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाला गठबंधन सत्ता में वापस आता है, तो उनकी सरकार राज्य में बांग्लादेशी मियां समुदाय की कमर तोड़ देगी।

उन्होंने कहा कि सरकार एक मजबूत असमिया समाज के निर्माण के लिए काम करेगी और अवैध प्रवासी मूल निवासियों को चुनौती नहीं दे सकेंगे। लखीमपुर जिले के ढाकुआखाना में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए शर्मा ने कहा, हमने राज्य के मूल निवासियों के लिए बहुत मेहनत की है। जो लोग बांग्लादेश से आकर असम की जमीन और घरों पर अतिक्रमण कर रहे थे, हमने राजनीतिक रूप से उनके हाथ-पैर तोड़ दिए।

## डीजल-पेट्रोल पर अभी घटाया शुल्क चुनाव बाद सामने आएगी असलियत

- कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर कसा तंज, कहा- 30 अप्रैल तक इंतजार करें लोग

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने तेल विपणन कंपनियों की मदद के लिए पेट्रोल और डीजल पर सरकार की ओर से उत्पाद शुल्क घटाए जाने के बाद शुक्रवार को कहा कि यह घोषणा चार राज्यों एवं एक केंद्रशासित प्रदेश में विधानसभा चुनाव के कारण की गई है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने तंज कसते हुए कहा कि लोगों को 30 अप्रैल तक का इंतजार करना चाहिए।

पश्चिम बंगाल में 29 अप्रैल को दूसरे एवं अंतिम चरण का चुनाव संपन्न होगा। सरकार ने पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के कारण कच्चे तेल की वैश्विक स्तर पर बढ़ती कीमतों से निपटने में हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल), भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी) जैसी तेल विपणन कंपनियों की मदद करने के लिए पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क घटाकर तीन रुपये प्रति लीटर कर दिया है और डीजल पर इसे शून्य कर दिया गया है। रमेश ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, जब वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें गिरीं, जैसा कि पिछले 12 वर्षों में सात अलग-अलग मौकों पर हुआ, भारत में उपभोक्ता कीमतें कम नहीं हुईं। आज की घोषणा विधानसभा चुनाव के कारण है, 30 अप्रैल तक इंतजार करें।

कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, अगर आपने सोचा है कि सरकार ने आपकी जेब को राहत दी है तो आप गलत हैं। फिलहाल, डीलरों और उपभोक्ताओं के लिए कीमतें समान हैं।

## तमिलनाडु: अन्नाद्रमुक ने जारी की 127 उम्मीदवारों की दूसरी सूची

**चेन्नई।** तमिलनाडु में विपक्षी दल अन्नाद्रमुक ने विधानसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को अपने उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की, जिसमें कुछ विधायकों को बरकरार रखा गया है। इस सूची में कई पूर्व मंत्री और पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी भी शामिल हैं। ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) महासचिव के पलानीस्वामी ने 127 सीट के लिए उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की, जिनमें तिरुनेलवेली विधानसभा क्षेत्र भी शामिल है, जहां से भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन ने 2021 के चुनावों में जीत हासिल की थी। अन्नाद्रमुक ने इस निर्वाचन क्षेत्र से पार्टी के वरिष्ठ नेता थंजई एन गणेशराज को उतारा है। इससे पहले नागेंद्रन ने कहा था कि वह विरुधुनगर जिले की सत्तूर सीट से चुनाव लड़ेंगे। तमिलनाडु में राजग का नेतृत्व कर रही अन्नाद्रमुक 169 सीट पर चुनाव लड़ रही है। पार्टी ने पहली सूची में 23 सीट के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की थी।



हावड़ी में अपने क्षेत्र की गली में चुनाव प्रचार करने पहुंचे भाजपा प्रत्याशी उमेश राय।

### कमल के चुनाव चिह्न पर लड़ेगी टीएमसी एम

**चेन्नई।** पूर्व केंद्रीय मंत्री जीके वासन ने तमिल मनिला कांग्रेस (मूपनार) को आवंटित पांच सीट के लिए उम्मीदवार घोषित किए, जो राजग का घटक दल है। सांसद पारिवेंधर नीत इंडिया जननायक काची (आईजेके) ने दो प्रत्याशियों की घोषणा की। वासन ने कहा कि टीएमसी (एम) भाजपा के कमल चुनाव चिह्न पर लड़ेगी, आईजेके अन्नाद्रमुक के चिह्न दो पत्तियों पर उतरेगी।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### अमेरिका में हेलीकॉप्टर क्रैश, तीन लोगों की मौत

**हनालेई।** अमेरिका के हवाई द्वीप पर एक सुदूर समुद्र तट पर एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। काउई अग्निशमन विभाग ने बताया कि बृहस्पतिवार दोपहर कलालाऊ तट पर हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें एक पायलट और चार यात्री सवार थे। कलालाऊ तट दुर्गम क्षेत्र है जहां पैदल या नाव से ही पहुंचा जा सकता है। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई और दो अन्य को इलाज के लिए विलकॉक्स मेडिकल सेंटर ले जाया गया।

### मिसेज साउथ अफ्रीका विरुस्का ने पद छोड़ा

**जोहानिसबर्ग।** प्रतियोगिता के 24 साल के इतिहास में 'मिसेज साउथ अफ्रीका' का ताज पहनने वाली भारतीय मूल की पहली महिला विरुष्का सिंह ने, ताजपोशी के महज चार महीने बाद ही व्यक्तिगत और पारिवारिक कारणों" का हवाला देते हुए अपना पद छोड़ दिया है। नवंबर 2025 में सिंह की जीत को दक्षिण अफ्रीका में अल्पसंख्यक भारतीय समुदाय के प्रतिनिधित्व के लिए एक बड़ी उपलब्धि के रूप में देखा गया था। उनतालीस वर्षीय 'केमिकल इंजीनियर' और जलवायु परिवर्तन सलाहकार ने अपने इस फैसले के लिए व्यक्तिगत और पारिवारिक कारणों का हवाला दिया। सिंह ने एक बयान में कहा कि मैं इस मंच पर सेवा करने के अवसर और उन अविश्वसनीय महिलाओं के साथ खड़े होने का जो सौभाग्य मिला, उसके लिये आभारी हूं। यह निर्णय मेरा अपना है।

### अरुंधति को क्रिटिक्स सर्कल पुरस्कार

**वॉशिंगटन।** नोबेल पुरस्कार विजेता हान कांग के एक उपन्यास, कृत्रिम मेधा (एआई) एवं ओपनएआई पर करेन हाओ के शोध और लेखिका अरुंधति रॉय के एक संस्मरण को अमेरिका के वार्षिक नेशनल बुक क्रिटिक्स सर्किल पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। हान का उपन्यास वी डू नॉट पार्ट कोरियाई मुख्यभूमि के दक्षिण में स्थित जेजू द्वीप में 1948-1949 के विद्रोह की कहानी है, जिसमें हजारों लोग मारे गए थे। इस उपन्यास का अनुवाद ई. येवोन और पैज अनियाह मॉरिस ने किया है। पुरस्कारों की कथा समिति की अध्यक्ष हीथर स्कॉट पार्टिंगटन ने इस उपन्यास के बारे में कहा कि इसकी कहानी एक असरदार और थाम लेने वाले सपने की तरह मन में बस जाती है। लाइफटाइम अचीवमेंट श्रेणी का पुरस्कार लेखिका एवं पत्रकार फ्रांसेस फिट्जगेराल्ड को दिया गया।

### पाकिस्तान में लगे 5.1 तीव्रता भूकंप के झटके

**कराची।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत के कई इलाकों में शुक्रवार को 5.1 तीव्रता वाले भूकंप के झटके महसूस किए गए। हालांकि इसमें किसी के हताहत होने या नुकसान की कोई सूचना नहीं मिली है। मौसम विज्ञान कार्यालय के अनुसार, स्थानीय समयानुसार दोपहर 12 बजकर 36 मिनट पर आए भूकंप का केंद्र शाहदकोट से लगभग 74 किलोमीटर पश्चिम में, 14 किलोमीटर की गहराई पर था। स्थानीय पुलिस अधिकारी ने बताया कि लोग दहशत में अपने घरों और दुकानों से बाहर निकल गए। थाना प्रभारी करीम शाह ने कहा कि भूकंप के झटके तेज़ थे और पूरे शहर में महसूस किए गए। किसी के हताहत होने या नुकसान की सूचना नहीं मिली है।

### मेक्सिको की खाड़ी में तेल रिसाव फैला

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको की खाड़ी में मार्च की शुरुआत में हुआ तेल रिसाव 600 किलोमीटर से अधिक क्षेत्र में फैल गया, जिसमें सात प्राकृतिक संरक्षित क्षेत्र भी शामिल हैं। मेक्सिको के अधिकारियों ने बताया कि यह रिसाव एक अज्ञात जहाज और दो प्राकृतिक रिसाव स्रोतों से हुआ है। हालांकि, अधिकारियों ने पूर्वी राज्य वेराक्रूज के तट के पास हुए रिसाव से गंभीर पर्यावरणीय क्षति की आशंका से इनकार किया है।

# कोयला घोटाले में पूर्व सांसद विजय दर्डा को किया बरी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- कोर्ट ने उनके बेटे और पूर्व कोयला सचिव को भी किया आरोपमुक्त

राष्ट्रीय राजधानी की एक विशेष अदालत ने शुक्रवार को पूर्व सांसद विजय दर्डा, उनके बेटे देवेंद्र दर्डा और पूर्व कोयला सचिव एचसी गुप्ता को कोयला ब्लॉक आवंटन से संबंधित एक मामले में धोखाधड़ी, आपराधिक साजिश या कदाचार का कोई सबूत न मिलने के बाद बरी कर दिया। सीबीआई की विशेष न्यायाधीश सुनैना शर्मा ने मनोज कुमार जायसवाल और मैसर्स एएमआर आयरन एंड स्टील प्रालि. को भी बरी कर दिया।

सीबीआई ने कथित कोयला घोटाले के संबंध में 50 से अधिक मामले दर्ज किए थे। मौजूदा मामला महाराष्ट्र के बांदर में कोयला ब्लॉक आवंटन के संबंध में संघीय एजेंसी द्वारा दाखिल किए गए पहले आरोपपत्र से जुड़ा है। अभियोजन पक्ष के अनुसार, एएमआर आयरन एंड स्टील प्राइवेट लिमिटेड ने केंद्रीय कोयला मंत्रालय को कोयला ब्लॉक का आवंटन प्राप्त करने के लिए गुप्ता के साथ साजिश रचते हुए आवेदन में झूठी जानकारी प्रस्तुत की थी। अभियोजन पक्ष का आरोप था कि महाराष्ट्र से तत्कालीन राज्यसभा सदस्य दर्डा ने प्रधानमंत्री कार्यालय को पत्र लिखकर कंपनी को कोयला ब्लॉक आवंटित करने की सिफारिश की थी। हालांकि, अदालत ने सीबीआई के आरोपों को खारिज कर दिया।

## बहुत गंभीर और जटिल समस्या

भारत में मानव तस्करी एक ऐसी सामाजिक और कानूनी चुनौती बनकर उभरी है, जिसने न केवल राष्ट्रीय सीमाओं के भीतर बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी एक जटिल जाल बुन लिया है। हाल ही में सीबीआई द्वारा मुंबई से एक कुख्यात सरगना, सुनील नेल्लथु रामकृष्णन उर्फ कृष, की गिरफ्तारी ने इस घिनौने व्यापार के एक नए और भयावह चेहरे को बेनकाब किया है। मानव तस्करी केवल देह व्यापार या बंधुआ मजदूरी तक सीमित नहीं रह गई है। अब इसका विस्तार साइबर गुलामी और युद्ध क्षेत्र में जबरन भर्ती जैसे नए क्षेत्रों में हो गया है। यह अपराध आधुनिक दासता का ही एक रूप है, जहां इंसानों को एक वस्तु की तरह खरीदा और बेचा जाता है। गरीबी, बेरोजगारी और शिक्षा की कमी जैसे कारणों के साथ अब सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से लोगों को इस जाल में फंसाया जा रहा है।

## भारत में मानव तस्करी



### मुख्य कारण

- गरीबी और आर्थिक असमानता : जीविका के अवसरों की कमी लोगों को तस्करों के जाल में फँसा देती है।
- शिक्षा और जागरूकता का अभाव : ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में लोग अधिकारों और तस्करों के हथकंडों से अनजान होते हैं।
- रोजगार का लालच : बड़े शहरों या विदेशों में आकर्षक नौकरी दिलाने के बहाने युवाओं और महिलाओं को फुसलाया जाता है।
- सामाजिक कारण : लिंग आधारित भेदभाव और कुछ क्षेत्रों में असंतुलित लिंग अनुपात के कारण 'दुल्हन की खरीद-फरोख्त' जैसे मामले सामने आते हैं।

### समस्या की गंभीरता

- व्यापकता : अनुमानों के अनुसार, भारत में 20 से 65 मिलियन लोग मानव तस्करी से प्रभावित हो सकते हैं। ● सर्वाधिक प्रभावित : तस्करी के शिकार लोगों में लगभग 71% महिलाएँ और लड़कियाँ हैं।
- अपराध की स्थिति : वर्ष 2022 में भारत सरकार ने आईपीसी के तहत 2,250 तस्करी के मामलों की जांच की। ● न्यायिक चुनौती : तस्करी के मामलों में बरी होने की दर काफी अधिक है। साल 2022 में यह दर 81 प्रतिशत थी।

### क्या है साइबर गुलामी

- तस्करी का यह नया रूप बेहद खतरनाक है। पीड़ितों को थाईलैंड में डेटा एंट्री या कस्टमर केयर की नौकरी का झांसा दिया जाता है। बैंकॉक पहुंचने पर उन्हें अवैध रूप से म्यांमार की सीमा पार कराई जाती है। वहां उन्हें सशस्त्र गार्डों की निगरानी में रखा जाता है और भारतीयों या अन्य देशों के लोगों को डिजिटल फ्रॉड के जरिए ठगने के लिए मजबूर किया जाता है।

### संवैधानिक और कानूनी कवच

- संवैधानिक प्रावधान : अनुच्छेद 23 मानव तस्करी और जबरन श्रम को पूरी तरह प्रतिबंधित करता है।
- भारतीय न्याय संहिता 2023 : नई संहिता की धारा 143 के तहत तस्करी को दंडनीय बनाया गया है।
- अनैतिक व्यापार (रोकथाम) अधिनियम (आईटीपीए), 1956 : यौन शोषण के लिए तस्करी रोकने का मुख्य कानून।
- पॉक्सो अधिनियम, 2012 : बच्चों को यौन अपराधों से सुरक्षा प्रदान करता है।

### समाधान के कदम

- हर साल 30 जुलाई को विश्व मानव तस्करी निषेध दिवस मनाया जाता है। ● तस्करों के सिंडिकेट को तोड़ने के लिए एनआईए जैसी केंद्रीय एजेंसियां छापे मार रही हैं। ● तस्करी से बचाए गए लोगों के लिए सुरक्षित आश्रय, कानूनी सहायता और कौशल विकास की आवश्यकता है।

# रैपर से नेता बने बालेन ने नेपाल के 47वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली

## मधेश क्षेत्र से नेपाल के प्रधानमंत्री के पद तक पहुंचने वाले पहले व्यक्ति और सबसे युवा नेता

- राष्ट्रपति आवास पर राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने दिलाई शपथ

**काठमांडू, एजेंसी**



नेपाल में 'जेन जेड' के विरोध प्रदर्शन के कारण के पी शर्मा ओली नीत सरकार के सत्ता से अपदस्थ होने के छह महीने बाद शुक्रवार को बालेंद्र शाह 'बालेन' ने नेपाल के लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। रैपर से नेता बने राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के 35 वर्षीय नेता ने शीतल निवास स्थित राष्ट्रपति कार्यालय में अपराह्न 12 बजकर 34 मिनट पर 'शुभ मुहूर्त' में शपथ ली।

बालेन नेपाल में इस पद के लिए लोकतांत्रिक रूप से चुने गए सबसे युवा नेता हैं और वह मधेश क्षेत्र से प्रधानमंत्री के पद पर पहुंचने वाले पहले व्यक्ति भी हैं। उन्हें राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल ने संविधान के अनुच्छेद 76 (1) के अनुसार 47वें प्रधानमंत्री के रूप में शुक्रवार को नियुक्त किया। बालेन के अलावा, शुक्रवार को आयोजित समारोह में कई अन्य मंत्रियों ने भी शपथ ली। स्वर्णिम वागले ने वित्त मंत्री, शिसिर खनाल ने विदेश मंत्री और सूडान गुरुंग ने गृह मंत्री के रूप में शपथ ली। बालेन रक्षा मंत्रालय, उद्योग, वाणिज्य और आपूर्ति मंत्रालय का भी कार्यभार संभालेंगे।

वह पूर्व प्रधानमंत्री ओली के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार के पिछले साल सितंबर में सत्ता से बेदखल होने के बाद शपथ लेने वाले लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित पहले प्रधानमंत्री हैं। भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और सोशल मीडिया पर प्रतिबंध के खिलाफ युवाओं के नेतृत्व वाला 'जेन-जेड' विरोध प्रदर्शन हिंसक हो गया था जिसके बाद ओली सरकार गिर गई। बालेन के शपथग्रहण समारोह में हिंदू और बौद्ध धार्मिक परंपराओं का अनोखा संगम देखने को मिला। समारोह में विस्तृत धार्मिक अनुष्ठान किए गए। इस दौरान सात ब्राह्मणों ने शंखनाद किया, 108 हिंदू बटुकों या युवा ब्राह्मणों ने वैदिक मंत्रोच्चारण किया या स्वस्ति वाचन किया और 107 लामाओं ने मंगल वाचन अथवा बौद्ध धर्मग्रंथों का पाठ किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नेपाल के नए प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने पर बालेंद्र शाह को बधाई देते हुए कहा कि वह दोनों देशों के पारस्परिक हित में भारत-नेपाल संबंधों को और गहरा करने के लिए मिलकर काम करने के वास्ते उत्साहित हैं।

### भारत-नेपाल मित्रता होगी और मजबूत : मोदी

मोदी ने 'एक्स' पर एक संदेश में कहा कि बालेंद्र शाह को नेपाल के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने पर हार्दिक बधाई। आपकी नियुक्ति नेपाल की जनता द्वारा आपके नेतृत्व में जताए गए विश्वास को दर्शाती है। मैं हमारे दोनों देशों के लोगों के पारस्परिक हित में भारत-नेपाल मित्रता एवं सहयोग को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए आपके साथ निकटता से काम करने के वास्ते उत्साहित हूं। पांच मार्च को हुए आम चुनाव में काठमांडू के पूर्व महापौर ने झापा-5 निर्वाचन क्षेत्र से ओली को भारी अंतर से हराया था। आरएसपी ने चुनाव में प्रतिनिधि सभा की कुल 275 सीट में से 182 सीटों पर कब्जा करके प्रचंड विजय हासिल की।

### नवगठित सरकार ने कार्की आयोग की रिपोर्ट लागू करने का लिया निर्णय

**काठमांडू।** नेपाल की नवगठित सरकार ने गौरी बहादुर कार्की आयोग की रिपोर्ट को लागू करने का निर्णय लिया है और इसमें शामिल सिफारिशों के अनुरूप तत्काल कार्रवाई शुरू करने की घोषणा की है। समाचार पत्र कांतिपुर की एक रिपोर्ट के अनुसार, प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह के पदभार ग्रहण करने के बाद आयोजित हुई मंत्रिमंडल की पहली बैठक में यह फैसला लिया गया कि आयोग द्वारा 23 और 24 भाद्र की घटनाओं पर प्रस्तुत रिपोर्ट को लागू किया जायेगा। साथ ही, सुरक्षा एजेंसियों से संबंधित पहलुओं पर आगे अध्ययन के लिए एक अतिरिक्त समिति गठित की जायेगी। सरकार ने स्पष्ट किया कि आयोग की अन्य सिफारिशों को तुरंत प्रभाव से लागू किया जाएगा, जबकि सुरक्षा एजेंसियों से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत अध्ययन के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

## अल फलाह समूह अध्यक्ष को ईडी ने किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने दिल्ली में 45 करोड़ रुपये की जमीन को धोखाधड़ी से खरीदने से जुड़े धन शोधन के एक नए मामले में अल फलाह समूह के अध्यक्ष जवाद अहमद सिद्दीकी को फिर से गिरफ्तार किया है। सिद्दीकी (61) को पहली बार नवंबर 2025 में संघीय जांच एजेंसी ने धनशोधन के एक अलग मामले में गिरफ्तार किया था, जो उसके शिक्षण संस्थानों की मान्यता और प्रमाणन को गलत तरीके से प्रस्तुत करके छात्रों के साथ कथित धोखाधड़ी से जुड़ा है।

फरीदाबाद (हरियाणा) स्थित विश्वविद्यालय 10 नवंबर, 2025 को लाल किला के पास हुए विस्फोट से जुड़े एक सफेश पोश आतंकी मॉड्यूल की जांच के दौरान संदेह के घेरे में आया था। इस विस्फोट में 15 लोगों की मौत हो गई थी। विश्वविद्यालय से जुड़े अस्पताल के चिकित्सकों में से एक, डॉ. उमर-उन-नबी पर इस मामले में आत्मघाती हमलावर होने का आरोप है। उसी दिन विस्फोटक से भरी कार चलाते समय उसकी मौत हो गई थी। अधिकारियों ने बताया कि सिद्दीकी को नवीनतम मामले में 24 मार्च को तिहाड़ जेल से हिरासत में लिया गया था, जहां वह ईडी और दिल्ली पुलिस के मामलों में न्यायिक हिरासत में है।

# एनआईए को जांच पूरी करने को 45 दिन का और समय

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- लाल किला विस्फोट केस में कई आरोपियों की हिरासत भी बढ़ाई

दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को पिछले साल 10 नवंबर को लाल किले के पास हुए विस्फोट के संबंध में अपनी जांच पूरी करने के लिए 45 दिन का और समय दिया।

विशेष न्यायाधीश प्रशांत शर्मा ने एजेंसी को अतिरिक्त समय दिया और कई आरोपियों की न्यायिक हिरासत भी बढ़ा दी। अब तक आतंकवाद रोधी एजेंसी ने इस मामले में 11 गिरफ्तारियां की हैं। इससे पहले, 23 मार्च को एजेंसी ने समय बढ़ाने के लिए याचिका दायर की थी और इसका एक कारण यह था कि फरवरी में हुई नयी गिरफ्तारियों के कारण उसे पूरी साजिश की जांच के लिए और समय चाहिए। पिछले महीने एनआईए ने दिल्ली बम विस्फोट से संबंधित साजिश में सक्रिय रूप से शामिल होने के आरोप में जम्मू कश्मीर से जमीर अहमद अहनगर और तुफैल अहमद भट को गिरफ्तार किया था। उसी दिन एजेंसी द्वारा दायर एक आवेदन में कहा गया कि कई आरोपियों को उनके डिजिटल उपकरणों से हासिल की गयी कट्टरपंथी सामग्री की व्याख्या करने के लिए आमने-सामने पूछताछ करने की आवश्यकता है। उसमें कहा गया कि यहां जामिया मिल्लिया इस्लामिया के एक विशेषज्ञ से अनुरोध किया गया कि वह कट्टरपंथी सामग्री का गहन विश्लेषण करने के बाद एक व्याख्या रिपोर्ट प्रदान करें, ताकि अरबी भाषा में लिखी गई इन सामग्री की कट्टरपंथी या चरमपंथी प्रकृति का पता लगाया जा सके, जिनका उद्देश्य हिंसक जिहाद को बढ़ावा देना या प्रचारित करना और घरेलू रोजमर्रा की वस्तुओं और रसायनों के माध्यम से बम तैयार करना है।

### व्हाट्सएप समूहों की पूरी की गई पहचान

एजेंसी ने कहा कि आरोपियों द्वारा इस्तेमाल किए गए व्हाट्सएप समूहों की पहचान कर ली गई है और व्हाट्सएप समूह एजीयूएच (अंसार गजवत उल हिंद) के सदस्यों की पहचान से संबंधित जांच चल रही है। कहा गया है कि कानूनी निगरानी से प्राप्त विवरणों के संबंध में गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जाएगी। छह आरोपियों के संबंध में जांच रिपोर्ट का विवरण देते हुए कहा गया कि आमिर राशिद मीर ने वह पुरानी कार खरीदी थी, जिसका इस्तेमाल आत्मघाती हमले को अंजाम देने वाला डॉ. उमर कर रहा था।

# मंदिरों से चोरी की गईं मूर्तियां भारत को लौटाएगा अमेरिका

**वॉशिंगटन, एजेंसी**

- तमिलनाडु के मंदिरों से चोरी की गई थीं तीन प्राचीन मूर्तियां

अमेरिका स्थित स्मिथसोनियंस नेशनल म्यूजियम ऑफ एशियन आर्ट तमिलनाडु के मंदिरों से चोरी की गईं तीन प्राचीन मूर्तियां भारत को लौटाएगा। इन मूर्तियों को भारत के मंदिरों से चुराए जाने की बात शोध से स्थापित हो जाने के बाद यह फैसला किया गया।

अमेरिका में भारतीय दूतावास की उप प्रमुख नामग्या खम्पा ने नौवीं सदी की शिव नटराज कांस्य मूर्ति, 12वीं सदी की शिव एवं उमा की मूर्ति तथा 16वीं सदी की संत सुंदरार के साथ परवी की मूर्ति की वापसी के लिए यहां 'नेशनल म्यूजियम ऑफ एशियन आर्ट' (एनएमएए) के निदेशक चेस रॉबिन्सन के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।

अमेरिका स्थित भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा कि स्मिथसोनियंस नेशनल म्यूजियम ऑफ एशियन आर्ट से तीन अमूल्य प्राचीन वस्तुएं भारत वापस भेजी जा रही हैं: नौवीं सदी की शिव नटराज कांस्य मूर्ति, 12वीं सदी की शिव एवं उमा की मूर्ति तथा 16वीं सदी में संत सुंदरार के साथ परवी का चित्रण।

उसने बताया कि इन प्राचीन वस्तुओं की उत्पत्ति से जुड़े शोध के बाद संग्रहालय ने पाया कि इन्हें भारत से अवैध रूप से हटाया गया था।

शिव और उमा की मूर्ति, जिसे सोमस्कंद भी कहा जाता है और परवी के साथ संत सुंदरार की मूर्ति 1987 में आर्थर एम सैकलर द्वारा संग्रहालय को दान किए गए संग्रह का हिस्सा थीं।

## दिल्ली विस को तीसरी बार बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा को बृहस्पतिवार को लगातार तीसरे दिन बम से उड़ाने की धमकी मिली और इसकी सूचना पुलिस आयुक्त को दे दी गई। विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने सदन में यह बात कही। गुप्ता ने बताया कि विधानसभा में विस्फोट की धमकी देने वाले ईमेल की जांच के लिए पुलिस अधिकारी शुक्रवार को विधानसभा पहुंचे थे। ये ईमेल 24 मार्च एवं 26 मार्च के बीच प्राप्त हुए थे। गुप्ता ने कहा कि पुलिस से मामले की जांच में कोई ढिलाई न बरतने का अनुरोध किया गया है। अध्यक्ष ने कहा कि कुछ ईमेल अलग-अलग संगठनों ने व्यक्तिगत रूप से उन्हें भेजे हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत कर दिया है। विधानसभा सचिवालय को निर्देश दिया गया है कि सीसीटीवी कैमरों से पर्याप्त निगरानी की जाए और रिकॉर्ड रखने के लिए कंप्यूटरीकृत प्रवेश व्यवस्था रखी जाए।

# पश्चिम एशिया संकट पर भारत-कनाडा में वार्ता

- विदेशमंत्री जयशंकर की कनाडा की समकक्ष से हुई मुलाकात

**पेरिस, एजेंसी**

विदेश मंत्री एस जयशंकर और उनकी कनाडाई समकक्ष अनीता आनंद ने फ्रांस में जी7 बैठक के इतर मुलाकात कर पश्चिम एशिया संकट और उसके परिणामों पर प्रमुखता से चर्चा की। जयशंकर जी7 के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने बृहस्पतिवार को यहां पहुंचे।

कनाडा की विदेश मंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में बताया कि उन्होंने एवं जयशंकर ने जी7 बैठक से इतर मुलाकात की तथा दोनों नेताओं ने इस साल की शुरुआत में हमारी भारत यात्रा के दौरान हमारे प्रधानमंत्रियों द्वारा आगे बढ़ाई गई साझेदारी पर बातचीत की।उन्होंने कहा कि दोनों नेताओं ने व्यापार, पश्चिम एशिया में स्थिति और महत्वपूर्ण खनिज, कृषि एवं शिक्षा सहित उन प्रमुख क्षेत्रों पर भी चर्चा की जिनमें सहयोग को और गहरा किया जा सकता है। जयशंकर दो दिवसीय जी7 बैठक में पश्चिम एशिया संकट पर चर्चा करेंगे जिसमें यह सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा कि होर्मुज जलडमरूमध्य अंतरराष्ट्रीय नौवहन के लिए खुला रहे।

ईरान द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य को लगभग अवरुद्ध कर दिए जाने के बाद से वैश्विक स्तर पर तेल और गैस की कीमतों में उछाल आया है। यह फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी के बीच एक संकरा नौवहन मार्ग है, जिससे दुनिया के लगभग 20 प्रतिशत तेल और एलएनजी (तरलीकृत प्राकृतिक गैस) की आवाजाही होती है। पश्चिम एशिया, भारत की ऊर्जा खरीद का एक प्रमुख स्रोत रहा है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** — आज व्यापार में आपको सावधानी रखनी चाहिए। पुराने विवाद पुनः उभर के सामने आ सकते हैं। स्वास्थ्य थोड़ा कमजोर रहेगा।

**तुला** — आज महत्वपूर्ण सौदों के लिए समय बहुत ही शुभ है। कार्यक्षेत्र में अधिकारों में वृद्धि होगी। रुके हुए काम बन सकते हैं।

**वृष** — आज जॉब में परिवर्तन करने का विचार बना सकते हैं। आय के नए स्रोत विकसित होंगे। आपको धैर्यवान होकर काम करना चाहिए।

**वृश्चिक** — आज इच्छित लक्ष्यों को प्राप्त कर लेंगे। व्यवसाय में लाभ की स्थितियां बन सकती हैं। परिवार के साथ घूमने-फिरने की योजना बनाएंगे।

**मिथुन** — आज अधिकारियों के साथ टकराव हो सकता है। विदेश जाने के अवसर प्राप्त होंगे। धैर्य और आत्मविश्वास बनाए रखें।

**धनु** — आज करियर को लेकर थोड़ी चिंता और व्यग्रता रहेगी। लेन-देन को लेकर सावधानी रखें। आय और व्यय में संतुलन रखें।

**कर्क** — आज किसी बड़ी कंपनी से जॉब ऑफर हो सकती है। निजी रिश्तों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। धन से संबंधित समस्याओं का निवारण होगा।

**मकर** — आज अपनी जिम्मेदारियों के प्रति निष्ठावान रहें। समस्याओं का समाधान मिलेगा। अपने विचारों को दूसरों पर न थोपें।

**सिंह** — आज किसी पर अधिक विश्वास न करें। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र पढ़ाई पर ध्यान दें। शराब के सेवन से दूर रहें।

**कुंभ** — आज समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। संपत्ति में आपको लाभ होगा। आभूषणों पर आप धन खर्च करेंगे।

**कन्या** — आज आसपास के लोग आपसे अत्यंत प्रसन्न रहेंगे। मित्रों की सहायता करने से पीछे न हटें। मन की कोई दुविधा दूर होगी।

**मीन** — आज कारोबार में बड़ा आर्थिक लाभ हो सकता है। प्रेम संबंध में भी निजता का ध्यान रखें। बोलने से पहले आपको सोचना चाहिए।

**गंभीर समस्या** | रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राज्यसभा में सदस्यों के सवाल पर दी जानकारी

# देश में रेलवे की 1,068 हेक्टेयर जमीन पर अतिक्रमण

**नई दिल्ली, एजेंसी**

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को राज्यसभा को बताया कि देशभर में भारतीय रेल की लगभग 1,068 हेक्टेयर जमीन पर अतिक्रमण है, जो कुल 4.99 लाख हेक्टेयर भूमि का करीब 0.21 प्रतिशत है।

उच्च सदन में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का जवाब देते हुए वैष्णव ने कहा कि रेलवे की कुल भूमि में से लगभग 80 प्रतिशत पटरियों के पास और 5 प्रतिशत उसके आसपास है तथा शेष 15 प्रतिशत भूमि स्टेशनों, कॉलोनियों, अस्पतालों तथा अन्य विकास कार्यों के लिए उपयोग में लाई जाती है। उन्होंने कहा कि देश में रेलवे की लगभग 0.21 प्रतिशत भूमि पर अवैध अतिक्रमण है। मंत्री ने इसे गंभीर समस्या बताते हुए कहा कि समय-समय पर कार्रवाई की जाती रही है, लेकिन हर बार मानवीय दृष्टिकोण अपनाया जाता है, क्योंकि रेलवे की भूमि पर झुग्गियां मुख्य रूप से गरीब लोगों द्वारा बसाई गई हैं। उन्होंने बताया कि रेलवे भूमि की सुरक्षा के लिए कई तकनीकी कदम उठाए गए हैं, जिनमें भूमि का पूर्ण डिजिटलीकरण और इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड को पोर्टल पर उपलब्ध कराना शामिल है।



मंत्री ने कहा कि प्रत्येक भूखंड का उचित मानचित्रण कर उसे इलेक्ट्रॉनिक रूप से सुरक्षित किया गया है और ड्रोन व सैटेलाइट के माध्यम से सर्वेक्षण भी किया गया है। इससे नए अतिक्रमण को काफी हद तक रोकने में मदद मिली है।

उन्होंने सूरत का उदाहरण देते हुए कहा कि राज्य सरकार के सहयोग से अतिक्रमणकारियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास देने का आश्वासन दिया गया, जिसके बाद मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए भूमि खाली कराई गई और विकास कार्य आगे बढ़ाया गया।

### हाल के वर्षों में नए अतिक्रमण में आई काफी कमी


रेल मंत्री ने कहा कि हाल के वर्षों में नए अतिक्रमण में काफी कमी आई है और यह लगभग रुक गया है, जबकि पुराना अतिक्रमण मुख्य चुनौती बना हुआ है। मंत्री ने बताया कि पिछले पांच वर्षों में लगभग 98.02 हेक्टेयर रेलवे भूमि अतिक्रमण से मुक्त कराई गई है। उन्होंने कहा कि खाली पड़ी भूमि का उपयोग बुनियादी ढांचा विकास कार्यों के लिए किया जा रहा है।

## अमेरिकी डॉलर पर जल्द दिखेंगे ट्रंप के हस्ताक्षर

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हस्ताक्षर जल्द ही अमेरिकी मुद्रा (डॉलर) पर दिखाई देंगे और यह 1861 में डॉलर की शुरुआत के बाद से पहली बार होगा जब किसी मौजूदा राष्ट्रपति के हस्ताक्षर मुद्रा पर अंकित किए जाएंगे। अमेरिकी वित्त मंत्रालय के अधिकारी ब्रैंडन बीच ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि अमेरिका की 250वीं वर्षगांठ पर राष्ट्रपति डोनाल्ड जे ट्रंप के हस्ताक्षर वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट के हस्ताक्षर के साथ जल्द ही अमेरिकी मुद्रा पर दिखाई देंगे।

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 28 मार्च, शनिवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, दशमी 08.45 तक तत्पश्चात एकादशी।

**दिशाशूल**- पूर्व, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
**ताराबल**-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-पुष्य 14.50 तक तत्पश्चात अश्लेशा।

### सुडोकू - 101 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 6 | 7 | 9 | 4 | 2 | 3 | 8 |
| 8 | 4 | 7 | 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 3 | 2 | 8 | 5 | 6 | 4 | 1 | 7 |
| 6 | 9 | 8 | 5 | 3 | 1 | 7 | 2 | 4 |
| 4 | 2 | 3 | 6 | 7 | 9 | 5 | 8 | 1 |
| 7 | 1 | 5 | 4 | 8 | 2 | 3 | 6 | 9 |
| 2 | 6 | 4 | 9 | 1 | 5 | 8 | 7 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 3 | 6 | 7 | 9 | 4 | 2 |
| 3 | 7 | 9 | 2 | 4 | 8 | 1 | 5 | 6 |

### सुडोकू -102

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | 8 | | | 3 |
| 6 | | 8 | | | 1 | | | |
| | 7 | | 6 | | | | | 1 |
| | | 6 | | | 4 | 5 | | |
| | 9 | | | | | | 7 | |
| | | 1 | 8 | | | 3 | | |
| 4 | | | 3 | | 2 | | 9 | |
| | | | | | | 6 | | 2 |
| 3 | | | 9 | | 7 | | | |



> इस साल हॉकी विश्व कप और एशियाई खेलों के बीच अधिक अंतर नहीं होने के बावजूद भारतीय पुरुष हॉकी टीमें अलग-अलग नहीं उतारी जाएगी। दोनों टूर्नामेंट में टीम एक ही रहेगी।
> –क्रेग फुल्टोन, हॉकी टीम के मुख्य कोच


# स्टेडियम

कानपुर, शनिवार, 28 मार्च 2026

अमृत विचार
www.amritvichar.com


**IPL 2026**

**आज का मुकाबला**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु
बनाम
सनराइजर्स हैदराबाद

**समय** - शाम 7:30 बजे

## हाईलाइट

### ईरान ने अपनी टीमों को शत्रु देशों की यात्रा करने से प्रतिबंधित किया


**तेहरान।** ईरान ने अपनी खेल टीमों को उन देशों की यात्रा करने से प्रतिबंधित कर दिया है जिन्हें वह शत्रु मानता है। ईरान के सरकारी टीवी ने सऊदी अरब में उनके देश के फुटबॉल क्लब ट्रैक्टर एफसी के निर्धारित मैच से पहले गुरुवार को यह जानकारी दी। तेहरान में ईरान के खेल मंत्रालय द्वारा घोषित प्रतिबंध में विश्व कप फुटबॉल का कोई जिक्र नहीं किया गया है जो 11 जून से अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में शुरू हो रहा है। मंत्रालय के बयान में दुबई के शबाब अल अहली के खिलाफ सऊदी अरब में होने वाले ट्रैक्टर एफसी के मैच का विशेष रूप से उल्लेख किया गया है। यह एशियाई चैंपियंस लीग एलीट का प्लेऑफ मैच है।

### इटली ने उत्तरी आयरलैंड को हराया

**लंदन।** इटली ने प्लेऑफ के पहले मैच में उत्तरी आयरलैंड को 2-0 से हराकर विश्व कप फुटबॉल में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। चार बार के चैंपियन इटली को अब विश्व कप के लिए लगातार तीसरी बार क्वालीफाई करने से चूकने से बचने के लिए एक और मैच जीतना होगा। बर्गमो में खेले गए इस मैच में इटली की तरफ से सैंड्रो टोनाली ने दूसरे हाफ की शुरुआत में हाफ-वॉली शॉट से पहला गोल करके गतिरोध तोड़ा और फिर मोइसे कीन ने एक और गोल करके उसकी जीत सुनिश्चित की। बोस्निया और हर्जेगोविना, स्वीडन, पोलैंड, तुर्किए, कोसोवो, डेनमार्क और चेक गणराज्य भी मंगलवार को होने वाले प्लेऑफ फाइनल में जगह बनाने में कामयाब रहे। इटली को अब बोस्निया और हर्जेगोविना का दौरा करना होगा, जहां उसे अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में होने वाले विश्व कप में अपनी जगह पक्की करने के लिए हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी।

### एमबापे के गोल से फ्रांस ने ब्राजील को हराया

**फॉक्सबोरो (अमेरिका)।** स्टार स्ट्राइकर किलियन एमबापे के गोल की मदद से फ्रांस ने विश्व कप फुटबॉल से पहले एक महत्वपूर्ण मैत्री मैच में ब्राजील को 2-1 से हराया। एमबापे इस मैच से पहले घुटने की चोट से जूझ रहे थे लेकिन उन्होंने दिखाया कि फिलहाल वह इस समस्या से परेशान नहीं हैं। उन्होंने 65वें मिनट में मैदान छोड़ने से पहले एक महत्वपूर्ण गोल किया। स्टेडियम में मौजूद 66215 दर्शक ब्राजील का समर्थन कर रहे थे लेकिन एमबापे (32वें मिनट) और ह्यूगो एकितिके (65वें) ने गोल करके फ्रांस को उस मैदान पर 2-0 की बढ़त दिला दी, जहां वह विश्व कप के ग्रुप चरण के अपने अंतिम मैच में नॉर्वे का सामना करेगा। ब्राजील की तरफ से एकमात्र गोल ब्रेमर ने 78वें मिनट में किया लेकिन इससे वह हार का अंतर ही कम कर पाये। ब्राजील अब मंगलवार को ऑरलैंडो, फ्लोरिडा में क्रोएशिया के खिलाफ खेलेगा, जो इन दोनों टीम के बीच 2022 के विश्व कप क्वार्टर फाइनल के बाद पहला मुकाबला होगा।



# वैभव का सूर्य टीम इंडिया में चमकने को तैयार

खेल डेस्क

**अमृत विचार।** महज 14 वर्ष की उम्र में आईपीएल डेब्यू कर सुर्खियां बटोरने वाले युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी के लिए अब क्रिकेट के सभी प्रारूपों में अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलने का रास्ते खुल गए हैं। 27 मार्च 2011 को जन्मे वैभव सूर्यवंशी अब 15 साल के हो गए हैं। इसके साथ ही उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेलने की पात्रता पूरी कर ली है। यानी अब वह कभी भी भारत के लिए खेलते नजर आ सकते हैं।

दरअसल, अब तक वैभव सूर्यवंशी के अंतर्राष्ट्रीय डेब्यू के रास्ते में आईसीसी का एक अहम नियम 'खिलाड़ियों की सुरक्षा' बाधा बना हुआ था। इस नियम के अनुसार किसी भी खिलाड़ी को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेलने के लिए कम से कम 15 साल का होना जरूरी है। यह नियम 2020 में खिलाड़ियों के शारीरिक और मानसिक संतुलन को ध्यान में रखते हुए लागू किया गया था।

- **27 मार्च को 15 वर्ष की उम्र के साथ अंतर्राष्ट्रीय मैचों में पदार्पण का आईसीसी मानक पूरा किया**
- **आईपीएल-2025 में डेब्यू करने के बाद 35 गेंदों पर शतक जड़कर खूब बटोरी थीं सुर्खियां**

### तोड़ सकते हैं सचिन का रिकॉर्ड

वर्ष 2020 में पहली बार आईसीसी ने न्यूनतम आयु की आवश्यकता निर्धारित की थी। इससे पहले पाकिस्तान के हसन रजा ने 1996 में 14 वर्ष और 227 दिन की उम्र में डेब्यू कर सबसे कम उम्र के पुरुष टेस्ट क्रिकेटर होने का रिकॉर्ड बनाया था। हालांकि रजा का रिकॉर्ड अब भी सुरक्षित रहेगा। लेकिन वैभव सूर्यवंशी सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड को अब भी तोड़ सकते हैं। सचिन तेंदुलकर ने 16 साल और 205 दिन की उम्र में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू किया था।

### सूर्यवंशी के महत्वपूर्ण रिकॉर्ड

- आईपीएल ऑक्शन में बिकने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी हैं। नवंबर 2024 में हुए ऑक्शन में राजस्थान रॉयल्स ने 1.10 करोड़ में खरीदा था। तब वो सिर्फ 13 साल 8 महीने के थे।
- वैभव ने जब आईपीएल 2025 में अपना डेब्यू किया तो वो इस लीग में खेलने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने। तब उनकी उम्र सिर्फ 14 साल 23 दिन के थे।
- आईपीएल में सबसे कम उम्र का शतक लगाने का रिकॉर्ड भी वैभव के नाम है। उन्होंने 14 साल और 32 दिन की उम्र में गुजरात टाइटंस के खिलाफ 35 गेंदों में ये शतक लगाया था। जो आईपीएल में किसी भारतीय बल्लेबाज का सबसे तेज शतक है। आईपीएल इतिहास का दूसरा सबसे तेज शतक है। पहला नाम क्रिस गेल का है जिन्होंने महज 30 गेंदों पर सैकड़ा लगाया था।
- वैभव के नाम अंडर 19 वर्ल्ड कप फाइनल में सबसे तेज शतक और सबसे बड़े स्कोर का रिकॉर्ड है। उन्होंने 2026 के फाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ सिर्फ 80 गेंदों पर 175 रन ठोके थे।
- रोज कम से कम 600 गेंदें खेलकर उन्होंने उसे सफलता की सीढ़ी।

## फिर आया इंडिया का त्योहार, आईपीएल-2026 का आगाज आज से, 10 टीमें आजमाएंगी भाग्य

# आरसीबी की नजर खिताब बचाने पर सीएसके, केकेआर व मुंबई भी दावेदार

बेंगलुरु, एजेंसी

मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) शनिवार से यहां शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपना खिताब बचाने के लिए प्रतिबद्ध होगा जबकि कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर), चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और मुंबई इंडियंस अपनी खोई प्रतिष्ठा हासिल करने की कोशिश करेंगे।

आईपीएल में अगले दो महीनों में विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे दिग्गज खिलाड़ियों के साथ कुछ युवा खिलाड़ियों पर भी नजर रहेगी जो अच्छा प्रदर्शन करके अपनी छाप छोड़ने में कोई कसर नहीं रखेंगे।

आरसीबी टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच में चिन्नास्वामी स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद की मेजबानी करेगा और उसका लक्ष्य शानदार शुरुआत करना होगा। लेकिन इस मैच से पहले माहौल थोड़ा गंभीर बना हुआ है क्योंकि पिछले साल चार जून को आरसीबी के खिताब जीतने के जश्न के दौरान स्टेडियम के बाहर भगदड़ मचने से 11 लोगों की मौत हो गई थी।

कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ और आरसीबी प्रबंधन ने इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में जान गंवाने वाले लोगों की स्मृति को बनाए रखने के लिए कुछ कदम उठाए हैं। केएससीए ने स्टेडियम में 11 सीटें स्थायी रूप से खाली छोड़ने की घोषणा की है। इस स्टेडियम को आईपीएल मैचों की मेजबानी के लिए राज्य सरकार से अनुमति मिलने से पहले कई अनिश्चित महीनों का सामना करना पड़ा था। आरसीबी के खिलाड़ी पहले मैच के दिन अभ्यास सत्र के दौरान 11 नंबर की जर्सी पहनेंगे। जहां तक मैच का सवाल है तो आरसीबी और सनराइजर्स दोनों के पास गेंदबाजी संसाधनों की कमी है। आरसीबी को जोश हेजलवुड और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज यश दयाल के बिना खेलना होगा। दोनों ने 2025 के विजयी अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, लेकिन विभिन्न कारणों से इस वर्ष वे अधिकतर मैचों में बाहर रहेंगे। हेज़लवुड ऑस्ट्रेलिया में चोट से उबरकर पूरी तरह फिट होने के लिए प्रयास कर रहे हैं और वह बाद में टीम में शामिल हो सकते हैं। यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे दयाल पूरे सत्र से बाहर रहेंगे।

आरसीबी को अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार, स्पिनर क्रुणाल पंड्या, सुयश शर्मा और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मंगेश यादव पर काफी हद तक निर्भर रहना होगा। सनराइजर्स के कप्तान पैट कमिंस भी शुरुआती चरण में टीम में नहीं होंगे। ईशान किशन को कार्यवाहक कप्तान बनाया गया है। लेकिन सनराइजर्स के बैकअप विकल्प ज्यादा भरोसेमंद नहीं लगते। ब्रायडन कार्स, जयदेव उनादकट, हर्षल पटेल और हर्ष दुबे को सपाट पिचों पर कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है। दोनों टीमें अपनी गेंदबाजी की कमजोरी का बल्लेबाजी से भरपाई करना चाहेंगी। आरसीबी के पास विराट कोहली, टिम डेविड, फिल साल्ट, जैकब बेथेल, कप्तान रजत पाटीदार, रोमारियो शेफर्ड जैसे बल्लेबाज हैं जबकि सनराइजर्स के पास भी ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा, किशन और हेनरिक क्लासेन के रूप में धाकड़ बल्लेबाज हैं।





बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में अभ्यास सत्र के दौरान रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विराट कोहली और सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान ईशान किशन। एजेंसी

### मुंबई इंडियंस, चेन्नई सुपर किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के पास कुल मिलाकर 13 आईपीएल खिताब

मुंबई इंडियंस, चेन्नई सुपर किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के पास कुल मिलाकर 13 आईपीएल खिताब हैं। लेकिन पिछला सत्र उनके लिए अच्छा नहीं रहा था। मुंबई की टीम पिछले सत्र में चौथे स्थान पर रहकर प्लेऑफ में पहुंची थी। पांच बार की चैंपियन यह टीम अपने इस प्रदर्शन में सुधार करने की कोशिश करेगी। केकेआर और सीएसके क्रमश: आठवें और दसवें स्थान पर रहे थे। उन्होंने अपनी टीमों में काफी बदलाव किया है। सीएसके ने राजस्थान रॉयल्स के पूर्व कप्तान संजू सैमसन को टीम में शामिल किया तथा मैट हेनरी और नूर अहमद को भी टीम में जोड़ा है। सीएसके की टीम महेंद्र सिंह धोनी से संभवत: आखिरी बार शानदार प्रदर्शन की उम्मीद करेंगी, जिन्होंने आईपीएल में अपने भविष्य को लेकर संशय बनाए रखा है। केकेआर ने टिम सीफर्ट, फिन एलन, रचिन रविंद्र और कैमरन ग्रीन को शामिल करके अपनी बल्लेबाजी को मजबूती दी है।कप्तान अजिंक्य रहाणे शीर्ष क्रम में टीम को एकजुट रखने की भूमिका निभाएंगे और उप-कप्तान रिंकू सिंह को उस फिनिशर की भूमिका में ढलना होगा जो आंद्रे रसेल ने 2014 से लेकर पिछले साल संन्यास लेने से पहले तक निभाई थी। गेंदबाजी में उनके पास वरुण चक्रवर्ती और सुनील नारायण के रूप में दो तुरुप के पत्ते हैं, लेकिन उनका तेज गेंदबाजी विभाग कमजोर है।



### दिल्ली, पंजाब और लखनऊ को पहले खिताब की दरकार

राजस्थान रॉयल्स और गुजरात टाइटन्स अपने नाम पर एक और खिताब जोड़ने की कोशिश करेंगे, जबकि दिल्ली कैपिटल्स, पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपरजायंट्स अपना पहला खिताब जीतने के लिए मैदान पर उतरेंगे। इस आईपीएल में कोहली और रोहित पर भी नजर टिकी रहेगी। इन दोनों को कुछ भी साबित करने की जरूरत नहीं है लेकिन वे हमेशा की तरह दर्शकों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने की कोशिश करेंगे। कोहली ने पिछले साल आरसीबी की आईपीएल में पहली खिताबी जीत के साथ अपने शानदार रिकॉर्ड में एक और ट्रॉफी जोड़ ली। यह देखना दिलचस्प होगा कि यह खिलाड़ी अपने पूर्व के प्रदर्शन को दोहराने में सफल रहता या नहीं। कोहली की चुनौती खुद से भी होगी। जनवरी में न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू वनडे श्रृंखला के बाद उन्हें भरपूर आराम मिल चुका है। रोहित ने भी अपना आखिरी प्रतिस्पर्धी मैच न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था। एक बल्लेबाज के रूप में उन्होंने आईपीएल में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं किया है। इस 38 वर्षीय खिलाड़ी का किसी एक सत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 538 रन है। वह अपने इस रिकॉर्ड को सुधारना चाहेंगे और साथ ही मुंबई को उसका छठा खिताब दिलाने में भी अहम भूमिका निभाना चाहेंगे।

### विराट कोहली अब भी अपने खेल के शिखर पर है : मुख्य कोच एंडी फ्लावर

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के मुख्य कोच एंडी फ्लावर ने शुक्रवार को कहा कि आईपीएल के 18 साल में विराट कोहली का एक खिलाड़ी के तौर पर नयी ऊंचाइयों को छूने का जज्बा और भूख कम नहीं हुई है और वह अभी भी अपने खेल के शिखर पर है। कोहली ने पिछले साल आरसीबी के लिये सर्वाधिक 657 रन बनाये जिसकी मदद से टीम ने पहली बार खिताब जीता। फ्लावर ने मैच से पहले प्रेस कांफ्रेंस में कहा मैं उसे करीब से (कोहली को नेट्स पर बल्लेबाजी करते) देख रहा हूं। वह अपने खेल के शिखर पर है और सुपर फिट भी। वह जबर्दस्त फिट, छरहरा और जीत का भूख लग रहा है। उन्होंने कहा वह हमेशा से पक्का इरादा रखने वाला रहा है और मुझे लगता है कि वह जिस मानसिक और भावनात्मक स्थिति में वह है, उसमें एक इंसान के तौर पर खुद के साथ बहुत सहज है, लेकिन वह एक पेशेवर खिलाड़ी के तौर पर खुद को आगे बढ़ाने के लिए भी बहुत भूखा है। न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू वनडे श्रृंखला के बाद कोहली का यह पहला टूर्नामेंट होगा। फ्लावर ने हालांकि कहा, '' हमने इस अंतराल के बारे में बात की है। मुझे शीर्ष खिलाड़ियों को खेलने के अलावा अभ्यास करते देखने में बहुत मजा आता है। जब मैं खेलता था तब मैं सचिन को अभ्यास करते देखता था। अब कोच के तौर पर भी मुझे धुरंधरों को अभ्यास करते देखना अच्छा लगता है। उन्होंने कहा मैने कोहली को अभ्यास करते देखा है और मुझे लगता है कि वह अपने खेल के शिखर पर है। उसे पता है कि वह कम क्रिकेट खेल रहा है लेकिन वह अभी भी अपने खेल के शीर्ष पर है।



बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में अभ्यास सत्र के दौरान सनराइजर्स हैदराबाद के कोच डेनियल विटोरी (बाएं) और पैट कमिंस। एजेंसी

### ईशान किशन आत्मविश्वास से भरा खिलाड़ी और कप्तान है : विटोरी

**बेंगलुरु।** सनराइजर्स हैदराबाद के मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने शुक्रवार को कहा कि ईशान किशन को कार्यवाहक कप्तान बनाने का फैसला लेने में टीम प्रबंधन को हिचक नहीं हुई क्योंकि वह आत्मविश्वास से भरा खिलाड़ी और कप्तान है। नियमित कप्तान पैट कमिंस कमर की चोट के कारण आईपीएल 2026 के शुरूआती चरण से बाहर रहेंगे। विटोरी ने मैच की पूर्व संध्या पर कहा ईशान लंबे समय से आईपीएल खेल रहा है। वह कई टीमों के साथ खेला है और काफी सफल रहा है। उसमें आत्मविश्वास कूट कूटकर भरा है। उन्होंने कहा वह अंडर 19 टीमों और इस साल सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी जीतने वाली अपने प्रदेश की टीम का कप्तान रह चुका है। वह आत्मविश्वास से भरा खिलाड़ी और कप्तान है और यही देखकर उसे कप्तानी दी गई। अभिषेक और उसका तालमेल अच्छा है। दोनों अच्छे दोस्त हैं और टीम को बहुत अच्छी तरह से जानते हैं। कमिंस अगले पखवाड़े में कप्तानी के लिये लौट सकते हैं। उन्होंने कहा उसकी फिटनेस जबर्दस्त रही है और कुछ समय से खेल से बाहर होने के कारण उसके पास फिटनेस पर काम करने के लिए समय भी है। गेंदबाजी का कार्यभार ही चुनौती थी और उसे लेकर एक बार क्रिकेट आस्ट्रेलिया से मंजूरी मिलने के बाद वह अगले 10-12 दिन में आ सकता है।

# नवनीत और हार्दिक को हॉकी इंडिया वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार

नई दिल्ली, एजेंसी

- **जफर इकबाल को मेजर ध्यानचंद 'लाइफटाइम अचीवमेंट' पुरस्कार से नवाजा गया**

अनुभवी फॉरवर्ड नवनीत कौर और मिडफील्डर हार्दिक सिंह को यहां आठवें सालाना पुरस्कारों में वर्ष 2025 के सर्वश्रेष्ठ महिला और पुरूष खिलाड़ी का हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार दिया गया। दोनों खिलाड़ियों को पुरस्कार के तौर पर 20 लाख रुपये का चेक दिया गया। इसके साथ ही 1980 मॉस्को ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य रहे जफर इकबाल को मेजर ध्यानचंद 'लाइफटाइम अचीवमेंट' पुरस्कार से नवाजा गया।

वर्ष 2025 की सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का बलजीत सिंह पुरस्कार बिछू देवी खारीबम को दिया गया जबकि हॉकी इंडिया परगट सिंह सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर का पुरस्कार संजय ने जीता। वर्ष के सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर का अजित पाल सिंह पुरस्कार सुमित को और सर्वश्रेष्ठ फॉरवर्ड का धनराज पिल्लै पुरस्कार सुखजीत सिंह को मिला। सभी खिलाड़ियों को पांच पांच लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया।

सर्वश्रेष्ठ अंडर 21 खिलाड़ी का जुगराज सिंह पुरस्कार (पुरुष) चेन्नई में पिछले साल एफआईएच जूनियर विश्व कप में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम के गोलकीपर प्रिंसदीप सिंह को दिया गया। वहीं महिला श्रेणी में असुंथा लाकड़ा सर्वश्रेष्ठ उदीयमान खिलाड़ी का पुरस्कार साक्षी राणा को मिला। खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने खिलाड़ियों को पुरस्कार देने के बाद कहा कि पिछले दस साल में भारत में खेलों की संस्कृति बनी है और नया 'इकोसिस्टम' तैयार हुआ है।

हॉकी इंडिया वर्ष के सर्वश्रेष्ठ अंपायर का पुरस्कार सौरभ सिंह राजपूत को और सर्वश्रेष्ठ तकनीकी अधिकारी का पुरस्कार बिश्वरंजन सारंगी को मिला। हॉकी झारखंड को सर्वश्रेष्ठ प्रदेश हॉकी ईकाई चुना गया। भारतीय पुरुष हॉकी टीम को वर्ष 2025 में अंर्राष्ट्रीय मैचों में मिली जीत के लिए एक करोड़ 38 लाख रुपये और महिला टीम को 68 लाख रुपये दिये गए। इसके अलावा व्यक्तिगत उपलब्धियां हासिल करने वाले खिलाड़ियों को भी नकद पुरस्कार दिए गए।

**अचूक निशाना**

**एशिया कप विश्व रैंकिंग टूर्नामेंट के पहले चरण में किया शानदार प्रदर्शन**

# कंपाउंड तीरंदाजों का रहा दबदबा, भारत ने 10 पदक जीते

बैंकॉक एजेंसी

भारत के कंपाउंड तीरंदाजों ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शुक्रवार को यहां एशिया कप विश्व रैंकिंग टूर्नामेंट के पहले चरण में मिश्रित टीम का स्वर्ण पदक और महिला टीम का रजत पदक जीता और पुरुषों के व्यक्तिगत वर्ग में क्लीन स्वीप किया। भारत ने दोपहर के सत्र में रिकर्व वर्ग में दो रजत पदक भी जीते। इस तरह से उसने इस प्रतियोगिता में दो स्वर्ण, चार रजत और चार कांस्य पदक जीते। भारत ने कुल 10 पदक हासिल किए जो पिछली बार के आठ पदक से अधिक है। भारत ने हालांकि पिछली बार पांच स्वर्ण पदक जीते थे।

भारत को रिकर्व वर्ग में झटका लगा जिसमें कोई भी तीरंदाज स्वर्ण पदक हासिल नहीं कर सका, जबकि वे पुरुषों के व्यक्तिगत वर्ग और मिश्रित टीम स्पर्धा में खाली हाथ लौटे। दिन का मुख्य आकर्षण पुरुषों के कंपाउंड व्यक्तिगत वर्ग में क्लीन स्वीप रहा। उदय कंबोज ने रोमांचक फाइनल में हमवतन प्रथमेश जवकर को 145-144 से हराकर अपना पहला अंतरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक जीता, जबकि अनुभवी खिलाड़ी रजत चौहान ने कांस्य पदक हासिल किया। चौहान ने अंतिम सेट में अपने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए तीन सटीक तीर लगाकर स्थानीय खिलाड़ी पीरावत रत्तनपोंगकियात को 145-144 से हराया जिससे भारत इस स्पर्धा में क्लीन स्वीप करने में सफल रहा। भारत के दो 22 वर्षीय खिलाड़ियों के बीच हुए मुकाबले में कंबोज ने अधिक अनुभवी प्रथमेश जवकर के खिलाफ कड़े मुकाबले में 145-144 से जीत हासिल की।



इस मैच में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। जवकर दूसरे सेट के बाद 59-57 से आगे थे। कंबोज ने तीसरे सेट में 87-87 के स्कोर पर बराबरी करते हुए शानदार वापसी की और फिर चौथे सेट में जवकर की थोड़ी सी चूक का फायदा उठाते हुए 116-115 की बढ़त हासिल कर ली। इसके बाद उन्होंने अंतिम सेट में अपना संयम बनाए रखा और यादगार जीत हासिल की। अठारह वर्षीय तेजल साल्वे ने तटस्थ ध्वज के तहत प्रतिस्पर्धा कर रही रूसी तीरंदाज मारिया दिमिडियुक को 144-135 से हराकर महिला कंपाउंड व्यक्तिगत वर्ग में कांस्य पदक जीता। सुबह के सत्र का मुख्य आकर्षण चिकिता तनिपार्थी और रजत चौहान की शीर्ष वरीयता प्राप्त मिश्रित टीम जोड़ी थी जिन्होंने स्वर्ण पदक मुकाबले में दूसरी वरीयता प्राप्त मलेशिया को 158-156 से हराया। सटीकता और संयम से भरे इस मुकाबले में अंतर बहुत कम रहा क्योंकि भारत ने 16 तीरों में सिर्फ दो, जबकि मलेशिया ने चार अंक गंवाए। भारतीय जोड़ी ने लगातार चार 10 अंक हासिल करके शानदार शुरुआत की और बीच के चरण में कुछ मामूली चूक के बावजूद अपनी लय बरकरार रखी।

### महिला टीम ने सुधारा प्रदर्शन

भारतीय महिला टीम पिछली बार कांस्य पदक ही जीत पाई थी और इस तरह से उसने अपने प्रदर्शन में सुधार किया। भारत ने मजबूत शुरुआत की और 12 तीरों के बाद आधे चरण में 115-113 की बढ़त बना ली। तीसरे सेट में हालांकि भारतीय टीम का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा और वह 54 अंक ही बना सकी जबकि कजाखस्तान की टीम ने 58 अंक बनाए। इस तरह से उसने 171-169 की बढ़त हासिल कर ली। चौथे और अंतिम सेट में दोनों टीम ने समान 58 अंक बनाए और इस तरह से भारतीय टीम को तीसरे सेट के खराब प्रदर्शन के कारण रजत पदक से ही संतोष करना पड़ा। भारत ने रिकर्व स्पर्धा में दो रजत पदक भी हासिल किए।